आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 20°C |

इनसाइड न्यूज

महिला की हत्या कर लाश को बिस्तर में लपेटा, खेत में फेंका, सिर भी...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 10 अप्रैल, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 177 | www.janexpresslive.com/epaper



बंगाल में पीएम ने दी छह गारंटी 12

# टूटने की कगार पर सीजफायर?

## ईरान बोला, अमेरिका ने सीजफायर की 3 शर्तें तोड़ीं, अब बातचीत बेकार, ट्रम्प बोले, समझौते तक ईरान के आसपास आर्मी तैनात रहेगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तेल अवीव**

ईरान ने अमेरिका पर सीजफायर की तीन अहम शर्तें तोड़ने का आरोप लगाया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका ने 10-पॉइंट प्रस्ताव की बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है। ईरान ने साफ कहा है कि जिस आधार पर बातचीत होनी थी, वही पहले ही टूट चुका है। ऐसे में अब बातचीत या सीजफायर तर्कसंगत नहीं रह गया है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि जब तक ईरान के साथ हुआ समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, तब तक अमेरिकी सेना ईरान के आसपास तैनात रहेगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर चेतावनी दी कि अगर समझौते का पालन नहीं हुआ, तो फिर से गोलीबारी शुरू होगी, जो पहले से ज्यादा बड़ी, ताकतवर और विनाशकारी होगी। हालांकि उन्होंने कहा कि इसकी संभावना बेहद कम है, लेकिन अमेरिका पूरी तरह तैयार है।



### लेबनान में इजराइली हमलों से एक दिन में 254 मौतें

इजराइली सेना ने बुधवार को लेबनान में सैकड़ों मिसाइलों से हमला किया, जिसमें 254 लोगों की मौत हो गई। लेबनान की सिविल डिफेंस एजेंसी के मुताबिक, इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 1,165 लोग घायल हुए। इसके बाद देश में राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। हमले बेरूत, बेक्का वैली, माउंट लेबनान, सैदोन और दक्षिण लेबनान के कई गांवों में किए गए। यह हमला उसी दिन हुआ, जब अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच दो हफ्ते के सीजफायर का ऐलान किया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि यह हमला 2 मार्च से शुरू किए गए उनके नए सैन्य ऑपरेशन के बाद लेबनान पर अब तक का सबसे बड़ा हमला था। सेना के मुताबिक, इसमें हिजबुल्लाह के 100 से ज्यादा कमांड सेंटर और सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि लेबनान अमेरिका-ईरान सीजफायर का हिस्सा नहीं है। वहीं, मध्यस्थ पाकिस्तान का कहना है कि इस सीजफायर में लेबनान भी शामिल है। दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि लेबनान इस समझौते से अलग है और इसका हिस्सा नहीं है।

### ईरान का सीजफायर लेबनान तक बढ़ाया जाए

यूरोपियन यूनियन की विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हुआ युद्धविराम सिर्फ वहीं तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लेबनान तक भी बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेबनान के समूह हिजबुल्लाह को हथियार छोड़ने चाहिए। काजा कालास ने यह भी कहा कि इजराइल की हाल की कार्रवाइयों से यह युद्धविराम कमजोर पड़ रहा है। उनके मुताबिक, इजराइल के हमलों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है, जिससे यह कहना मुश्किल हो जाता है कि यह सिर्फ आत्मरक्षा के लिए किया गया था।

### ईरान बोला, यूरेनियम प्रोग्राम बंद नहीं करेंगे

ईरान के परमाणु ऊर्जा प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने साफ कहा है कि उनका देश यूरेनियम एनरिचमेंट प्रोग्राम बंद नहीं करेगा। दुश्मन ईरान के इस प्रोग्राम को रोकने में सफल नहीं होगा। इजराइल ने मेडिटेरेनियन सागर में मौजूद अपने समुद्री गैस प्लेटफॉर्म 'करिश' को फिर से चालू करने का फैसला लिया है। यहां जमीन के नीचे की प्राकृतिक गैस निकालकर उसे इस्तेमाल के लिए तैयार किया जाता है। 28 फरवरी को ईरान जंग शुरू होने के बाद सुरक्षा खतरे को देखते हुए इस प्लांट को बंद कर दिया गया था। इस प्लेटफॉर्म को चलाने वाली कंपनी एनरजियन ने कहा है कि उनका सबसे बड़ा ध्यान सुरक्षित कामकाज पर है और कोई खतरा न हो।

### लेबनान बोला, इजराइली हमलों में 200 से ज्यादा मौतें हुईं

लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री राकन नासरुद्दीन के मुताबिक, बुधवार को इजराइल के हमलों में 203 लोगों की मौत हो गई और 1000 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इससे पहले आंकड़ा 182 मौतों और 890 घायलों का था, लेकिन बाद में यह संख्या बढ़ गई। हालांकि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में मरने वालों की संख्या 250 से ज्यादा बताई गई है। जबकि 1100 से ज्यादा घायल बताए गए हैं। चीन ने मिडिल ईस्ट में स्थिरता लाने की जरूरत पर जोर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पक्षों को इस मौके का फायदा उठाकर शांति लानी चाहिए। चीन ने यह भी कहा कि वह तनाव कम करने और युद्ध को पूरी तरह खत्म करने के लिए अपनी कोशिशें जारी रखेगा।

### इटली ने सीजफायर के उल्लंघन की निंदा की

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने युद्धविराम के किसी भी उल्लंघन की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ के करीब पहुंच चुकी थी, लेकिन अब शांति का एक नाजुक मौका मिला है जिसे मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बहाल करना यूरोप के लिए बहुत जरूरी है। जंग शुरू होने के बाद पहली बार सऊदी अरब और ईरान के विदेश मंत्री ने फोन पर बात की। दोनों पक्षों ने हालात का जायजा लिया और क्षेत्र में तनाव कम करने तथा स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की।

### इजराइली मंत्री बोले, ईरान के साथ सीजफायर एक गलती है

इजराइल के मंत्री अमीचाई चिकली ने कहा कि ईरान के साथ युद्धविराम करना गलती है। ऐसे देशों के खिलाफ सख्ती जरूरी होती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह युद्धविराम ज्यादा दिन चलेगा या नहीं, इसकी संभावना सिर्फ 50% है। उन्होंने ईरान की तुलना जापानी साम्राज्य और नाजी जर्मनी से करते हुए कहा कि ऐसे देशों को पूरी तरह हराना जरूरी होता है।

### एक्सपर्ट बोले, होर्मुज में अभी भी हालात तनावपूर्ण

अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम होने के बाद भी मिडिल ईस्ट में हालात पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं। इलाके में अभी भी तनाव बना हुआ है। समुद्री मामलों के जानकार सी उदय भास्कर ने अल जजीरा से कहा कि होर्मुज स्ट्रेट के हालात अस्थिर हैं। ईरान क्या नए नियम लागू करेगा, यह साफ नहीं है इससे बाजार में भी डर का माहौल है। पहले इस रास्ते से रोज करीब 135 जहाज गुजरते थे, लेकिन अब बहुत कम जहाज जा रहे हैं। ईरान ने यह भी कहा है कि उसने समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं, इसलिए जहाजों को बहुत संभलकर चलना पड़ रहा है।

### ईरान में फिर से दूतावास खोलेगा स्पेन

स्पेन अपने तेहरान स्थित दूतावास को फिर से खोलेगा। विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इसे अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में शांति की कोशिशों का हिस्सा बताया। अल्बारेस ने कहा कि उन्होंने स्पेन के राजदूत को निर्देश दिया है कि वे तेहरान वापस जाएं, अपना काम फिर से संभालें और दूतावास को दोबारा खोलें, ताकि स्पेन हर संभव स्तर पर शांति की कोशिशों में हिस्सा ले सके यहां तक कि सीधे ईरान की राजधानी से भी।

### खामेनेई की मौत के 40 दिन पूरे होने पर लोग सड़कों पर उतरे



ईरान में पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 40 दिन पूरे होने पर देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान समेत कई शहरों में मस्जिदों से मुख्य चौकों तक जुलूस निकाले गए। लोगों ने सड़कों पर उतरकर 'चहलुम' मनाया। राजधानी तेहरान में जुलूस प्रमुख चौकों से होते हुए उस जगह तक पहुंचे, जहां खामेनेई की मौत हुई थी। शिया परंपरा में मौत के 40वें दिन का विशेष महत्व होता है। इसी के तहत ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में सरकार की ओर से बड़ी तैयारियां की गईं। बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखी गई। खामेनेई की मौत जंग के पहले दिन 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में हुई थी।

### 'सीजफायर और लेबनान में हमले साथ नहीं चल सकते'

ईरान ने कहा कलेबनान में हमले जारी रहते हुए सीजफायर की बात मंजूर नहीं है। ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने कहा कि अगर सीजफायर में लेबनान शामिल है, तो वहां इजराइल के हमले नहीं होने चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका का सहयोगी इजराइल लेबनान में बड़े पैमाने पर हिंसा कर रहा है। खातिबजादेह ने इन हमलों को जनसंहार बताया और कहा कि यह सीजफायर की भावना के खिलाफ है। हालांकि इजराइल का कहना है कि वह लेबनान में हिजबुल्लाह को निशाना बना रहा है।

### 15,400 टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज ग्रीन आशा




भारतीय झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन आशा' 15,400 टन गैस लेकर भारत पहुंचा है। होर्मुज स्ट्रेट पार कर यह जहाज गुरुवार को नवी मुंबई के जेएनपी (जवाहरलाल नेहरू पोर्ट) पर डॉक किया। इससे पहले 'ग्रीन सांवी' नाम का एक और भारतीय टैंकर भी होर्मुज पार कर चुका है। केंद्र सरकार ने कहा कि देश में एलपीजी सप्लाई सामान्य और नियंत्रण में है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 5 किलो के फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडरों की सप्लाई दोगुनी करने के निर्देश दिए हैं। इससे प्रवासी मजदूरों को आसानी से गैस मिल सकेगी। पेट्रोलियम सचिव पंकज मित्तल ने कहा कि अतिरिक्त सिलेंडर खास तौर पर प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाएंगे। इसमें ऑयल मार्केटिंग कंपनियां सहयोग करेंगी। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में कहीं भी एलपीजी या पेट्रोल की कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक दिन में 6500 टन कमर्शियल एलपीजी की बिक्री हुई। पिछले चार दिनों में 1300 जागरूकता कैंप लगाए गए, जिनमें 10,005 सिलेंडर बेचे गए। संघर्ष की शुरुआत में होर्मुज क्षेत्र में भारत के 28 जहाज मौजूद थे। इनमें से अब तक 10 जहाज सुरक्षित रूप से पार कर चुके हैं।

## सेंट्रल मार्केट: सुप्रीम कोर्ट ने नहीं दी राहत, सील किए 44 भवनों से हटेगा अवैध निर्माण, 15 दिन का दिया समय




**जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर**

सेंट्रल मार्केट के मामले में बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और केवी विश्वनाथ ने सुनवाई करते हुए 15 दिन में अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं। स्पष्ट कहा कि 15 दिन में फ्रंट के साथ ही साइड बैक भी छोड़ दें। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो 15 दिन में बुलडोजर के जरिए ध्वस्तीकरण किया जाएगा। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने 44 पूर्णतया व्यावसायिक निर्माण को सील करने के निर्देश दिए थे। इस पर बुधवार को आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह, एडीएम सिटी बृजेश सिंह की अगुवाई में टीम बनाकर सीलिंग की कार्रवाई की गई। अवमानना याचिका दाखिल करने वाले आरटीआई कार्यकर्ता लोकेश खुराना ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 15 दिन में अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा शमन की धनराशि जमा करने वाले व्यापारियों को भी राहत नहीं दी। कोर्ट ने व्यापारियों को आवास एवं विकास परिषद में जमा धनराशि वापस लेने के लिए आवेदन करने की हिदायत दी है। लोकेश खुराना के मुताबिक अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए इस आदेश को केवल प्रदेश तक सीमित न रखते हुए आंखें खोलने वाला केस भी करार दिया है। अब मामले में 14 जुलाई को सुनवाई होगी।

### सील किए थे 44 भवन

सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद बुधवार को आवास एवं विकास परिषद ने शास्त्रीनगर की सेंट्रल मार्केट में बड़ी कार्रवाई करते हुए 44 व्यावसायिक भवनों को पूरी तरह सील कर दिया था। भारी पुलिस बल और सात अलग-अलग टीमों के साथ चले इस अभियान के दौरान पूरे क्षेत्र में भारी तनाव और आक्रोश देखा गया। इस कार्रवाई के विरोध में संयुक्त व्यापार संघ के दोनों गुटों ने एकजुट होकर बृहस्पतिवार को मेरठ बंद का ऐलान किया था।

## ऑपरेशन हिम सेतु: भूस्खलन से सिक्किम में सैकड़ों सैलानी फंसे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गंगटोक**

उत्तर सिक्किम में लाचेन और चुंगथांग के बीच सड़क संपर्क भूस्खलन के कारण बाधित हो जाने से सैकड़ों पर्यटक फंस गए हैं। खराब मौसम और भारी बर्फबारी के बीच स्थिति गंभीर होते देख भारतीय सेना ने राहत और बचाव के लिए 'ऑपरेशन हिम सेतु' शुरू किया है। लाचेन क्षेत्र में अभी भी करीब 1,000 पर्यटक फंसे हुए हैं। अब तक 1321 पर्यटकों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। सेना की त्रिशक्ति कोर, जो पूर्वी सेना मुख्यालय के तहत कार्य करती है, ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावित इलाके में पहुंचकर राहत अभियान तेज कर दिया है। कठिन पहाड़ी हालात और लगातार बर्फबारी के बावजूद जवानों ने महत्वपूर्ण दर्रों को खोलने और वैकल्पिक रास्तों को सक्रिय करने में सफलता पाई है, जिससे फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने का रास्ता तैयार हो सका है।

## जौनपुर में केजीबीवी टेंडर निरस्तीकरण के बाद बढ़ी हलचल, जांच के घेरे में अधिकारी फर्में

- 6.45 करोड़ के टेंडर पर एक्शन के बाद विभाग में मचा हड़कंप; जिम्मेदारों की भूमिका खंगालने में जुटा प्रशासन

**जन एक्सप्रेस खबर का असर**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 6 करोड़ 45 लाख रुपये के खाद्यान्न टेंडर को निरस्त किए जाने के बाद अब पूरे मामले में हलचल और तेज हो गई है। जिला प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई के बाद बेसिक शिक्षा विभाग में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है और अब निगाहें जांच की दिशा और उसके परिणाम पर टिक गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, टेंडर निरस्तीकरण के तुरंत बाद विभागीय स्तर पर फाइलों की समीक्षा शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया से जुड़े सभी दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन स्तरों पर अनियमितताएं हुईं और इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

### जांच के दायरे में कई चेहरे!

बताया जा रहा है कि इस पूरे प्रकरण में न सिर्फ संबंधित फर्मों, बल्कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। शुरुआती स्तर पर जिन अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया, उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



जौनपुर-अंबेडकरनगर में टेंडर घोटाले पर 'डैमेज कंट्रोल' ऑपरेशन तेज

लखनऊ तक दौड़, नेताओं से सिफारिश का सहारा

2.66 करोड़ का टेंडर, 22,580 की बोली, यहीं से खुला खेल

जवाब तैयार करने में 'सेटिंग' का आरोप

जौनपुर में फंसी फाइल, सीडीओ स्तर पर अटका फैसला

फोन खंगालकर 'लीक मास्टर' की तलाश

### शासन की सख्ती से बढ़ा दबाव

मामला दैनिक समाचार जन एक्सप्रेस में प्रकाशित होने पर शासन स्तर तक पहुंचने के बाद सख्त रुख अपनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद ही जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए टेंडर को निरस्त किया।

### फर्मों को नोटिस, नई प्रक्रिया की तैयारी

टेंडर में शामिल सभी फर्मों को निरस्तीकरण की सूचना संबंधित की मोबाइल पर भेज दी गई है। साथ ही संकेत दिए गए हैं कि जल्द ही नई निविदा प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिसमें शासनादेश और पारदर्शिता के मानकों का सख्ती से पालन होगा।

### 'सिस्टम' पर उठे सवाल

टेंडर प्रक्रिया में कथित मिलीभगत की चर्चा अब खुलकर सामने आने लगी है। सूत्रों का दावा है कि कुछ शर्तों को इस तरह तैयार किया गया था, जिससे प्रतिस्पर्धा सीमित हो और चुनिंदा फर्मों को फायदा मिल सके। हालांकि, प्रशासनिक सख्ती के बाद अब पूरा मामला उल्टा पड़ता नजर आ रहा है।

### जिम्मेदारी तय करने की तैयारी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने जन एक्सप्रेस संवाददाता को बताया कि टेंडर टेंडर निरस्त कर दिया गया है जिसकी सूचना फॉर्म के मालिकों के मोबाइल नंबर पर दे दी गई है और टेंडर प्रक्रिया में लापरवाही की जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि कुछ कर्मचारियों से जवाब-तलब भी किया जा सकता है।

### क्या सामने आएंगे बड़े नाम?

सबसे बड़ा सवाल अब यही है कि क्या जांच निष्पक्ष रूप से पूरी हो पाएगी और क्या इसमें शामिल बड़े नाम उजागर होंगे? या फिर मामला सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा। फिलहाल, जन एक्सप्रेस की इस खबर के बाद शुरू हुई कार्रवाई ने यह तो साफ कर दिया है कि दबाव के बीच भी सच सामने आ सकता है। अब देखना होगा कि जांच का अंतिम परिणाम क्या निकलता है और क्या वाकई दोषियों तक कार्रवाई पहुंचती है या जांच के नाम पर पूरा मामला दब जाएगा

## बंगाल चुनाव से पहले ईडी की रेड: मेड इन यूएसए रिवॉल्वर, 1.47 करोड़ की नकदी बरामद तो 67.64 लाख के आभूषण जब्त

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोलकाता क्षेत्रीय कार्यालय ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में बिस्वजीत पोद्दर उर्फ सोना पप्पू, जय एस. कामदार और अन्य से जुड़े एक मामले में आठ परिसरों पर रेड की है। बंगाल चुनाव से पहले हुई रेड में ईडी को कामयाबी मिली है। आरोपियों के कब्जे से 'मेड इन यूएसए' रिवॉल्वर, 1.47 करोड़ रुपये की नकदी और 67.64 लाख के सोने चांदी के आभूषण जब्त किए गए हैं। तलाशी अभियान के दौरान जांच एजेंसी ने आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी अपने कब्जे में ले लिए हैं। जमीन, भवन आदि के रूप में कई अचल संपत्तियों की पहचान की गई है, जो आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से प्राप्त की गई प्रतीत होती हैं। ईडी के अनुसार, तलाशी के दौरान बिस्वजीत पोद्दर उर्फ सोना पप्पू द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक फॉर्च्यूनर गाड़ी भी जब्त की गई है। ईडी ने पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए रिवॉल्वर, पश्चिम बंगाल पुलिस को सौंप दिया है। बिस्वजीत पोद्दर उर्फ सोना पप्पू सहित सभी आरोपी, पश्चिम बंगाल में संगठित आपराधिक गिरोह की गतिविधियों में शामिल थे।

## बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता: योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात ?1178.93 करोड़ रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान ?109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।

> उत्तर प्रदेश का बुनकर समुदाय राज्य की समृद्ध परंपरा, रोजगार और अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। अतः ऐसी संतुलित, पारदर्शी और व्यावहारिक नीति तैयार की जाए, जिससे बुनकरों को वास्तविक राहत मिले, उद्योग को नई गति मिले और प्रदेश की पारंपरिक बुनकरी को सशक्त आधार प्राप्त हो सके।
> –योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री



फोटो एआई

### बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करें उत्पाद

डिजाइन और विपणन को सुदृढ़ बनाने पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्पाद की सफलता बाजार की मांग के अनुरूप होने पर ही संभव है। उन्होंने 'डिजाइनर-कम-मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव' तथा 'डिजाइन हाउस/सोर्सिंग-बाइंग एजेंसी/एक्सपोर्ट हाउस' जैसे संस्थागत तंत्र को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। इससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, बड़े बाजारों तक पहुंच और बुनकरों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और ब्रांडिंग के विस्तार पर विशेष ध्यान देने को कहा, ताकि बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों के विद्युत बिल में कमी लाने के लिए बेहतर प्रयासों की जरूरत भी बताई। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस संबंध में हतकरघा विभाग और पॉवर कॉर्पोरेशन मिलकर कार्ययोजना तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विशेष बल देते हुए कहा कि इससे बुनकरों की विद्युत लागत में कमी आएगी और उन्हें दीर्घकालिक राहत मिलेगी। उन्होंने इस दिशा में प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

### क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए: योगी

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बुनकर बहुल क्षेत्रों की पहचान कर वहां क्लस्टर विकसित किए जाएं, ताकि उत्पादन, गुणवत्ता और विपणन को एकीकृत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि ये क्लस्टर केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर पूर्ण वैल्यू चेन के रूप में विकसित हों, जहां डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच एक ही ढांचे में सुनिश्चित हो। बैठक में क्लस्टर चयन, बेसलाइन सर्वे, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने, प्रभावी क्रियान्वयन तथा सतत अनुश्रवण जैसे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक क्लस्टर में सीमित संख्या में बुनकरों को संगठित कर पंजीकृत इकाइयों के रूप में विकसित किया जाए, जिससे सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा मिले। साथ ही, इन क्लस्टरों को आधुनिक तकनीक, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हो।



# ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश के दमदार कदम

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

उत्तर प्रदेश के विकास की धुरी मानी जाने वाली विद्युत आपूर्ति के क्षेत्र में राज्य ने एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित किया है। प्रदेश सरकार के कुशल एवं दूरदर्शी विजन के फलस्वरूप राज्य की ऊर्जा उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए नेवली तापीय विद्युत परियोजना की तीसरी इकाई (यूनिट-3) का सफलतापूर्वक ग्रिड सिंक्रोनाइजेशन पूर्ण कर लिया गया है। 660 मेगावाट की इस विशाल क्षमता वाली इकाई का 765 केवी ग्रिड से जुड़ना न केवल तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि यह प्रदेश की निरंतर बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में राज्य सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रभावी कदम है। नेवेली उत्तर प्रदेश पावर लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना, जो एनएलसी इंडिया लिमिटेड (51 प्रतिशत) एवं उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत



उत्पादन निगम लिमिटेड (49 प्रतिशत) का संयुक्त उपक्रम है, अब अपने पूर्ण वाणिज्यिक संचालन की दिशा में सफलतापूर्वक अग्रसर है। प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के लिए निर्बाध बिजली की उपलब्धता एक अनिवार्य शर्त है। इस तीसरी इकाई के जुड़ने से राज्य की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता बढ़कर लगभग 13,388 मेगावाट तक पहुँचने की संभावना है, जो उत्तर प्रदेश की बढ़ती ऊर्जा सामर्थ्य को दर्शाता है। परियोजना के पूर्ण रूप से संचालित होने के पश्चात प्रतिदिन लगभग 47.52 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया जाएगा, जिससे प्रदेश के आम नागरिकों, किसानों और उद्यमियों को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उल्लेखनीय है कि यूनिट-1 एवं यूनिट-2 पहले ही क्रमशः दिसंबर 2024 और दिसंबर 2025 से सफलतापूर्वक संचालन में हैं, जो सरकार की समयबद्ध कार्यप्रणाली का परिचायक है। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित आवंटन के अनुसार, इस परियोजना से उत्पादित लगभग 93.11 प्रतिशत बिजली उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जो राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में स्वावलंबी बनाने में मुख्य भूमिका निभाएगी। इसके साथ ही, भविष्य में निर्बाध एवं सतत विद्युत उत्पादन सुनिश्चित करने हेतु झारखंड स्थित पचवारा साउथ कोल ब्लॉक का विकास भी तीव्र गति से किया जा रहा है। आधुनिक उत्तर प्रदेश की यह परियोजना केवल उत्पादन क्षमता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पर्यावरणीय मानकों पर भी पूरी तरह खरी उतरती है। अत्याधुनिक तकनीकों से सुसज्जित इस संयंत्र में प्रदूषण नियंत्रण के लिए एफजीडी (फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन) एवं एससीआर (सेलेक्टिव कैटालिस्ट रिडक्शन) जैसी उन्नत प्रणालियों का उपयोग किया गया है। श्जीरो लिक्विड डिस्चार्जश् की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता अक्षुण्ण रहे। ऊर्जा क्षेत्र में हासिल यह ऐतिहासिक उपलब्धि उत्तर प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक मोड़ है। राज्य सरकार उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बराबर कोशिश में है।

## किसान पहचान पत्र के बिना नहीं मिलेगा योजनाओं का लाभ : डीएम

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) को विभागों में संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए अनिवार्य किया गया है। उन्होंने जनपद के समस्त कृषकों से कहा है कि वह अपना किसान पहचान पत्र अवश्य बनवायें। इस पहचान पत्र के बिना शासन की योजनाओं का लाभ नही मिल पायेगा, यह पहचान पत्र अत्यन्त आवश्यक है। उन्होंने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार दिनांक 06 अप्रैल से 15 अप्रैल, 2026 तक फार्मर आईडी (किसान पहचान पत्र) बनाये जाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि किसान पहचान पत्र बनवाने के लिए तहसील मे सम्बन्धित लेखपाल, पंचायत सहायक तथा कामन सर्विस सेन्टर (जनसुविधा केन्द्र) एवं कृषि विभाग से संम्पर्क कर सकते है। उन्होंने बताया है कि तहसील में लेखपाल से संम्पर्क कर किसान पहचान पत्र बनवा सकते हैं, इसी प्रकार ब्लाक स्तर पर पंचायत सहायक से संम्पर्क कर किसान पहचान पत्र बनाये जायेंगे। उन्होंने बताया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा भविष्य में प्रदान की जाने वाली प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्तों को उन्ही कृषकों को प्रदान किया जायेगा, जिनके किसान पहचान पत्र जारी किये गये हैं। अत: अधिक से अधिक किसान अपना किसान पहचान पत्र अवश्य बनवा लें।

# पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज लगाई खेल मैदान को बचाने व व्यवसायिक प्रदर्शनी हटाने की गुहार

## जिलाधिकारी पर लगाया न्यायालय की अवमानना का आरोप

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

विगत दिनो रायफल क्लब मैदान को नीलाम करने की साजिश की गई, जिसका विरोध हर वर्ग हर पार्टी ने किया और आंदोलन का स्वरूप लेने के बाद नाकाम हो गये।अब पुनः नये तरीके से रायफल क्लब मैदान को बर्बाद करने की साजिश की जा रही है, इस वक्त मैदान में काफी विरोध के बाद भी जिला प्रशासन ने व्यापारिक प्रदर्शनी की अनुमति दे दी,प्रदर्शनी वालो ने पूरे मैदान को बर्बाद कर दिया,अब गर्मीयो की छुट्टियों में बच्चे कहां स्पोर्ट कैम्प लगायेंगे,कहाँ खेल प्रैक्टिस करेगें

इसका विरोध खिलाड़ियों ने किया था और ज्ञापन भी दिया था, पर उस ज्ञापन का कोई संज्ञान नहीं लिया।

पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने अपने अधिवक्ता द्वारकेश यादव मन्डेला द्वारा एक लीगल नोटिस दी गई है,जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार को देकर उन्हें अवगत कराया गया की उच्च न्यायालय का आदेश है की



खेल के मैदान को किसी खेलकूद के अलावा किसी अन्य व्यापारिक गतिविधियों के लिए नहीं दिया जा सकता।उस नोटिस मे लिखा गया था कि अगर आपने मैदान रिक्त नही करवाया तो हम मजबूरन न्यायालय,की शरण में जाना पड़ेगा।अभी 6 अप्रैल को प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे ने लखनऊ मे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राज को सभी स्थितियों से अवगत कराया तो अध्यक्ष ने एक पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखा और उनसे रायफल क्लब मैदान को खेल प्रेमियों के लिए संरक्षित करने का अनुरोध किया तथा वहां लगी प्रदर्शनी को तत्काल हटवाने का भी अनुरोध किया।

इसके पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल ने भी जिला अधिकारी से मिलकर ज्ञापन देकर प्रदर्शनी लगने का विरोध किया जा चुका है।यह भी संज्ञान में आया है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी विरोध किया है ।फिर भी प्रदर्शनी रायफल क्लब मैदान में लगाती जा रही है। खिलाडियो का विरोध है। इन परिस्थितियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह प्रदर्शनी जनहित में नहीं बल्कि व्यक्तिगत हित पर लग रही है।जिसकी जांच होना चाहिए।जिला प्रशासन को खेल के मैदान में प्रदर्शनी लगने का आदेश रद्द कर कहीं दुसरे स्थान पर प्रदर्शनी लगवाये।यदि प्रदर्शनी का स्थान नहीं बदला गया तो निश्चित जन मानस के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है। जैसे जनता पूर्व में भी व्यवसायिक केन्द्र बनाने का विरोध कर चुकी है।

# दैवीय आपदा से पीड़ित किसानों को दिया जाये मुआवजा, भाकियू अरा. ने ज्ञापन सौंप की मांग

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

पिछले दिनों जनपद के हुई तेज बारिश से ओलावृष्टि से जहां किसानों की खेती बुरी तरह से तबाह हो चुका है। वहीं दूसरी ओर किसानों को अपने पेट भरने की समस्या से अभी से सताने लगी है। इस भयंकर दैवीय आपदा से किसानों को फसले पूरी तरह से तबाह हो चुकी हैं। ऐसे में सरकार द्वारा मुआवजा मिलना ही उनके जीवन यापन का एक मात्र सहारा है। इसी मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन अरा. के बैनर तले किसान नेताओं ने गुरूवार को प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर तत्काल सर्वे कराकर मुआजा देने की मांग की है।

डीएम को दिये ज्ञापन में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी ने बताया है कि लगातार हो रही बारिश एव ओला वृष्टि से किसानों की रवी की



फसले पूर्ण रूप से नष्ट हो रही हैं। बारिश एवं ओला वृष्टि से रवी की फसलों के साथ साथ सब्जी की फसलों का भीारी नुकसान हो गया है। रवी की फसले जैसे गेहूं, चना, अरहर, सरसों की फसले जो कट गई हैं और जो कटने को तैयार खड़ी हैं उनमें आरी नुकसान हुआ है। सदर तहसील के लेखपालों द्वारा जांच कराकर सरकार ?द्वारा निर्धारित प्रति एकड छति पूर्ति का मुआवजा दिलाने का कष्ट करें।जिन किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना द?द्वारा फसलों का बीमा कराया गया है उनको बीमा कम्पनी द्वारा छति पूर्ति का भुगतान कराया जाये। इस मौके पर ज्ञापन देने वालों में रोहिणी गुप्ता, जयप्रकाश, रामपाल, महेन्द्र मिश्रा, सुशील चौरिहा आदि मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** कोतवाली क्षेत्र के अरथरा गांव के पास दो बाइको की आमने सामने टक्कर हो जाने से दोनो बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गये जिसमे मरका थाना क्षेत्र के भभुवा निवासी अंश पटेल पुत्र सुशील उम्र 18 वर्ष व दूसरे बाइक सवार कमलेश पुत्र बुद्दन उम्र35 वर्ष यह दोनो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये घायलो को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती कराया जहां डाक्टरो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## थ्रेसर में फंसकर महिला हुई घायल, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मरका थाना क्षेत्र के इंगवारी गांव के मजरा छुलहा डेरा निवासी सोमवती पत्नी विमलेश उम्र 25 वर्ष दिनांक 9 अप्रैल को दोपहर खेतो मे परिजनो के साथ थ्रेसर से सरसों कतरा रही थी तभी थ्रेसर मे साडी फंसने से थ्रेशर की चपेट मे आ गयी और गंभीर रूप से घायल हो गई पारिवारिक जनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालात पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत तेज गति से शीघ्र पूर्ण करें : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबन्दी कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी अधिकारियों एवं सहायक चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन गॉवों में चकबन्दी का कार्य किया जा रहा है, उसमें धारा-9, पडताल का कार्य एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत तेज गति से शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों को निर्देश दिये कि गॉवों में धारा-52 का कार्य प्रत्येक दशा में पूर्ण करें। उन्होंने प्रतिदिन चकबन्दी लेखपालों एवं कर्मियों के द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा करते हुए चकबन्दी कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने ग्रामवार चकबन्दी के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्राम हटेटी पुरवा में वादों का निस्तारण शीघ्र





करायें। उन्होंने चक निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। सिंहपुरमाफी में धारा-9 का प्रकाशन शीघ्र करायें। ग्राम अलिहा में समझौता का कार्य तेजी से करते हुए पूर्ण करायें। नवादा बांगर में वादों की सुनवाई मई, 2026 तक पूरी करें। कुलसारी में समझौता का कार्य माह अप्रैल में पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामों में मालियत निर्धारण का कार्य तेज गति से कराये जाने के निर्देश चकबन्दी अधिकारियों को दिये। रामपुर में घारा-9 का कार्य पूर्ण हो गया है, समझौता का कार्य शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। अमलीकौर बांगर 15 अप्रैल से चक सीमांकन का कार्य प्रारम्भ करने के निर्देश दिये। उन्होंने चकबन्दी अधिकारियों को वादों के निस्तारण में भी तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चकबन्दी कार्य में गॉवों के भूमि विवाद, चकरोड एवं भूमि सम्बन्धी पैमाइश आदि के विवाद समाप्त करते हुए चकबन्दी कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने पडताल एवं कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाये जाने के निर्देश चकबन्दी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर सहित बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी, सीओ चकबन्दी विभाग एवं सहायक चकबन्दी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कमिश्नर ने ली कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा जनपद नोडल अधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

मण्डलायुक्त बांदा ने अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्रामीण विकास, सड़कों का निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, पेंशन योजनाएं, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन विकास कार्य, प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पशुधन विभाग, महिला बाल विकास, श्रम योजनाओं आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के जो मामले विभागों में आते हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता परक कराया जाए, इसमें लापरवाही नहीं होना चाहिए। नगर पालिका से



कहा कि रामघाट परिक्रमा क्षेत्र व शहर की साफ सफाई अच्छी तरह से रहे। खान पान की जो दुकानें हैं उनकी भी जांच कराया जाए। गर्मी को देखते हुए तीर्थ क्षेत्र के जो हैंडपंप खराब है उन्हें ठीक करा लें। गर्मी को लेकर जन जागरूकता के अभियान चलाया जाए की गर्मी व लू से कैसे सावधानी रखी जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि उप जिलाधिकारी कर्वी के माध्यम से परिक्रमा पथ के आसपास पार्किंग निर्माण के लिए शासकीय भूमि चिन्हित की जाए।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के स्ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण ग्राम प्रधानों को कराया गया है, कि कैसे शुद्ध करके पानी गांव में भेजा जा रहा है। जिससे इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो सके। ग्राम पंचायत में जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो गलियां व सड़के तोड़ी गई हैं, उसका निर्माण कराया जा रहा है। आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि हाई टेंशन लाइन घरों के ऊपर से नहीं जाना चाहिए। स्मार्ट मीटर की जो समस्याएं लगातार आ रही हैं, जो उनके बिल अधिक आ रहे हैं उसको ठीक कराया जाए। ट्रांसफार्मर जो खराब है उसको तत्काल बदलें, सड़कों के किनारे जो ट्रांसफार्मर लगे हैं उनको कवर्ड कराया जाए। यह मानीटरिंग करें कि किसी भी व्यक्ति व पशु की हानि ना हो, पशुपालन विभाग से कहा कि नंदिनी एवं मिनी नंदिनी योजना का लाभ अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को लाभ दिलाया जाए। भूसा के लिए टेंडर कराया जाए गौशालाओं में जो गोवंश संरक्षित हैं गर्मी को देखते हुए बचाव के लिए तथा हरे चारे की भी व्यवस्था की जाए, डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर पेयजल, तौल मशीन, छन्ना, बोरा आदि सभी व्यवस्थाएं रहें तथा समय से किसानों का भुगतान कराया जाए, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जनपद में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं जरूर देखी जाएं विद्यालयों के सामने गांव के लोगों द्वारा कूड़ा करकट डाला जाता है, उसको हटवाया जाए। मिड डे मील मीनू के अनुसार दिया जाए, विद्यालयों के किचन शेड में साफ सफाई अच्छी रहे, ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर सभी विद्यालयों पर कार्य करा लिया जाए, स्कूल चलो अभियान पर अधिक से अधिक फोकस करके बच्चों का नामांकन कराया जाए।

## सामूहिक विवाह योजना के लिए 15 अप्रैल तक श्रमिक करें आवेदन

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत आगामी 21 अप्रैल को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक आगामी 15 अप्रैल तक जनसेवा केंद्र या बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक का पंजीयन कम से कम एक वर्ष पुराना होना चाहिए तथा आवेदन के समय उसका नवीनीकरण होना आवश्यक है। विवाह की तिथि तक पंजीकरण सक्रिय रहना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान वर-वधू की आयु प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, टीसी या परिवार रजिस्टर की प्रति संलग्न करनी होगी।

# कर्वी के स्टेशन रोड़ में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में कर्वी नगर को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पिछले तीन दिनों से अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए अनाउंसमेंट के माध्यम से चेतावनी दी जा रही थी। इसी क्रम में बीते बुधवार को शम्भू बाबू पेट्रोल पंप से स्टेशन रोड़ होते हुए धतुराहा चौराहा रेलवे क्रॉसिंग तक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 15 अतिक्रमणकर्ताओं एवं गंदगी फैलाने



वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14,500 का जुर्माना लगाया गया। साथ ही रोड़ पटरी पर रखे अतिक्रमित सामानों को जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान धतुराहा चौराहे के स्थानीय निवासियों द्वारा सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण की शिकायत की गई, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी सब्जी विक्रेताओं को पुल के नीचे व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित किया जाए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे नगर क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि सड़क, नाला एवं सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा जुर्माना एवं सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालजी, नायब तहसीलदार मंगल यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय तथा कर्वी कोतवाल सहित भारी पुलिस बल एवं नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

# समय परिवर्तनशील है इसलिए विनम्र रहें : आचार्य अभिषेक

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

ग्राम बिसंडी में भाजपा नेता अनिल प्रताप सिंह के द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर आचार्य अभिषेक शुक्ल ने कहा कि परिस्थिति सदा एक समान बनी रहे यह सम्भव नहीं है,रात्रि के अनन्तर प्रातः होता है और सूर्योदय के बाद सूर्यास्त भी होता है उसी प्रकार जीवन में आज सुख और अनुकूलता है तो कभी प्रतिकूल परिस्थिति भी होगी अतः सर्वकाल विनयशीलता को धारण करना चाहिए,सत्पुरुषों की संगति की करना,दूसरों के गुणों में अनुराग,गुरुजनों के प्रति विनम्रता,विद्या में रुचि,लोक निन्दा का भय,भगवान् में भक्ति दुर्जनों की संगति का परित्याग,विपत्ति में



धैर्य,उन्नति में क्षमाशील होना,यशप्राप्ति में अनुराग रखना,अतिथि सत्कार करना,उपकार करके मौन रहना,स्वयं पर किए गए उपकार को सार्वजनिकता में कहना,धन का गर्व न करना,पर गुणों की प्रशंसा करना यह सब सज्जनों के स्वाभाविक गुण हैं,माखनचोरी,मृदाभक्षण,गोवर्धनधरण की कथा श्रवण कराई इस अवसर पर परीक्षित रणवीर सिंह,सुधीर कुशवाहा,पुष्पेंद्र सिंह,सूरज सिंह आदि विविध श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी के अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना पर विशेष समीक्षा की गई। योजना के 68 ग्रामों के सापेक्ष 61 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति हो रही है, जिसमें फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए गए कि तत्काल पर्याप्त लगाकर योजनान्तर्गत अवशेष कार्यों को आगामी 30 अप्रैल तक पूर्ण कराएं साथ ही चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत 286 ग्रामों के सापेक्ष 177 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति हो रही है, जिसकी समस्त कार्यों को पूर्ण करने के लिए आगामी 30 जून तक निर्देश दिए गए। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के 59 ग्रामों के सापेक्ष 58 ग्रामों में जलापूर्ति हो रही है।

# गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को एसडीएम ने किया सीज

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड रामनगर द्वारा बीते 1 अप्रैल से मुहिम चलाई गई है। संज्ञान में आया कि ग्राम पंचायत इटवा के मजरे रौखरी में राजाराम पाल पुत्र राम आसरे द्वारा जनहित पब्लिक स्कूल के नाम से एक अमान्य विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर द्वारा उप जिलाधिकारी तहसील मऊ राम ऋषि रमन को इस संबंध में अवगत कराते हुए इस विद्यालय को बंद कराने के लिए प्रशासनिक सहयोग मांगा। उप जिलाधिकारी तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचे। विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के कुल 51 बच्चे मौके पर उपस्थित पाए गए, जिन्हें 2 कक्षों में बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। उप जिलाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल बच्चों को विद्यालय भवन से बाहर कर विद्यालय के दोनों कक्षों को ताला लगाकर सील कर दिया गया तथा उपस्थित समस्त बच्चों को लेकर परिषदीय प्राथमिक विद्यालय रौखरी पहुंचे जहां सभी बच्चों का विवरण वहां के प्रधानाध्यापक को नोट कराया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि इन समस्त बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए इन बच्चों का नामांकन 2 दिवस के भीतर आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर अपने विद्यालय में करना सुनिश्चित करें। विद्यालय संचालक राजाराम को अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत अमान्य विद्यालय संचालन करने के आरोप



में कठोर नोटिस देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि वह आज से विद्यालय का संचालन बंद नहीं करेंगे तथा सील किए गए कक्षों को खोलने का प्रयास करेंगे तो आरटीई अधिनियम 2009 के अंतर्गत उनसे निर्धारित जुर्माने की धनराशि वसूल की जाएगी तथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा कर उन्हें हवाले पुलिस कर दिया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विकासखंड रामनगर के अंतर्गत यही एक विद्यालय अमान्य रूप से संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि यदि मान्यता प्राप्त स्तर से इतर कक्षाएं संचालित करने का प्रयास किया जाएगा तो भी ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन द्वारा चेतावनी के साथ समस्त विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया, कि विभाग द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप विद्यालय का संचालन करें। नियम व शर्तें पूर्ण न करने तथा अमान्य विद्यालय संचालित करने पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



**11 हजार लीटर दूध से नर्मदा का अभिषेक...**

जिले के भैसदा क्षेत्र के सातदेव गांव में आयोजित भव्य महायज्ञ का समापन हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और 11 हजार लीटर दूध के अभिषेक के साथ हुआ। जहां एक ओर इस आयोजन में आस्था का ज्वार उमड़ा, वहीं दूसरी ओर संसाधनों के उपयोग को लेकर बहस भी छिड़... ▸ पढ़ें पेज 12 पर...

# महिला की हत्या कर लाश को बिस्तर में लपेटा, खेत में फेंका, सिर भी फटा मिला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



काकोरी के मदारपुर गांव के बाहर एक महिला 35 की हत्या कर शव को खेत में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों ने बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे खेत में खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। आशंका जताई जा रही है कि महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। शव को बिस्तर में लपेटकर फेंका गया था, जिसकी अभी शिनाख्त नहीं हो सकी है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित के मुताबिक ऐसा प्रतीत हो रहा है कि महिला की हत्या कहीं और की गई है। इसके बाद शव को लाकर फेंका गया है। पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं। शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। वारदात उन्नाव सीमा के पास हुई है। ऐसे में उन्नाव पुलिस से भी संपर्क किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि हो सकेगी। उधर, महिला का शव मिलने की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पारा, दुबग्गा और काकोरी थाने की पुलिस पहुंच गई। इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि शव गांव के रफीक के खेत में मिला। महिला के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान हैं। सिर पर भारी हथियार से वार किया गया है, जबकि हाथ-पैर और शरीर पर लाठी डंडों से पिटाई के काले निशान मिले हैं।

### अर्धनग्न था शव, पास में मिला पेटीकोट और दुपट्टा

महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला। शव के पास ही महिला का पेटीकोट और दुपट्टा पड़ा था। महिला नंगे पैर थी। ऐसे में उसे कहीं और से लाकर खेत में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। महिला ने हत्यारे से काफी संघर्ष भी किया था। वह मैक्सी पहने हुई थी। एसीपी शकील अहमद के मुताबिक पुलिस की एक टीम बुद्धेश्वर चौराहा से किसान पथ और मोहान रोड पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। देर रात कुछ संदिग्ध वाहन गुजरते दिखे हैं, जिनके नंबर के आधार पर पहचान की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने स्थानीय लोगों को महिला की फोटो दिखाई, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### करीबी पर गहराया शक

महिला की हत्या के पीछे किसी करीबी की संलिप्तता जताई जा रही है। महिला हरे रंग की छींटदार मैक्सी पहने थी। पैरों में चांदी की बिछिया और हाथों में मेटल की चूड़ियां मिलीं। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने महिला को मिलने के लिए बुलाया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया और महिला की हत्या कर दी गई।

# मकान में 'मौत का वार्ड'! बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल, झोलाछाप के भरोसे जिंदगी, सीएमओ की कार्रवाई के बीच भी धंधा जारी

- दुबग्गा में निजी घर को बना दिया अस्पताल, आईसीयू-एनआईसीयू-वेंटिलेटर के दावे, मरीज भर्ती कर खुलेआम खिलवाड़

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**





हास्पिटल संचालक राम गोपाल यादव

राजधानी के दुबग्गा क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए एक निजी मकान में 'अस्पताल' चलाकर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। बिना रजिस्ट्रेशन, बिना योग्य डॉक्टर-फिर भी अंदर कई बेड लगाकर मरीज भर्ती किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इलाके में मानक विहीन अस्पतालों पर कार्रवाई के दावों के बावजूद यह अवैध धंधा बेखौफ जारी है। जन एक्सप्रेस की टीम लगातार दुबग्गा क्षेत्र में ऐसे फर्जी अस्पतालों का पर्दाफाश करती रही है। सीएमओ की टीम ने कई जगह छापेमारी भी की, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राम गोपाल यादव नाम का व्यक्ति एक निजी मकान में कई बेड डालकर मरीजों को भर्ती कर रहा है। न तो अस्पताल का कोई वैध रजिस्ट्रेशन, न ही योग्य डॉक्टरों की तैनाती-फिर भी गंभीर मरीजों का इलाज करने का दावा किया जा रहा है।

### 'सुविधाओं' का झूठा जाल

बाहरी बोर्ड और प्रचार में 24x7 इमरजेंसी, एम्बुलेंस सेवा, आईसीयू, एनआईसीयू, वेंटिलेटर और डायलिसिस जैसी सुविधाओं का दावा किया जा रहा है। कानपुर बाईपास, विधाता होटल के पास इस अस्पताल में कोई भी नर्स तक नहीं है। डॉक्टर की बात छोड़िए। लेकिन अंदर हकीकत यह है कि न तो मानक उपकरण, न प्रशिक्षित स्टाफ-सिर्फ मरीजों की जान से खिलवाड़।

### बड़ा सवाल

- बिना रजिस्ट्रेशन अस्पताल कैसे चल रहा है?
- किसके संरक्षण में मरीजों की जिंदगी से खेल हो रहा है?
- क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

### जन एक्सप्रेस सवाल करता है

राजधानी में जब अवैध अस्पताल इस तरह खुलकर चल रहे हैं, तो आम आदमी की जान कितनी सुरक्षित है? अगर समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो यह 'मौत का वार्ड' कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

**झोलाछापों का जाल, सिस्टम बेअसर:** दुबग्गा क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों का नेटवर्क गहराता जा रहा है। कार्रवाई के बाद भी कुछ दिन सन्नाटा रहता है, फिर वही खेल शुरू हो जाता है। सवाल उठता है कि क्या जिम्मेदारों की निगरानी सिर्फ कागजों तक सीमित है?

# 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले, कई जिलों में नई तैनाती

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

शासन ने बृहस्पतिवार को 12 आईपीएस और 35 पीपीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए नई तैनाती दी। जिन आईपीएस को पोस्टिंग मिली उसमें 2019, 20 और 2022 बैच के अधिकारी शामिल हैं। ट्विंकल जैन को गौतमबुद्धनगर से लखनऊ कमिश्नरेट में एडीसीपी बनाया गया है, जबकि ऋषभ रुनवाल को लखनऊ से हटाकर सोनभद्र में एएसपी नक्सल बनाया गया है। पीपीएस में लखनऊ में तैनात जया शांडिल्य को मेरठ में एएसपी एलआईयू बनाकर भेजा गया है। आईपीएस अधिकारियों में सागर जैन को सहारनपुर से प्रयागराज में पुलिस उपायुक्त, मनोज कुमार रावत को गोंडा से संभल में एएसपी दक्षिणी, आयुष विक्रम सिंह को मेरठ से बहराइच में एएसपी सिटी, विनायक गोपाल भोसले को सीतापुर से मेरठ में एएसपी सिटी, अंतरिक्ष जैन को मेरठ से बुलंदशहर में एएसपी ग्रामीण , लिपि नागयाच को गाजियाबाद से वाराणसी कमिश्नरेट में एडीसीपी, राजकुमार मीना को प्रयागराज से मिर्जापुर में एएसपी नक्सल, आलोक कुमार को संभल से प्रतापगढ़ में एएसपी सिटी पूर्वी, डॉ. ईशान सोनी को वाराणसी से एएसपी जालौन और मंयक पाठक को अलीगढ़ से सहारनपुर में एएसपी ग्रामीण बनाया गया है। वहीं, पीपीएस अधिकारियों में अशोक कुमार सिंह को बहराइच से लखनऊ एसडीआरएफ मुख्यालय में उपसेनानायक, संजीव कुमार सिन्हा को रायबरेली से पुलिस मुख्यालय में एएसपी, आलोक सिंह-तृतीय को प्रयागराज से रायबरेली में एएसपी, अजीत कुमार रजक को जौनपुर से गोंडा में एएसपी पूर्वी, डॉ. तेजवीर सिंह को बुलंदशहर से अंबेडकरनगर में एएसपी सिटी पूर्वी, श्याम देव को अंबेडकरनगर से फतेहपुर पीएसी में उपसेनानायक, मनीष कुमार मिश्रा को मिर्जापुर से अलीगढ़ में एएसपी ग्रामीण, शैलेंद्र लाल को प्रतापगढ़ से उन्नाव में एएसपी दक्षिणी,कृष्ण कांत सरोज को मेरठ से एएसपी विशेष जांच, प्रदीप कुमार वर्मा को जालौन से सीतापुर पीएसी में उपसेनानायक, राजेश कुमार पांडेय-द्वितीय को कानपुर देहात से गाजियाबाद में एडीसीपी, अवनीश कुमार मिश्रा को मथुरा से पीएसी मुख्यालय में एएसपी, श्वेता कुमारी यादव को गाजियाबाद से मथुरा में एएसपी क्राइम, कृपा शंकर को बलिया से डीजीपी मुख्यालय में एएसपी, स्नेहा तिवारी को चंदौली से बलिया में एएसपी दक्षिणी बनाया गया है।

### इनका भी तबादला

एएसपी राघवेंद्र कुमार मिश्रा को मेरठ से गोरखपुर एसएसएफ, राजेश कुमार श्रीवास्तव को सीतापुर से मेरठ में एएसपी यातायात, विवेक त्रिपाठी को आजमगढ़ से सीतापुर केंद्रीय भंडार, पंकज कुमार श्रीवास्तव को बरेली से आजमगढ़ में एएसपी यातायात, विजेंद्र द्विवेदी को बदायूं से प्रयागराज पीएसी, अभिषेक कुमार सिंह को एटीएस से बदायूं में एएसपी सिटी, शंकर प्रसाद को बुलंदशहर से मुरादाबाद पुलिस अकादमी, पीयूष कांत राय को आगरा से चित्रकूट, सत्यपाल सिंह को चित्रकूट से मुरादाबाद पीटीसी, आलोक प्रसाद को सीतापुर से कानपुर देहात में एएसपी, अरुण कुमार सिंह-द्वितीय को फतेहगढ़ से यातायात निदेशालय, गिरीश कुमार सिंह को आगरा से फतेहगढ़, राहुल मिठास को मैनपुरी से तकनीकी सेवाएं शाखा, अभिषेक तिवारी को मेरठ से मैनपुरी में एएसपी सिटी, महेंद्र पाल सिंह को फतेहपुर से सीबीसीआईडी, ज्ञान प्रकाश राय को गाजियाबाद से फतेहपुर, सतीश चंद्र शुक्ला को भदोही से चंदौली में एएसपी ऑपरेशन, प्रेमचंद को उन्नाव से राज्य मानवाधिकार आयोग और अभिषेक प्रताप अजेय को कन्नौज से बुलंदशहर में एएसपी सिटी बनाकर भेजा गया है।



# आंबेडकर जयंती पर शक्ति प्रदर्शन करेगी बसपा, लखनऊ में जुट सकते हैं कई लाख लोग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर राजधानी में फिर से शक्ति प्रदर्शन करेगी। गोमतीनगर स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के कार्यकर्ता और समर्थक जुटेंगे तो वहीं दूसरी ओर पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद छत्तीसगढ़ के रायपुर में रैली को संबोधित करेंगे। इसी तरह अन्य राज्यों में भी वरिष्ठ पदाधिकारियों को वृहद तरीके से जयंती मनाने का निर्देश दिया गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती इस अवसर पर कार्यकर्ताओं के नाम संदेश जारी कर सकती हैं। फिलहाल उनका जनसभा करने का कार्यक्रम अभी तक तय नहीं हुआ है, जिसकी वजह से यह माना जा रहा है कि बसपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ सभी 18 मंडलों के पदाधिकारी आंबेडकर पार्क में होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इसके लिए पूरी राजधानी को पोस्टर बैनर से पाटने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर बसपा सुप्रीमो डॉ. आंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण के अधिकार में गड़बड़ी करने पर विपक्ष पर हमला बोलेंगी। इसके अलावा सपा द्वारा गांव-गांव में आंबेडकर जयंती मनाने को लेकर भी निशाना साधेंगी। बसपा सुप्रीमो अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भी दिशा-निर्देश देकर चुनावी बिगुल फूंकेंगी। पार्टी द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जिलों से कार्यकर्ताओं और समर्थकों से राजधानी आने का आह्वान किया गया है। कार्यक्रम में करीब 2 लाख लोगों की भीड़ जुटने का अनुमान है। इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं।

# अखिलेश का आरोप: भाजपा राज में पुलिस व्यवस्था चौपट, अस्पतालों की हालत खराब, गरीबों को नहीं मिल रहा इलाज

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा का राजनीतिक चरित्र जनविरोधी है। भाजपा राज में प्रदेश की पुलिस-व्यवस्था चौपट है। कानून का राज नहीं है। अस्पतालों की हालत खराब है। गरीबों को इलाज नहीं मिल रहा है। वह बृहस्पतिवार को पार्टी प्रदेश मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में 2024 लोकसभा चुनाव से ज्यादा सावधानी बरतनी है। भाजपा की साजिश से सावधान रहना है। जनता बदलाव चाहती है। सरकार बनाने के लिए सावधानी से काम करना है। एसआईआर में नकली हस्ताक्षर से वोट कटवाए जा रहे थे। चुनाव आयोग निष्क्रिय बना है। सपा कार्यकर्ता और नेता बूथ पर जाकर लोगों को भाजपा सरकार की नाकामियां गिनाएं। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जनता को धोखा दिया। बड़े शहरों में यातायात व्यवस्था बर्बाद है। लखनऊ में सात हजार करोड़ में ग्रीन कारिडोर बनाया, जिसकी डिजायन गलत है। नौ साल में एक भी बिजली का प्लांट नहीं लगा। स्मार्ट मीटर से बिल में धांधली हो रही है। उपभोक्ता परेशान हैं। सरकार ने कन्नौज का मिल्क प्लांट बंद कर दिया। किसान बाजार बेच दिया। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। मुख्यमंत्री का विकास से कोई वास्ता नहीं है। सपा सरकार में विकास के बड़े कार्य हुए थे। प्रदेश को दोबारा विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना ही होगा। इस अवसर पर विधानसभा में नेता विरोधी दल माता प्रसाद पांडेय, पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल मौजूद थे।

# कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले ओबीसी महिलाओं के आरक्षण को लेकर संघर्ष करेंगे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद ने कहा कि महात्मा फुले की जयंती को कांग्रेस भव्य तरीके से मनाएगी। महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए संघर्ष किया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अनिल जयहिंद ने कहा कि ग्राउंड लेवल पर आरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा। हम चाहते हैं कि जनगणना में तेलंगाना का मॉडल अपनाया जाए। विभिन्न संगठनों से राय लेकर गणना की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कराई जा रही जनगणना में कई खामियां हैं। जाति जनगणना करते समय कच्चा मकान, पक्का मकान सहित सभी पहलुओं की गणना हो। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय की लड़ाई की शुरुआत की। उन्होंने समता और शिक्षा के द्वार खोले। डॉ आंबेडकर भी कहते थे कि ज्योतिबा फुले ने शिक्षा की मशाल जलाई। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले फुले जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, पूर्व अध्यक्ष राज बब्बर, इमरान प्रतापगढ़ी, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। मौके पर ओबीसी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव सहित अन्य नेता मौजूद रहे। महिला आरक्षण में ओबीसी की उपेक्षाः उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण में ओबीसी की अनदेखी की जा रही है। नए प्रावधान में इसको क्लियर नहीं किया गया है। ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए क्योंकि उनकी हिस्सेदारी 60 फीसदी के करीब है। कुल सीटों में महिलाओं को अलग से आरक्षण दिया जाए। पंचायत में महिलाओं को आरक्षण पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने दिया था। अब मोदी महिलाओं को संवैधानिक अधिकार दें। नए विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करें। अन्यथा ओबीसी आंदोलन के लिए विवश होगा। नए विधेयक को इस रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राहुल गांधी के मार्गदर्शन में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण दिलाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

**रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है :-**

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 09465 | अहमदाबाद जं. | दरभंगा जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09466 | दरभंगा जं. | अहमदाबाद जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09451 | गांधीधाम जं. | भागलपुर जं. | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 26.06.2026 तक |
| 09452 | भागलपुर जं. | गांधीधाम जं. | साप्ताहिक - सोमवार | 30.03.2026 | 18.05.2026 से 29.06.2026 तक |
| 09093 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 15.05.2026 से 31.07.2026 तक |
| 09094 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 01.08.2026 तक |
| 09097 | उधना जं. | अयोध्या छावनी | साप्ताहिक - मंगलवार | 24.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09098 | अयोध्या छावनी | उधना जं. | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09189 | मुम्बई सेन्ट्रल | कटिहार जं. | साप्ताहिक - शनिवार | 28.03.2026 | 16.05.2026 से 25.07.2026 तक |
| 09190 | कटिहार जं. | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - मंगलवार | 31.03.2026 | 19.05.2026 से 28.07.2026 तक |
| 09183 | मुम्बई सेन्ट्रल | बनारस | साप्ताहिक - बुधवार | 25.03.2026 | 20.05.2026 से 29.07.2026 तक |
| 09184 | बनारस | मुम्बई सेन्ट्रल | साप्ताहिक - शुक्रवार | 27.03.2026 | 22.05.2026 से 31.07.2026 तक |

नोटः– शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1184/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## राष्ट्रीय लोकदल 14 को मनाएगा 'सामाजिक समरसता दिवस'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर उत्तर प्रदेश में 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस दिन को समाज में समानता, भाईचारे और सामाजिक न्याय के मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि लखनऊ सहित प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी कार्यकर्ता पूरी सक्रियता और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। यह दिवस केवल एक जयंती न होकर समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों, क्षेत्रीय अध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

# शिव मंदिर की दीवार ढही, चार माह का मासूम दबा, बाहर निकालने में दो लोग हुए चोटिल, अस्पताल में तोड़ा दम



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अलीगंज के डंडइया इलाके में बने शिव मंदिर की जर्जर बाउंड्री वॉल बृहस्पतिवार सुबह अचानक भरभरा कर ढह गई। दीवार से सटी एक मजदूर की झोपड़ी उसकी चपेट में आ गई। झोपड़ी में सो रहे चार माह के मासूम बच्चे रूपलाल की मलबे में दबकर मौत हो गई। रूपलाल के पिता सीतापुर मिश्रिख सड़क स्थित परागपुर गांव निवासी गजोधर ने बताया कि वह पुराने हनुमान मंदिर के सामने बने शिव मंदिर की बाउंड्री वॉल के ठीक पीछे झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनके परिवार में पत्नी संध्या, तीन बेटियां नंदिनी, अंजलि और अनाया है। गजोधर ऑटो चलाकर और संध्या घरों में काम कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बृहस्पतिवार सुबह गजोधर काम पर गया था। परिजनों के मुताबिक, संध्या बेटे रूपलाल और छोटी बेटी अनाया के साथ झोपड़ी में थी। नंदिनी व अंजलि दूसरे झोपड़ी में टीवी देख रही थी। संध्या ने बेटे रूपलाल को दूध पिलाकर तख्त पर सुला दिया। इसी बीच अनाया भी झोपड़ी से भागकर बाहर आ गई। संध्या उसे पकड़ने के लिए जैसे ही बाहर भागी। इसी दौरान अचानक हनुमान मंदिर की जर्जर बाउंड्री वॉल भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर मासूम रूपलाल दब गया।

### बच्चे को निकालने में दो लोग हुए चोटिल

दीवार गिरते ही वहां अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। संध्या बेटे को बचाने के लिए लोगों से मदद मांगने लगी। आसपास के लोग दौड़कर मलबे में दबे बच्चे को निकालने में जुट गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मासूम को गंभीर हालत में मलबे से बाहर निकाला गया। उसे पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रामा सेंटर पहुंचने पर चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मासूम को निकालने के दौरान नंदा और सौरभ के पैर भी चोटिल हो गया।

### पानी की वजह से कमजोर हो गई थी दीवार

करीब 55 फीट लंबी और नौ इंच थी दीवार स्थानीय लोगों के मुताबिक करीब 15 वर्ष पहले मंदिर की दीवार को बनाया गया। बाउंड्री वॉल करीब 55 फीट लंबी और नौ इंच ऊंची है। आरोप है कि मंदिर से निकलने वाला पानी इसी दीवार में जा रहा था, जिसके कारण दीवार कमजोर हो गई और हादसा हो गया।

### काफी मन्नतों के बाद हुआ था रूपलाल

गजोधर की तीन बेटियां है। मासूम के बाबा मेवालाल ने बताया कि गजोधर व संध्या ने बेटे के लिए खूब मन्नत मांगी थी। ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ। जन्म के समय उसे ऑक्सीजन की समस्या हो गई जिसके कारण वह कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहा। जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य के लिए गजोधर ने गांव की जमीन बेचकर उनका इलाज कराया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मां-बाप समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षामित्रों से अखिलेश की अपील ने गर्मा दी सियासत

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में चुनावी फिजा नजर आने लगी है।यूपी की बीजेपी सरकार के शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाकर 18 हजार करने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने तीखा हमला किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे समय में 40 हजार मिलता था, 9 साल की प्रताड़ना और शिक्षामित्रों की एकजुटता और चुनाव में हार के डर से एक हजार रुपए का एहसान किया है।उन्होंनेअपील की कि आने वाले चुनाव में हर विधानसभा से शिक्षा मित्र परिवार 22000 वोट कटवाएं। शिक्षा मित्रों को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया हैंडल्स पर लम्बा चौड़ा पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने वादा किया कि हमारी सरकार आने पर शिक्षामित्रों और उनके परिवारों के साथ न्याय होगा। उनकी पोस्ट राजनीतिक हलकों में मास्टर स्ट्रोक मानी जा रही है।अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर अखिलेश यादव ने लिखा, 'प्रिय शिक्षामित्रों, हमारे समय में आपको 40000 मिलता था और 9 साल की प्रताड़ना के बाद, शिक्षामित्रों की एकता, एकजुटता और रोष से डरकर भाजपा सरकार ने एहसान दिखाते हुए पैसे बढ़ाए भी तो केवल 18000, वो भी हार के डर से।अगर भाजपा सच में हितैषी है तो पिछले सालों का बकाया भी दे। हर महीने 22 हजार के घाटे पर कहा, 'बीजेपी सरकार की उपेक्षा के कारण शिक्षामित्रों को 22000 हर महीने का जो घाटा, सालों साल हुआ है, उसको सांकेतिक संख्या मानकर हर विधानसभा के सारे पीड़ित शिक्षामित्र मिलकर परिवार, रिश्ते नातेदारों, शुभचिंतकों और आसपास के लोगों के 22000 वोट भाजपा के ख़िलाफ़ डलवाकर भाजपा को हराने का संकल्प लेकर 'पीडीए सरकार' बनवाएंगे।

# गैस एजेंसियों की मनमानी! तिलोई में ताला, बहादुरपुर में पक्षपात,उपभोक्ता परेशान, प्रशासन मौन

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी




जनपद के तिलोई क्षेत्र में गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।एक ओर जहां तिलोई स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर लापरवाही के आरोप लग रहे हैं,वहीं बहादुरपुर की इंडेन गैस एजेंसी पर पक्षपातपूर्ण वितरण को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराज़गी देखी जा रही है।तिलोई क्षेत्र के उपभोक्ताओं का आरोप है कि इंडियन गैस एजेंसी के गोदाम पर अक्सर ताला लटका रहता है, जिससे उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पाता।कई उपभोक्ताओं ने बताया कि वे बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन हर बार निराश होकर लौटना पड़ता है। कर्मचारियों की अनुपस्थिति और उदासीन रवैये ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।इससे प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।वहीं, बहादुरपुर स्थित श्री अष्टभुजा गैस सर्विस पर उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, एजेंसी संचालक अपने परिचितों और चहेते ग्राहकों को प्राथमिकता देते हुए सुबह-सुबह ही गैस सिलेंडर उपलब्ध करा देते हैं,जबकि अन्य उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि कई बार नियमित बुकिंग और टोकन व्यवस्था के बावजूद नियमों की अनदेखी की जाती है, जिससे व्यवस्था पर से भरोसा उठता जा रहा है। इस भेदभावपूर्ण रवैये से आम उपभोक्ताओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रीय जनता ने मांग की है कि संबंधित विभाग इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर एजेंसियों की कार्यप्रणाली में सुधार सुनिश्चित करे तथा दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए,ताकि उपभोक्ताओं को समय पर और समान रूप से गैस उपलब्ध हो सके।यह मामला अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।और लोग प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप की उम्मीद कर रहे हैं।

## डीएम ने जनसुनवाई में आयी आवेदिका को दिलाया पारिवारिक पेंशन का लाभ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्राप्त एक प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए आवेदिका को पेंशन का लाभ दिलाया गया।

जनसुनवाई में ग्राम छोटी केसरिया निवासी उषा सिंह पुत्री स्वर्गीय शिव बक्श सिंह ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पेंशन लाभ प्रदान किये जाने का अनुरोध किया। उल्लेखनीय है कि उनके पिता स्वर्गीय शिव बक्श सिंह पंचायती राज विभाग, रायबरेली में सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें वर्ष 1996 तक पेंशन प्राप्त हुई. उनके तथा उनकी पत्नी के निधन के उपरांत आश्रित पुत्री उषा सिंह को वर्ष 2005 तक पारिवारिक पेंशन प्राप्त हुई। वर्ष 2012 में शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार अविवाहित आश्रित पुत्री को आजीवन पेंशन दिये जाने का प्रावधान किया गया, किन्तु इसकी जानकारी आवेदिका को नहीं थी,जानकारी प्राप्त होने पर उन्होंने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ कोषाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये। वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. भावना श्रीवास्तव द्वारा तत्परता के साथ जिला पंचायती राज अधिकारी से वांछित सहयोग प्राप्त कर तथा पेंशन निदेशालय से संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर प्रकरण का निराकरण किया गया।

# आबकारी दुकानों की ई-लॉटरी: 34 दुकानों का हुआ निष्पक्ष आवंटन



जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद में आबकारी दुकानों के आवंटन हेतु आयोजित ई-लॉटरी प्रक्रिया ने प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता की एक नई मिसाल पेश की।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस प्रक्रिया में अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।इस दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान,पुलिस अधीक्षक सरवणन टी,सहायक आबकारी आयुक्त ए.के.राय तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।साथ ही बड़ी संख्या में आवेदकगण भी मौके पर मौजूद रहे,जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता और अधिक सुदृढ़ हुई।

जिला आबकारी अधिकारी अखिलेश कुमार आर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में कुल 36 आबकारी दुकानों के सापेक्ष 1604 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 22 देशी शराब की दुकानों के लिए 955 आवेदन, 9 कंपोजिट दुकानों के लिए 646 आवेदन तथा 5 भांग की दुकानों के लिए मात्र 3 आवेदन शामिल रहे।उन्होंने बताया कि दो भांग की दुकानों पर कोई आवेदन प्राप्त न होने के कारण वे अभी भी रिक्त हैं।शेष 34दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया गया। प्रशासन की इस पहल को आमजन और आवेदकों ने सराहा है।ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से भ्रष्टाचार और पक्षपात की संभावनाओं को समाप्त करते हुए निष्पक्ष आवंटन सुनिश्चित किया गया है,जो भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

# महेशभारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का डीएम ने किया औचक निरीक्षण, गुणवत्ता परखी

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ विपिन कुमार जैन द्वारा द्वारा जनपद में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन महेश भारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क की खुदाई कराकर निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को बारीकी से परखा।

प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य में तेजी लाए जाने के सख्त निर्देश दिए और कार्यदायी संस्था को निर्धारित समयावधि तक हर हाल में काम पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समयसीमा में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बताते चले कि जनपद बलरामपुर के लोक निर्माण विभाग (निर्माण खण्ड) द्वारा राज्य योजना के अंतर्गत महेश भारी-भैसहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लंबाई 18.80 किलोमीटर है, जिसे वर्तमान 3.00 मीटर की चौड़ाई से बढ़ाकर 5.50 मीटर किया जा रहा है। शासन द्वारा इस कार्य के लिए दद्व 31.मार्च 2025 को शासनादेश जारी किया गया था, जिसके क्रम में 2744.46 लाख रुपये की लागत से 21 नवम्बर 2025 को कार्य प्रारंभ किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आबादी वाले हिस्सों में चल रहे ड्ढ्र.रूरू/ष्ट.ष्ट. कार्य को तेजी से पूरा करने और गुणवत्ता मानकों का शत-प्रतिशत पालन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी व अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।

## मिशन शक्ति5.0 के अंतर्गत एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन संपन्न

**रायबरेली।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु बासंतिक नवरात्रि के पर्व पर 19 मार्च, 2026 से 30 दिवसीय मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के द्वितीय चरण की जारी कार्ययोजना के क्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता के निर्देशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 5.0 के विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 पर आधारित एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन आधारशिला कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल कोर्सेज में किया गया। समस्त जिला स्तरीय सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों, प्रतिष्ठान, उपक्रमों आदि में अन्तरिक परिवाद समिति का गठन कर गठित समिति की सूचना सहज दृश्य स्थान/नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जाना अनिवार्य है, यदि उक्त समिति का गठन नहीं किये जाने पर पॉश एक्ट के अन्तर्गत जुर्माने का प्राविधान है।

# एआरटीओ पर गंभीर आरोप: पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फंसाने व पिटवाने की धमकी

जन एक्सप्रेस। अमेठी




सम्भागीय परिवहन अधिकारी महेंद्र बाबू गुप्ता पर एक पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फंसाने और गुंडों से पिटवाने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगा।इस घटना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।मिली जानकारी के अनुसार पत्रकार सर्वेश त्रिपाठी को सूचना मिली थी कि एआरटीओ कार्यालय में ड्राइविंग लाइसेंस पास कराने के नाम पर रिश्वतखोरी की जा रही है। इसी शिकायत की पुष्टि के उद्देश्य से वे अपनी टीम के साथ कार्यालय पहुंचे।कार्यालय पहुंचने पर एआरटीओ अपनी कुर्सी पर मौजूद नहीं थे।इस दौरान पत्रकारों ने परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्थाओं को देखा।सरकारी गोपनीयता का ध्यान रखते हुए टीम ने केवल सार्वजनिक स्थल की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए।इसी बीच जब एआरटीओ महेंद्र बाबू गुप्ता मौके पर पहुंचे,तो उन्होंने पत्रकारों से कथित तौर पर अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उन्होंने यह सवाल उठाया कि बिना अनुमति फोटो और वीडियो क्यों बनाए गए।इस पर पत्रकारों ने उन्हें शिकायत की जानकारी दी।आरोप है,कि इसके बाद एआरटीओ ने न केवल अपशब्दों का प्रयोग किया, बल्कि पत्रकार को फर्जी मुकदमे में फंसाने और गुंडों से पिटवाने की धमकी भी दी।घटना की पूरी रिकॉर्डिंग पत्रकारों के पास सुरक्षित बताई जा रही है।पत्रकार विकास तिवारी,सर्वेश श्रीवास्तव, दीपक सहित अन्य ने स्पष्ट किया कि उन्होंने केवल सार्वजनिक स्थान का ही वीडियो बनाया और किसी भी गोपनीय दस्तावेज या क्षेत्र को नहीं छुआ।घटना के विरोध में दर्जनों पत्रकार एकजुट हो गए।और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर निष्पक्ष जांच व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।यह मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।और पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# एनएसपीएस त्रिपुला के छात्र हितेंद्र कुमार का यूपी सचिवालय में आरओ पद पर चयन, विद्यालय परिवार ने किया सम्मान

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला के छात्र हितेंद्र कुमार ने उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी (आरओ) पद पर चयनित होकर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। हितेंद्र कुमार सोनकर की इस सफलता पर एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा तथा विद्यालय प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों के साथ उन्हें सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. शशिकांत शर्मा ने कहा कि विद्यालय सदैव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है और हितेंद्र कुमार की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर हितेंद्र कुमार ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय में मिली प्रारंभिक शिक्षा एवं मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी। कार्यक्रम के दौरान हितेंद्र के परिजनों ने भी विद्यालय परिवार का गर्मजोशी से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शिक्षकगण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अचली गांव में खूनी संघर्ष, पांच घायल, सीएचसी में भी दबंगों का हमला

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे अचली गांव में बीती रात खूनी संघर्ष का मामला सामने आया, जहां दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, गांव में पहले हुए विवाद के बाद मारपीट हुई, जिसमें घायल हुए लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचे। आरोप है कि दबंग पक्ष पहले से ही घात लगाए बैठा था। जैसे ही घायल इलाज के लिए पहुंचे, दबंगों ने एक बार फिर उन पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि घायल पवन कुमार की हालत बेहद नाजुक हो गई, जिसके चलते परिवार वाले उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजे दबंगों ने दोबारा हमला कर दिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बच के रहना! बैंक ऑफ बड़ौदा में 48 खातों से लाखो का फर्जीवाड़ा, ठगों ने ऐसे ऐंठे पैसे

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंकों से पर्सनल लोन दिलाने वाले एक बड़े और संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है. थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने लालगंज रोड स्थित राणा नगर कब्रिस्तान के पास से इस गिरोह के 05 सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. यह बड़ी कार्रवाई बैंक ऑफ बड़ौदा की शिकायत पर दर्ज एक गंभीर धोखाधड़ी के मामले में की गई है, जिसमें लाखो रुपये के फर्जी लोन स्वीकृत किए गए थे. बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा, रायबरेली में कुल 48 पर्सनल लोन बैंक खातों में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा कर लोन पास कराए गए थे. प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि लोन लेने वाले खाताधारकों ने सुनियोजित तरीके से फर्जी सैलरी स्लिप, जाली नियुक्ति पत्र और आधार कार्ड पर पते में हेरफेर जैसे हथकंडों का इस्तेमाल कर इन लोनों को हासिल किया था. बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों द्वारा की गई गहन आंतरिक जांच के बाद, मुख्य प्रबंधक मुकेश ने 29 दिसंबर 2025 को थाना कोतवाली नगर में 48 पर्सनल लोन खाताधारकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया था. पुलिस अधीक्षक रायबरेली रवि कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के कुशल पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया. इस टीम ने आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और धरातलीय साक्ष्य संकलन के माध्यम से महत्वपूर्ण सुराग जुटाए और आरोपियों तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की. आज गिरफ्तार किए गए 05 अभियुक्तों में राजेश सिंह, बब्लू राठौर, गोपाल सिंह, राधिका देवी और कामिनी राठौर शामिल हैं. गिरफ्तारी के बाद मुकदमे में धारा-61(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है. सभी गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है. पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि गिरोह के शेष सदस्यों की पहचान कर ली गई है और उन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर इस पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाएगा. पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने अपराध करने के तरीके का खुलासा किया, जो बेहद शातिराना और संगठित था. उन्होंने बताया कि वे अपने जानकार और रिश्तेदारों के बैंक खाते रायबरेली बैंक ऑफ बड़ौदा की मुख्य शाखा में ट्रांसफर करवाते थे या नए खाते खुलवाते थे।

# एसएसबी मुख्यालय में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात 50 वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल द्वारा मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस आयोजित किया गया । जानकारी के अनुसार 07 अप्रैल को डॉ आर के थोरे कमांडेंट चिकित्सा 09 वीं वाहिनी एवं डॉ लीला सहायक कमांडेंट चिकित्सा 50 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर के उपस्थिति में वाहिनी चिकित्सालय में *विश्व स्वास्थ्य दिवस* के अवसर पर संदीक्षा परिवारों एवं उनके बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें वाहिनी मुख्यालय परिसर में उपस्थित संदीक्षा सदस्यों एवं उनके बच्चों ने प्रतिभाग किया जिसके दौरान उक्त चिकित्सा अधिकारी के द्वारा संदीक्षा सदस्यों को बदलते मौसम एवं खान -पान में बदलाव करने के साथ - साथ स्वास्थ्य रहने के लिए आवश्यक सुझाव दिया गया।

## एक कुत्ते ने क्षेत्र में फैलाई दहशत, दो दिन में 24 लोगों को काटकर किया जख्मी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

रायबरेली में एक काले कुत्ते की दहशत है। दो दिन में इस कुत्ते ने 24 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्हें एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाया गया। मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के सूदनखेड़ा मोहल्ले का है। यहां की रहने वाली निशा ने बताया कि वह घर के बाहर झाड़ू लगा रही थीं। तभी पीछे से आए कुत्ते ने उन्हें काट लिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े। इसी दौरान पड़ोस की ममता को भी उसी कुत्ते ने काट कर जख्मी कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुत्ता अस्पताल रोड से सूदनखेड़ा, बेहटा चौराहा होते हुए मलपुरा और महाखेड़ा की ओर भागा। रास्ते में उसने कई लोगों को निशाना बनाया।

# शादियों का सीजन और गैस की किल्लत, रायबरेली में होटल-रेस्टोरेंट संचालकों का फूटा गुस्सा, प्रशासन को दी चेतावनी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



शहर के जायके पर 'गैस की किल्लत' का ग्रहण लग गया है। कमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत ने होटल और रेस्टोरेंट संचालकों की नींद उड़ा दी है। आलम यह है कि सहालग (शादियों का सीजन) सिर पर है और रसोई में गैस खत्म होने को है। इस संकट से नाराज रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर हुंकार भरी और डीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द सप्लाई बहाल करने की मांग की। रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने दो टूक कहा कि अगर सप्लाई का यही हाल रहा, तो होटलों और ढाबों में ताले लटकने तय हैं। उन्होंने बताया कि सहालग का सीजन शुरू होने वाला है, जिसमें गैस की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में सिलेंडर न मिलना कारोबारियों की कमर तोड़ रहा है। एसोसिएशन के महामंत्री बलजीत सिंह ने कहा कि सिलेंडर की किल्लत से न केवल व्यापार प्रभावित हो रहा है, बल्कि होटल में काम करने वाले कर्मचारियों के सामने भी रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। संचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि जिला प्रशासन ने जल्द हस्तक्षेप नहीं किया, तो वे कामकाज ठप करने पर मजबूर होंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने संचालकों को आश्वासन दिया है कि आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गैस एजेंसियों से तालमेल बैठाकर सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए ताकि शहर के कारोबार पर कोई आंच न आए।

# कैसे बनाएं अपने आपको क्रिएटिव...





हम सभी एक जुदा अंदाज में जीना चाहते हैं, लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं। मगर कैसे? लाइफ को क्रिएटिव बनाने की इस इच्छा को पूरी करना चाहते हैं तो इसके लिए प्रयास भी आप ही को करना होगा। यह प्रयास कुछ अलग किस्म के होंगे, जैसे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकल कर कुछ नया करने की कोशिश करें।

आपकी तरह सोचने वाले लोगों से मिले-जुलें और अपने आइडियाज शेयर करें। इन चीजों से धीरे-धीरे लाइफ में बदलाव आने लगेंगे।

## सीखें कुछ नया

लाइफ को क्रिएटिव बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले यह बात समझ लें कि सीखने की कोई सीमा तय नहीं होती है। नई-नई चीजें सीखें। कुछ नया सोचें या फिर पुरानी चीजों को नए तरीकों से करने के बारे में सोचें। कुछ नया सोचने के लिए इमेजिनेशन होना जरूरी है। हर वक्त नया सोचने के प्रयास से इमेजिनेशन पावर बढ़ती है, जो क्रिएटिविटी के लिए बहुत जरूरी है।

नई चीजें सीखते हुए अकसर असफलता का डर होता है। इस डर को मन से निकाल दें। याद रखें, क्रिएटिव लोगों में यही खास बात होती है कि वो कभी भी असफलताओं से डरते नहीं हैं। कुछ नया सीखने का जज्बा इस डर से बड़ा होता है।

अब आपको कोई चीज क्यों रोके? तो फिर अब हर हफ्ते कम से कम एक नई चीज सीखने की कोशिश करें। छोटी-छोटी चीजों से शुरू करें जैसे कि कोई नई डिश बनाएं या फिर अपने कमरे को किसी नए तरीके से सजाएं।

## क्रिएटिव लोगों से जुड़ें

क्रिएटिव लोगों से मिलते-जुलते रहें, मिलने का समय न हो तो किसी भी अन्य तरीके से जुड़ें। इससे आपको प्रेरणा मिलेगी। इस तरह लोगों से जुड़ने पर आप अपने आइडियाज बेझिझक शेयर कर सकते हैं और नई बातें भी जान सकेंगे।

क्रिएटिव लोगों से जुड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि अपने शौक के अनुरूप कोई क्लब या ग्रुप जॉइन कर लें। इसके अलावा सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट्स पर आप अपना खुद का ग्रुप बनाकर लोगों को इनवाइट कर सकते हैं, डिसकशन्स कर सकते हैं।

इस तरह के ग्रुप्स एक बढ़िया सपोर्ट सिस्टम की तरह काम करते हैं। साथ ही आपकी लाइफ को क्रिएटिव बनाने में सहायक भी होते हैं।



# सिर्फ 15 दिनों में चेहरा खूबसूरत बनाएं जानिए कैसे



हम अपना चेहरा चमकाने के लिए ब्यूटी पार्लर के मोहताज होते हैं या फिर कुछ घरेलू उपचार का सहारा लेते हैं। यहां तक कि आधुनिक तकनीक से बोटोक्स की भी शरण में चले जाते हैं। यहां पेश है कुछ ऐसे उपाय जिसके लिए ना महंगी दवाई की जरूरत है ना ही फेसपैक और पार्लर के नखरों की।

प्रस्तुत है चेहरे के कुछ ऐसे व्यायाम जिन्हें आप आसानी से कहीं भी और कभी भी कर सकते हैं और बढ़ा सकते हैं अपने चेहरे की रौनक। इन्हें हम फेशियल योगा का नाम दे सकते हैं। प्रत्येक फेशियल योगा 8-10 से 20 बार प्रतिदिन 5 से 7 मिनट तक करें। इससे आपको 15 दिन में ही फर्क नजर आने लगेगा।

फेशियल योगा स्टेप्स

1 गर्दन सीधी रखकर आईब्रो ऊपर-नीचे करें।
2 भौहें सिकोड़ें, माथे पर आड़े व खड़े सल डालें।
3 गर्दन सीधी रखें व ऊपर-नीचे देखें।
4 आंखों को दोनों दिशा में गोल घुमाएं।
5 आंखों पर हथेली रगड़कर कुछ देर रखें।
6 सुबह व रात आंखों को ठंडे पानी से धोएं।
7 नथुने फुलाएं व ढीला छोड़ दें।
8 पूरा मुंह खोलें व बंद करें।
9 जबड़ा दाएं-बाएं हिलाएं।
10 होठों को सिकोडें व फैलाएं।
11 दांत दिखाएं व बंद करें।
12 मुंह से फुग्गा फुलाएं।
13 दांत पर दांत रखकर जमकर दबाएं।
14 गर्दन की चमड़ी को खीचें, जबड़ा टाइट करें।
15 दस तक गिनते हुए गर्दन को पीछे ले जाएं।
16 मुंह में पानी भरकर हिलाएं।
17 सोने के पहले प्रतिदिन चेहरे को साफ करें। यदि आप वर्किंग वूमन हैं तो डीप क्लीजिंग मिल्क से साफ करें।

व्यायाम के अतिरिक्त संतुलित खान-पान आपकी त्वचा में असली चमक लाता है। अत: भोजन में दूध, दही, सलाद, फल, हरी सब्जियां अवश्य लें। पर्याप्त पानी पिएं, सूर्य की तेज किरणों से बचें व धूप का चश्मा लगाएं।

# तपती गर्मी में पाएं खिली-खिली ताजगी



गर्मी में अगर आप अगर बहुत थकान महसूस कर रहे हैं तो पानी के छींटों से आप फ्रेश महसूस करेंगे। सादा पानी भी आपकी त्वचा को तरोताजा रखता है। वह एक प्राकृतिक मॉइस्चराइज़र की तरह काम करता है। खीरे के जूस को आप चेहरे पर लगाएं तो इससे चेहरे पर ठंडक महसूस होगी तथा सनबर्न (धूप की जलन) की समस्या से बचे रहेंगे।

* ऑफिस से जब आप लौट कर आते हैं तब आप अपने पैर, हाथ, हल्के गुनगुने पानी में डाल कर रखें जिससे आपकी सारी थकान कम हो जाएगी। अगर आप चाहें तो इस पानी में थोड़ा सा नमक भी डाल सकते हैं। इससे पैर कोमल हो जाते हैं। आप सोफ्टनर से पैरो के तलवे को साफ कर सकते हैं। 10 से 15 मिनट तक अपने पैर को पानी में डालकर रखें इससे शरीर का रक्तसंचार भी बढ़ेगा।

* एक बोतल में आप थोड़ा सा कोलोन या परफ्यूम की थोड़ी सी बूंदों को लेकर अधिक मात्रा पानी के साथ उसे मिला दें, स्प्रे बोतल की तरह इसे इस्तेमाल कर आप रिफ्रेश हो सकते हैं।

* त्वचा के मुंहासों के लिए चन्दन तथा गुलाब के जल से पेस्ट बनाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इस समस्या से आपको राहत मिल सकती हैं। रात भर इसे रखें तथा दूसरे दिन इसे धो लें।

* चेहरा केवल ऊपर से साफ नहीं होता हैं बल्कि इसे भीतर से भी साफ करना चाहिए। इसके लिए आप नींबू का रस तथा चीनी को मिलाकर अपने चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इससे आपकी त्वचा भीतर से साफ हो जाएगी तथा चेहरे के झुलसे हुए दाग में भी आराम पड़ेगा।

* केले को लेकर आप इसे दूध के साथ मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं तो आपका चेहरा कोमल होगा और इस पर निखार आ जाएगा।

* हल्दी के साथ दूध को मिलाकर लगाएं तो आपकी झुलसी हुई त्वचा की समस्या हल होगी तथा फेशियल बाल कम हो सकते हैं।





# अपने बच्चे को पढ़ने के लिए प्रोत्साहन दीजिए

भले ही आज स्मार्ट फोन और टैबलेट की जनरेशन (पीढ़ी) अपने ज्ञान की क्षमताओं में एक कदम आगे है फिर भी यह जरूरी है कि आप अपने बच्चे को शुरुआती सालों से ही पढ़ने के लिए प्रोत्साहित और तैयार करें। माता-पिता की बहुत-सी जिम्मेदारियां होती हैं जिसमें से एक है कि वे अपने बच्चे की पढ़ने के प्रति रुचि बढ़ाएं। कैसे आप पढ़ने में उनकी रुचि बढ़ा सकते हैं :-

उनकी पसंदीदा किताब लें – अगर आपके बच्चे का कोई पसंदीदा कार्टून कैरेक्टर है तो उसे टीवी देखने देने की बजाय किताब गिफ्ट करें। किताबों की दुकानें बहुत से कार्टून किताबों से भरी हैं। ये समान रूप से आकर्षक हों, नए के साथ पिक्टोरियल हों तो ध्यान जोड़े रखती हैं।

उनके लिए पढ़ें – अगर आप अपने बच्चों के लिए फैरी टेल या कार्टून की किताबें लाई हैं तो आप उन्हें अपने बच्चों के लिए पढ़ें। हो सकता है शुरुआत में बच्चे रुचि न लें तो आप उसे खुद पढ़ना शुरू करें। इससे आपके बच्चों में जिज्ञासा बढ़ेगी कि किताब में ऐसा क्या है, जो आप इसे पढ़ रहे हैं और उसे प्रोत्साहित भी करेगा। इसके बाद आप बच्चों को इस प्रक्रिया में शामिल कर सकते हैं।

किताबों से सुनाएं – कहानियों को रोमांचक तरह से सुनाएं। जरूरी नही है कि कहानी जैसी लिखी है आपको वैसे ही सुनानी है। आप उसमें कुछ अपने बचपन की दिलचस्प बातें जोड़ सकती हैं या फिर कहानियों के किरदार की तुलना अपने बच्चों से कर सकती हैं। यह बच्चों को जोड़े रखता है।

पूरी प्रक्रिया का आनंद लें। यह न सोचें कि यह थकाऊ प्रक्रिया है। इससे आपका बच्चा रुचि खो सकता है। हमेशा चार्ज अप लगें।

# छह चीजों से चमकाएं बाल और त्वचा



अगर आप चमकदार त्वचा और हैल्दी हेयर चाहते हैं तो अपनी फूड लिस्ट मे इन चीजों को शामिल कर सकते हैं। ये चीजें आपको खूबसूरती के साथ-साथ बढ़िया सेहत से भी नवाजेंगी।

विटामिन ए से भरपूर चीजें

क्या लें- गाजर, पालक, ब्रोकली, पपीता, आम, आलू व टमाटर

फायदा – इन चीजों में कैरोटीन होता है, जो सनस्क्रीन का काम करता है और त्वचा को धूप से बचाता है। टमाटर में लाइकोपीन भी सनस्क्रीन का काम करता है, लेकिन जरूरी है कि टमाटर अच्छे से पका हो।

सूखे मेवे

फायदा- इनमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो त्वचा में नमी बनाए रखता है। अखरोट में बायोटीन होता है जो बालों को बढ़ाता है, झड़ने और दो मुंहे होने से रोकता है।

विटामिन सी वाली चीजें

फायदा- नींबू, आंवले, संतरे का खट्टापन शरीर में जाकर कोलेजन बनाता है, जो त्वचा की कोशिकाओं को जवां रखता है, इससे झुर्रियां नहीं पड़तीं और त्वचा के घाव भी जल्दी भरते हैं। विटामिन-सी वाली चीजें आसानी से पच जाती हैं और अधिक मात्रा होने पर यूरिन के रास्ते निकल जाती हैं।

अलसी के बीज

फायदा- खाने को कुरकुरा बनाते हैं। इनमें मौजूद फाइबर, ओमेगा थ्री फैटी एसिड व विटामिन ई से त्वचा की नमी बनी रहती है, मुंहासे नहीं होते। रोजाना एक चम्मच प्रयोग करें।

विटामिन बी और कॉपर

पुरूषों के बालों में सफेदी की शुरूआत दाढ़ी से होती है, जबकि महिलाओं में कनपटी की तरफ से। इसके प्रमुख कारण हैं- चिंता करना, विटामिन बी, आयरन, कॉपर और आयोडीन की कमी। इसके लिए धूम्रपान न करें, मटर, ब्रोकली, ब्राउन राइस, गांठ गोभी खाएं व ग्रीन टी पीएं।



# मां बनने के एक साल के अंदर घटाएं वजन



मां बनने के एक साल के अन्दर महिलाओं ने अगर अपने वजन पर नियंत्रण नहीं किया तो उन्हें हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी कई बीमारियां घेर सकती हैं।

ब्रिटिश दैनिक में प्रकाशित रिपोर्ट में बताया गया है कि कनाडा में टोरंटो के माउंट सिनाई अस्पताल के मधुमेह केंद्र ने अपने नए शोध में यह बताया है कि महिला के लिए मां बनने के बाद के पहले तीन महीने सुरक्षित होते हैं क्योंकि इस दौरान उनके शरीर में उतने बदलाव नहीं होते इसलिए हृदयरोग, मधुमेह या उच्च रक्तचाप का खतरा इस दौरान उतना अधिक नहीं रहता है।

शोध पत्रिका डायबिटीज केयर में प्रकाशित इस शोध के मुताबिक तीन महीने के बाद पूरे साल तक मां के शरीर में तरह-तरह के बदलाव होते हैं। इस दौरान उनके शरीर में उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्राल और इंसुलिन की सक्रियता काफी बढ़ जाती है और उनके हृदय संबंधी रोग से ग्रसित होने का खतरा काफी बढ़ जाता है।

शोध के दौरान 300 गर्भवती महिलाओं पर पूरे नौ महीने और बच्चे के जन्म के एक साल बाद तक निगरानी की गई और उनकी नियमित जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि अगर बच्चे को जन्म देने के एक साल के अंदर मां ने अपने वजन को कम नहीं किया तो उसके मधुमेह से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है।

उन्होंने पाया कि बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर तीन चौथाई मांओं ने अपने वजन पर काबू पा लिया और उनका कोलेस्ट्राल तथा रक्तचाप का स्तर सामान्य रहा, लेकिन जिन एक तिहाई महिलाओं का वजन इन दौरान बढ़ गया उनके मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ित होने की संभावना भी काफी बढ़ गई। शोधकर्ता डॉक्टर रवि रत्नाकरन ने कहा कि इस शोध के कारण अब महिलाओं को बच्चे के जन्म के एक साल के अंदर वजन घटाने की सलाह दी जाती है।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...



## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## राघव चड्ढा से दूरी: आम आदमी पार्टी में बढ़ती दरार या नेतृत्व पर सवाल?

**यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े प्रश्न की ओर ले जाता है। क्या आम आदमी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र कमजोर हो रहा है? क्या पार्टी में वैकल्पिक विचारों के लिए पर्याप्त जगह है? जब भी कोई वरिष्ठ नेता असहमति जताता है और अंततः किनारे हो जाता है, तो यह केवल व्यक्तिगत विवाद नहीं रह जाता, बल्कि संस्थागत संरचना पर प्रश्नचिह्न बन जाता है। वास्तविकता यह है कि जिस 'ईमानदारी' और 'पारदर्शिता' के आधार पर पार्टी खड़ी हुई थी, वही आज सबसे अधिक सवालों के घेरे में है। हालांकि शीर्ष नेतृत्व पर लगे आरोप न्यायालय में सिद्ध नहीं हुए हैं।**

*आम आदमी पार्टी (आआपा) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को पार्टी के भीतर जिस तरह हाशिए पर धकेला गया है, उसने न केवल उनके राजनीतिक भविष्य बल्कि पार्टी की आंतरिक स्थिति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्हें राज्यसभा में नेता पद से हटाया जाना महज एक संगठनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि एक बड़े राजनीतिक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि राघव चड्ढा अभी भी पार्टी में बने हुए हैं लेकिन पार्टी नेतृत्व और उनके बीच बढ़ती दूरी अब छिपी नहीं है। पार्टी नेताओं द्वारा उनकी 'पार्टी लाइन' से विचलन पर की गई तीखी आलोचना और दूसरी ओर राघव का सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को जनहित के मुद्दों का पक्षधर बताना, स्पष्ट संकेत देता है कि दोनों पक्षों के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरा चुके हैं। राघव चड्ढा पार्टी के शुरुआती दौर से जुड़े रहे हैं और उन्हें 'थिंक टैंक' के रूप में देखा जाता था। ऐसे में उनकी भूमिका को लेकर उत्पन्न अनिश्चितता केवल एक व्यक्ति का संकट नहीं, बल्कि संगठनात्मक असंतुलन का प्रतीक बनती जा रही है। यह पहली बार नहीं है जब पार्टी के किसी प्रमुख चेहरे ने दूरी बनाई हो। पिछले एक दशक में कई बड़े नेताओं का पार्टी से अलग होना एक पैटर्न की ओर इशारा करता है। शाजिया इल्मी, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, आशुतोष, अलका लांबा जैसे नाम केवल व्यक्ति नहीं बल्कि वे ऐसी शख्सियत थीं जिन्होंने कभी पार्टी की वैचारिक दिशा तय की थी। लगातार हो रहे इन प्रस्थानों से यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि समस्या व्यक्तियों में थी या फिर पार्टी की कार्यशैली और नेतृत्व शैली में कोई मूलभूत कमी है। एक-एक कर पार्टी छोड़ चुके नेताओं ने पार्टी सुप्रीमो एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर गंभीर आरोप लगाए थे कि उनकी व्यक्तिगत महत्वकांक्षा के चलते पार्टी दिशा भ्रमित हो गई है। आम आदमी पार्टी की शुरुआत 2012 में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जनांदोलन से हुई थी, जिसका मूल आधार पारदर्शिता, जवाबदेही और आंतरिक लोकतंत्र था। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि आआपा के कई नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और सत्येंद्र जैन को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाना पड़ा, हालांकि अभी उन पर अदालत से दोष सिद्ध नहीं हुआ, लेकिन निःस्संदेह, इससे पार्टी की छवि पर धब्बा तो लगा है। कई पूर्व नेताओं ने खुलकर यह कहा कि पार्टी में निर्णय कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित हो गए हैं। इससे न केवल असहमति की जगह कम हुई, बल्कि संवाद की संस्कृति भी प्रभावित हुई। परिणामस्वरूप, संगठन के भीतर विचारों की विविधता की जगह टकराव ने ले ली। दिल्ली और पंजाब में सत्ता हासिल करने के बाद पार्टी का तेजी से विस्तार हुआ, लेकिन इस विस्तार के साथ मजबूत संगठनात्मक ढांचे की जरूरत भी बढ़ी। विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी इस चुनौती से पूरी तरह नहीं निपट सकी। समन्वय की कमी, संवादहीनता और नेतृत्व पर अत्यधिक निर्भरता ने कई बार आंतरिक असंतोष को जन्म दिया। राघव चड्ढा को पार्टी के युवा और शिक्षित चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया गया। वे रणनीतिकार, प्रवक्ता और संसदीय नेता के रूप में सक्रिय रहे हैं। हालांकि, वर्ष 2023 में उन पर राज्यसभा में 'फर्जी हस्ताक्षर' से जुड़ा विवाद भी सामने आया, जिसके कारण उन्हें निलंबन झेलना पड़ा। उन्होंने इन आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया। महत्वपूर्ण यह है कि पार्टी ने कभी भी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार या अनुशासनहीनता का औपचारिक आरोप नहीं लगाया, फिर भी उन्हें पद से हटाया जाना इस बात का संकेत है कि असहमति को किस तरह देखा जा रहा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है।**



योगेश कुमार गोयल

**होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है। यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं।**

## होम्योपैथी: सूक्ष्मता की शक्ति, स्वास्थ्य की व्यापकता

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है।

देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि वैकल्पिक और परम्परागत औषधियों को बढ़ावा दिए बगैर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता और वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों में विश्व में होम्योपैथी का प्रमुख स्थान है। अपनी कुछ अलग ही विशेषताओं के कारण होम्योपैथी आज विश्वभर में सौ से भी अधिक देशों में अपनाई जा रही है तथा भारत तो होम्योपैथी के क्षेत्र में विश्व का अग्रणी देश है। दरअसल होम्योपैथी दवाओं को विभिन्न संक्रमित और गैर संक्रमित बीमारियों के अलावा बच्चों और



**अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।**

महिलाओं की बीमारियों में भी विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है। हालांकि होम्योपैथिक दवाओं के बारे में धारणा है कि इन दवाओं का असर रोगी पर धीरे-धीरे होता है लेकिन इस चिकित्सा प्रणाली की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि यह रोगों को जड़ से दूर करती है और इन दवाओं के साइड इफेक्ट भी नहीं के बराबर होते हैं। होम्योपैथी दवाएं प्रत्येक व्यक्ति पर अलग तरीके से काम करती है और अलग-अलग व्यक्तियों पर इनका असर भी अलग ही होता है। होम्योपैथी चिकित्सकों की मानें तो डायरिया, सर्दी-जुकाम, बुखार जैसी बीमारियों में होम्योपैथी दवाएं एलोपैथी दवाओं की ही भांति तीव्रता से काम करती हैं लेकिन अस्थमा, गठिया, त्वचा रोगों इत्यादि को ठीक करने में ये दवाएं काफी समय तो लेती हैं मगर इन रोगों को जड़ से खत्म कर देती हैं। होम्योपैथी के बारे में सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि होम्योपैथी को चमत्कार के रूप में माना जाता है। केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के अनुसार चिकित्सा का ही एक वैकल्पिक रूप है होम्योपैथी, जो 'समः समम् शमयति' अथवा 'समरूपता' दवा सिद्धांत पर आधारित है, जो दवाओं द्वारा रोगी का उपचार करने की ऐसी विधि है, जिसमें किसी स्वस्थ व्यक्ति में प्राकृतिक रोग का अनुरूपण करके समान लक्षण उत्पन्न किया जाता है, जिससे रोगग्रस्त व्यक्ति का उपचार किया जा सकता है। भारत में होम्योपैथी सबसे लोकप्रिय चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। देशभर में 210 से ज्यादा होम्योपैथी अस्पताल, 8 हजार से ज्यादा होम्योपैथी डिस्पेंसरी और करीब तीन लाख होम्योपैथी प्रैक्टिशनर हैं। भारत में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जाता है। दिखने में भले ही होम्योपैथी दवाएं एक जैसी लगती हैं किन्तु वास्तव में विश्वभर में होम्योपैथी की 4000 से भी ज्यादा तरह की दवाएं हैं। होम्योपैथी के संस्थापक माने जाने वाले सैमुअल हैनीमैन का कहना था कि इलाज का उच्चतम आदर्श सबसे भरोसेमंद और कम से कम हानिकारक तरीके से स्वास्थ्य की तेज, कोमल और स्थायी बहाली है। चूंकि होम्योपैथी की अनेक दवाओं का प्रभाव रोगी के शरीर पर अपेक्षाकृत धीमी गति से प्रकट होता है जबकि एलोपैथी त्वरित राहत देने के लिए जानी जाती है, इसलिए लोकप्रियता के पैमाने पर दोनों पद्धतियों की तुलना अक्सर की जाती है। फिर भी यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि होम्योपैथी आज भी विश्वभर में सबसे अधिक प्रचलित वैकल्पिक चिकित्सा प्रणालियों में शामिल है। इसका कारण केवल इसकी सुलभता या कम लागत नहीं बल्कि इसकी वह विशिष्ट उपचार पद्धति है, जो शरीर को स्वयं को संतुलित और स्वस्थ करने की दिशा में प्रेरित करती है। होम्योपैथिक उपचार रोग के लक्षणों को दबाने के बजाय उसके मूल कारण तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिससे रोग की पुनरावृत्ति की संभावना भी कम हो जाती है। यह पद्धति व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखती है, जिससे उपचार अधिक समग्र और प्रभावी बनता है। साथ ही, प्राकृतिक स्रोतों से निर्मित और अत्यंत सूक्ष्म मात्रा में दी जाने वाली दवाएं सामान्यतः दुष्प्रभाव रहित मानी जाती हैं तथा अन्य दवाओं के साथ प्रतिकूल प्रतिक्रिया की संभावना भी न्यूनतम होती है। यही कारण है कि आज के जटिल और दुष्प्रभाव-प्रधान चिकित्सा परिवेश में होम्योपैथी एक सुरक्षित, संतुलित और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समाधान के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अष्टमी 11:15 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 11:27 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शिव, 06:30 |
| सूर्योदयः | 06:01 |
| सूर्यास्तः | 18:43 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:47-12:22 |
| विक्रमी संवत्: | 2083 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 12:03-12:53 |

## जन एक्सप्रेस

**रूक गई लड़ाई !**

*हो गई है घोषणा ।*
*खबर बड़ी है आई ।।*
*दो हफ्ते का युद्धविराम ।*
*रूक गई लड़ाई ।।*
*बन गयी है सहमति ।*
*श्रेय लेने की होड़ ।।*
*कोई भी दलाल हो पर ।*
*खबर ये बेजोड़ ।।*
*इजरायल भी सहमति ।*
*मान गया ईरान ।।*
*खुल जाएगा हॉर्मुज ।*
*निर्बाध अब गतिमान ।।*
*थक चुके हैं ट्रंप और ।*
*घुटनों पर ईरान ।।*
*आज स्वतः दोनों ।*
*बन रहे महान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## कैसे सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते स्ट्रा

**हम** सब अपने पसंदीदा पेय -ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुँचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती है। लेकिन दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं। अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, 'भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ती कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।' कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ



पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें 'पर्यावरण के अनुकूल' विकल्प के रूप में देखा गया। लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है। चावला ने इस विषय की गहराई से रिसर्च की। कई देशों का दौरा किया। उन्होंने जो पाया, वह चौंकाने वाला और चिंताजनक था। अपनी शोध की यात्रा ने उन्हें 'कार्मापैक्स' नामक कंपनी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो गन्ने के अपशिष्ट से बने स्ट्रॉ बनाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले स्ट्रॉ के पीछे छिपी सच्चाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम किया। प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, 'कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।'

**प्लास्टिक स्ट्रॉ क्यों हानिकारक हैं:** प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ. प्रभात ओझा

**ईरान अब परमाणु हथियार, मिसाइल या आतंक का खतरा न बने। न अमरीका के लिए, न इजराइल के लिए, न ईरान के अरब पड़ोसियों के लिए और न ही दुनिया के लिए।' दरअसल, ईरान खतरा न बने, यह तो बातचीत के रुख से तय होगा।**

## ईरान करता बड़े पलटवार, अमरीका दोस्तों से ही लाचार

**ऐसा** मान लेना जल्दबाजी होगी कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जिसे 'दलाल' कहा था, उसी पाकिस्तान ने जंग रुकवा दी। प्रारम्भिक तौर पर अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पोस्ट से जरूर यह लगता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं दो हफ्तों के लिए ईरान पर बमबारी और हमले को रोकने पर सहमत हूं।' ट्रंप ने कहा कि यह निर्णय पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर से बातचीत के बाद लिया गया। उन दोनों ने मुझसे नियोजित हमलों को टालने का आग्रह किया था। राष्ट्रपति का यह निर्णय वाला बयान, उस समय सीमा के सिर्फ एक घंटा पहले आया, जिसके बाद उन्होंने 'एक पूरी सभ्यता का नामोनिशान मिटा देने' की धमकी दी थी। जो भी हो, युद्ध एक सभ्य दुनिया के लिए महापाप ही होता है। इसे शुरू करने के 40वें दिन अचानक शांति का ख्याल आ जाने के पीछे कुछ तो हुआ होगा। उस तय लाइन पर आगे बढ़ने के लिए गुरुवार 10 अप्रैल से इस्लामाबाद में बातचीत करने का निर्णय हुआ। दुनिया इससे राहत की सांस लेगी, इसके संकेत मिलने शुरू हो गये। युद्धविराम घोषित होते ही कच्चे तेल की कीमत करीब

**ट्रंप का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले सुरक्षा परिषद में होर्मुज खोलने पर बहरीन की तरफ से आया प्रस्ताव गिर गया। इस पर वोटिंग में रूस और चीन ने वीटो कर दिया। और तो और, जिस पाकिस्तान के मध्यस्थ होने की खबर है, वह मतदान से गैरहाजिर रहा। पाकिस्तान इस समय सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। परिणाम यह रहा कि होर्मुज को खुलवाने के अमरीकी इरादे को धक्का पहुंचा।**

100 डॉलर प्रति बैरल नीचे आ गया। शुरुआती घंटों में ही भारत के शेयर बाजार में भी रौनक देखने को मिलने लगी थी। खबर पहले भी थी कि पाकिस्तान बातचीत में मध्यस्थता कर रहा है। फर्क यह है कि अब आधिकारिक रूप से दोनों पक्षों के घोषित प्रतिनिधि आमने-सामने बैठेंगे। स्वाभाविक है कि इतनी भयावह तल्खी के बाद सहमति के लिए लेनदेन भी होगी। इस 'दलाली' में मध्यस्थ को क्या मिलेगा, यह भी देखना है। अब मध्यस्थता अथवा दलाली मुख्य प्रश्न नहीं है। प्रश्न है कि किन परिस्थितियों में संघर्ष रोकना पड़ा। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के कहने भर से यह हो गया, प्रारम्भिक तौर पर दुनिया में इसे कोई नहीं मान रहा। अभी तो राष्ट्रपति ट्रंप की बेचारगी और लाचारी ही दिख रही है। इसे समझने के लिए युद्ध विराम पर इजराइल के पहले बयान पर नजर डालनी चाहिए। बयान के एक हिस्से में कहा गया है, 'इजराइल अमरीका की उस कोशिश का समर्थन करता है जिसमें यह सुनिश्चित करना है कि ईरान अब परमाणु हथियार, मिसाइल या आतंक का खतरा न बने। न अमरीका के लिए, न इजराइल के लिए, न ईरान के अरब पड़ोसियों के लिए और न ही दुनिया के लिए।' दरअसल, ईरान खतरा न बने, यह तो बातचीत के रुख से तय होगा। अभी वह अपने उन पड़ोसियों के लिए खतरा जरूर है, जहां अमरीकी अड्डे हैं। ईरान ने युद्ध के दौरान साफ कर दिया था कि वह अपने 'पड़ोसी भाइयों' पर नहीं बल्कि उनके यहां अमरीकी ठिकानों पर हमले कर रहा है। यही नहीं, ईरान ने ट्रंप की ताजा धमकी के बाद मध्य एशिया के विभिन्न देशों में मौजूद महत्त्वपूर्ण पुलों, जैसे कुवैत का शेख अल अहमद अल सबाह सी ब्रिज, सऊदी अरब और बहरीन को जोड़ने वाला किंग फहद कॉजवे, जार्डन का किंग हुसैन ब्रिज, दामिया और अब्दौलन ब्रिज को निशाने पर रखा था। उसने इजराइल के परमाणु ठिकानों और मध्य एशिया की कई रिफाइनरीज पर भी हमले की योजना बना ली। इसमें दो राय नहीं हो सकती कि ये सम्बंधित देश ट्रंप पर युद्ध रोकने का दबाव बढ़ा रहे थे। बातचीत किस दिशा में जाएगी, इस पर अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल तो अमरीका की लाचारी को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आए होर्मुज प्रस्ताव से भी समझा जा सकता है। ट्रंप का अल्टीमेटम खत्म होने से पहले सुरक्षा परिषद में होर्मुज खोलने पर बहरीन की तरफ से आया प्रस्ताव गिर गया। इस पर वोटिंग में रूस और चीन ने वीटो कर दिया। और तो और, जिस पाकिस्तान के मध्यस्थ होने की खबर है, वह मतदान से गैरहाजिर रहा। पाकिस्तान इस समय सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है। परिणाम यह रहा कि होर्मुज को खुलवाने के अमरीकी इरादे को धक्का पहुंचा। बातचीत के परिणाम का इंतजार करना होगा, अभी तो अमरीका अब तक दुश्मन रहे ईरान के पुनर्निर्माण में मदद करने का भी वचन दे रहा है। चालाक और अस्थिर ट्रंप आगे क्या करें, इसका भी भरोसा नहीं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# मेहनत की हरियाली पर मौसम ने चलाया वार, गेहूं की झुकी बालियों में छुपा है दर्द अपार

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने खेतों में पहुंचकर लिया जायजा, सर्वे कर मुआवजा दिलाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



जनपद में हुई बेमौसम बारिश, तेज हवाओं और ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत को गहरा आघात पहुंचाया है। खेतों में खड़ी गेहूं की तैयार फसल अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा के कारण जमीन पर गिरकर बर्बाद हो गई। जिन फसलों को काटने की तैयारी चल रही थी, वे अब पानी और हवा की मार झेलते हुए खेतों में बिछी नजर आ रही हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है।

### खेतों तक पहुंचे जिलाधिकारी, खुद देखा हालात का दर्द

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने न्यूरिया क्षेत्र के साथ-साथ राजा कॉलोनी और मुख्तियार कॉलोनी जैसे इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव मिश्रा और उप जिलाधिकारी सदर श्रद्धा सिंह भी मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने केवल दूर से निरीक्षण नहीं किया, बल्कि खुद खेतों में उतरकर जलभराव और गिरी हुई फसल की स्थिति को करीब से देखा। गीले खेतों में खड़े होकर उन्होंने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने अपनी बर्बाद फसल दिखाते हुए नुकसान की पीड़ा साझा की।

### तेज हवाओं और पानी ने तोड़ी किसानों की उम्मीदें

निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि तेज हवाओं के कारण गेहूं की पकी हुई फसल खेतों में गिर गई है। कई स्थानों पर बारिश का पानी भर जाने से फसल पूरी तरह खराब हो चुकी है। जमीन पर गिरी फसल के कारण उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित होने की संभावना है, जिससे किसानों को बाजार में उचित मूल्य मिलने में भी दिक्कत आ सकती है। इस अचानक आई आपदा ने उन किसानों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है, जिन्होंने पूरी मेहनत और उम्मीद के साथ अपनी फसल तैयार की थी।

### हर खेत का होगा सर्वे, किसी किसान के साथ नहीं होगी अन्याय: जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद लेखपालों और राजस्व विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के हर गांव में फसल नुकसान का निष्पक्ष और विस्तृत सर्वे कराया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक प्रभावित किसान की फसल का सही आंकलन किया जाए, ताकि मुआवजा देने की प्रक्रिया में किसी भी पात्र किसान को वंचित न रहना पड़े। इस बीच वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों को काफी नुकसान हुआ है। प्रशासन की प्राथमिकता यह है कि सभी प्रभावित किसानों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग की टीमों को सर्वे के लिए सक्रिय कर दिया गया है और जैसे ही नुकसान का आंकलन पूरा होगा, रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को तेजी से शुरू किया जाएगा। इस प्राकृतिक आपदा के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। अधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं और किसानों को भरोसा दिला रहे हैं कि सरकार उनके साथ खड़ी है। किसानों को अब उम्मीद है कि प्रशासन की इस तत्परता से उन्हें जल्द राहत मिलेगी और उनकी मेहनत का कुछ हद तक मुआवजा मिल सकेगा।

# स्कूल में किताबों का 'कारोबार' उजागर, डीआईओएस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**अभिभावकों से महंगी किताबें खरीदने का दबाव, नियमों की अनदेखी पर मान्यता रद्द की चेतावनी**




**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के एक नामी निजी विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था की आड़ में अभिभावकों से कथित रूप से की जा रही अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) ने जब विद्यालय का औचक निरीक्षण किया, तो जांच में कई चौंकाने वाली अनियमितताएं उजागर हुईं। जांच के दौरान यह पाया गया कि विद्यालय परिसर के अंदर ही एक कक्षा को पुस्तकों की बिक्री केंद्र के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। यहां छात्रों को बाजार के बजाय विद्यालय से ही किताबें खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा था। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें बाहर से सस्ती किताबें खरीदने का विकल्प नहीं दिया गया और विद्यालय प्रबंधन द्वारा अप्रत्यक्ष दबाव बनाया गया।अभिभावकों के अनुसार, अलग-अलग कक्षाओं के लिए किताबों के सेट अत्यधिक कीमत पर बेचे जा रहे थे। कुछ मामलों में यह रकम हजारों रुपये तक पहुंच रही थी, जो बाजार दरों की तुलना में काफी अधिक बताई गई। इससे अभिभावकों में नाराजगी और असंतोष बढ़ता जा रहा था। प्रशासनिक जांच में सामने आया कि यह व्यवस्था शिक्षा से जुड़े नियमों के विपरीत है। संबंधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, कोई भी विद्यालय अपने परिसर में इस प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि नहीं चला सकता और न ही किसी विशेष विक्रेता से खरीदारी के लिए बाध्य कर सकता है। निरीक्षण के दौरान डीआईओएस ने तत्काल प्रभाव से पुस्तक बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए और विद्यालय प्रबंधन को कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ी दोबारा सामने आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भारी जुर्माना और मान्यता रद्द करने जैसे कदम भी शामिल हो सकते हैं।

इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य निजी विद्यालयों में भी सतर्कता बढ़ गई है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता या आर्थिक शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

डीआईओएस ने अभिभावकों से अपील की है कि वे सजग रहें और यदि किसी विद्यालय द्वारा अनावश्यक दबाव बनाया जाता है, तो इसकी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को दें।

यह मामला एक बार फिर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को उजागर करता है, जहां कुछ संस्थान शिक्षा को सेवा के बजाय व्यापार के रूप में संचालित करने लगे हैं।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्रशासन इस मामले को किस दिशा में आगे बढ़ाता है और क्या दोषियों पर ठोस कार्रवाई होती है।

# नशे ने छीनी इंसानियत, रिश्तों का खून हुआ पत्नी की चीखों में एक घर का सुकून डूब गया

> यह मामला संज्ञान में आया है, जिसमें पति द्वारा पत्नी को गंभीर रूप से घायल करने की घटना सामने आई है। नाक किस वस्तु से काटी गई, इसकी जांच की जा रही है। पीड़िता का उपचार हायर सेंटर में चल रहा है। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> **सुकीर्ति माधव**
> **पुलिस अधीक्षक पीलीभीत।**



**शराब के लिए पैसे न देने पर पति बना हैवान, धारदार वार से पत्नी की नाक काटी, हालत नाजुक, आरोपी फरार**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के दियोरिया कोतवाली इलाके में घरेलू विवाद ने ऐसा भयावह रूप ले लिया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी ही पत्नी पर बर्बर हमला करते हुए उसकी नाक काट दी। गंभीर रूप से घायल महिला जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है, जबकि आरोपी घटना के बाद से फरार है। घटना गांव महेशापुर की है, जहां अमन नामक युवक की शराब की लत लंबे समय से परिवार के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि बुधवार शाम वह नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी पूजा देवी से शराब के लिए पैसे मांगने लगा। पत्नी द्वारा इनकार करने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद हिंसा में बदल गया। गुस्से में बेकाबू पति ने धारदार हथियार उठाया और पत्नी के चेहरे पर हमला कर उसकी नाक काट दी। हमले के बाद महिला खून से लथपथ होकर गिर पड़ी और दर्द से तड़पती रही। महिला की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए बरेली के हायर सेंटर भेज दिया। फिलहाल वहां उसका इलाज जारी है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी को शराब की बुरी लत है और वह अक्सर पत्नी के साथ मारपीट करता था।

इसके अलावा पत्नी पर शक करने की बात भी सामने आ रही है, जिससे घर का माहौल पहले से ही तनावपूर्ण बना हुआ था।यह घटना न सिर्फ घरेलू हिंसा की भयावह तस्वीर पेश करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि नशे की लत किस तरह एक परिवार को बर्बादी के कगार पर पहुंचा देती है। क्षेत्र में इस घटना को लेकर आक्रोश और भय का माहौल है, वहीं सभी की निगाहें अब पुलिस कार्रवाई और पीड़िता की जिंदगी पर टिकी हुई हैं।

# इश्क में ऐसा टूटा दिल, कि सांसों ने साथ छोड़ दिया

**खामोश कमरे में एक जिंदगी ने खुद से ही रिश्ता तोड़ लिया...**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

> होटल में जहर खाने से युवक की मौत, प्रेम प्रसंग को लेकर तनाव की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

जनपद में एक दर्दनाक घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया, जहां एक युवा इंजीनियर ने कथित तौर पर प्रेम संबंधों में उपजे तनाव के चलते अपनी जीवन यात्रा समाप्त कर ली। होटल के एक कमरे में उठाया गया यह खौफनाक कदम न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे इलाके के लिए स्तब्ध कर देने वाला बन गया।

मृतक की पहचान 27 वर्षीय दीपांशु के रूप में हुई है, जो बरेली जनपद के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, वह पिछले कुछ दिनों से शहर के सुनगढ़ी थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में ठहरा हुआ था।बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात युवक ने कमरे में जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह रहा कि उसने खुद ही एक परिचित को फोन कर अपनी हालत के बारे में जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिचित तुरंत होटल पहुंचे और कर्मचारियों की मदद से उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों के अनुसार, दीपांशु ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर ली थी और उसे एक सरकारी कंपनी में नौकरी भी मिल चुकी थी, लेकिन उसने अभी तक ज्वॉइन नहीं किया था।

शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग को लेकर मानसिक तनाव की बात सामने आ रही है, हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।यह घटना एक बार फिर इस कड़वी सच्चाई को सामने लाती है कि भावनात्मक दबाव और रिश्तों में आई दरारें कई बार युवाओं को बेहद खतरनाक फैसले लेने पर मजबूर कर देती हैं। जरूरत इस बात की है कि ऐसे संवेदनशील मामलों में परिवार, मित्र और समाज समय रहते संवाद और सहारा दें, ताकि किसी की जिंदगी यूं असमय खत्म न हो।

# गांव-गांव संवाद, विकास पर जोर सुहास में ग्राम बस्ती संपर्क अभियान का आयोजन



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

128 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सुहास में ग्राम बस्ती संपर्क अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया।

कार्यक्रम में पहुंचे बुद्धिजीवियों, संभ्रांत नागरिकों, मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का विधायक द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा सभी का कुशलक्षेम जाना गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याएं भी सुनीं और समाधान के प्रति आश्वस्त किया।सभा को संबोधित करते हुए स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने केंद्र में नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महिला सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिल रहा है।उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए ग्रामीणों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए जनभागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कपिल सिंह, महामंत्री रमेश राणा, सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष नत्थूलाल शर्मा, ग्राम प्रधान सहित राहुल, संतोष सिंह, नंदलाल लोधी, हरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, अशोक कुमार, प्रेमशंकर गंगवार, चंदनलाल, प्रेम वर्मा, देव कुमार मौर्य, सुखलाल कश्यप, प्रदीप, सोहनलाल, बबलू कश्यप, टाकनलाल कश्यप, रामू पांडेय, चंद्रप्रकाश, संजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देने के साथ-साथ क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई, जिससे स्थानीय स्तर पर जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा मिला।

## गांव-गांव पहुंची डिजिटल पहल, किसानों को मिला रजिस्ट्रेशन का सहारा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से पंचायत सचिवालयों पर फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों का डाटा ऑनलाइन दर्ज कर उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने किसानों को रजिस्ट्रेशन के फायदे बताते हुए जागरूक किया। पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान किसानों के आधार कार्ड, खतौनी और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर तुरंत रजिस्ट्रेशन पूरा कराया गया। तकनीकी सहायता के लिए ऑपरेटर भी तैनात रहे, जिन्होंने किसानों की समस्याओं का समाधान किया। किसानों ने बताया कि गांव स्तर पर इस तरह के शिविर लगने से उन्हें ब्लॉक या तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होती है। अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिन किसानों का अभी पंजीकरण नहीं हो पाया है, उनके लिए आगे भी इसी तरह के शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक किसानों को योजनाओं से जोड़ा जा सके।

# विकास की राह पर पंचायत का मंथन, समस्याओं पर उठी आवाज

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**




ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों की प्रगति, जनसमस्याओं और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने मिलकर क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने पर जोर दिया।बैठक का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख मानसी सिंह एवं खंड विकास अधिकारी हेमंत यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शुरुआत में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई, इसके बाद विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई।

इस दौरान सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें सड़क निर्माण की धीमी गति, पेयजल संकट, नालियों की सफाई में लापरवाही, बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने इन समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा और जहां भी बाधाएं आ रही हैं, उन्हें चिन्हित कर शीघ्र निस्तारण किया जाएगा। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए नई योजनाओं के प्रस्ताव भी रखे गए, जिनमें सड़क मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, सामुदायिक शौचालय निर्माण और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार जैसे कार्य शामिल हैं। अंत में ब्लॉक प्रमुख ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। बैठक में कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# ओलों की मार से उजड़े अरमान, खेतों में बिखरी किसानों की मेहनत दर्द बांटने पहुंचे विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज





**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**

पीलीभीत। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई और महीनों की मेहनत देखते ही देखते मिट्टी में मिल गई। इसी पीड़ा को समझने के लिए बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज प्रभावित गांवों में पहुंचे और किसानों से सीधे संवाद कर हालात का जायजा लिया। विधायक ने 128 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत न्यूरिया, न्यूरिया कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, अलीगंज, सहादतगंज, बरी, मानपुर, दुबहा, चौलाखेड़ा, पंडरी, शिवपुरिया, न्यूरिया खुर्द और बिठौराखुर्द सहित कई गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर फसलों की स्थिति देखी, जहां ओलों की मार से गेहूं और अन्य रबी फसलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त नजर आई।

ग्रामीणों और किसानों ने विधायक को बताया कि अचानक हुई इस प्राकृतिक आपदा से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। कई किसानों ने कहा कि उनकी पूरी फसल चौपट हो गई, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों की समस्याएं सुनने के बाद विधायक ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी हर समस्या को शासन और प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है।स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं और उनके हितों की अनदेखी नहीं की जा सकती। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रभावित किसानों को हर संभव राहत दिलाने के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे। विधायक के इस दौरे से किसानों में उम्मीद की किरण जगी है। अब सभी की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई और मुआवजा प्रक्रिया पर टिकी हैं, ताकि किसानों को समय रहते राहत मिल सके और वे दोबारा अपने खेतों को संवार सकें।

# मिशन शक्ति अभियान में जागरूक हुई महिलाएं, सुरक्षा और अधिकारों की दी गई जानकारी

**थानों पर महिला शक्ति केंद्र टीम ने चलाया जागरूकता अभियान, हेल्पलाइन नंबरों के प्रति किया सचेत**



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत जनपद के विभिन्न थानों पर महिला शक्ति केंद्र टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को दैनिक जीवन में सतर्क रहने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में यातायात नियमों के पालन के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया। महिलाओं को सुरक्षित यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से बताया गया और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। पुलिस टीम ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी भी आपात स्थिति में ये सेवाएं तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही महिलाओं से अपील की गई कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और जरूरत पड़ने पर बिना संकोच इन सेवाओं का लाभ उठाएं। यह अभियान महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# गेहूं खरीद पर प्रशासन की पैनी नजर, मंडियों में बढ़ी सख्ती का असर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद व्यवस्था को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और खरीद प्रक्रिया तय लक्ष्य के अनुरूप पूरी हो सके, इसके लिए प्रमुख मंडियों में जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती कर निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की तीन अहम मंडियों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके तहत पीलीभीत मंडी की जिम्मेदारी नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को सौंपी गई है, जबकि बीसलपुर मंडी में उप जिलाधिकारी न्यायिक लाल सिंह यादव को निगरानी का दायित्व दिया गया है। वहीं पूरनपुर मंडी की देखरेख जिला खाद्य विपणन अधिकारी विजय कुमार करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन अपनी-अपनी मंडियों में उपस्थित रहकर गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण करें। टोकन व्यवस्था के अनुसार किसानों से खरीद सुनिश्चित करने और केंद्र प्रभारियों के माध्यम से लक्ष्य की पूर्ति कराने की जिम्मेदारी भी तय की गई है। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे रोजाना खरीद कार्य की समीक्षा करें और मंडियों में चल रही व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर रखें। किसानों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। प्रत्येक दिन की प्रगति रिपोर्ट जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में जमा की जाएगी, जिसे संकलित कर उच्चाधिकारियों तक भेजा जाएगा, ताकि पूरे सिस्टम की सतत निगरानी बनी रहे। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि यदि गेहूं खरीद से जुड़ी कोई शिकायत सीधे उच्च स्तर तक पहुंचती है, तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय करते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे मामलों में अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। जिला प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार गेहूं खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और किसान हितैषी तरीके से पूरी होगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिल सकेगा।

## अचानक बुझ गई जिंदगी की लौ, गांव में गम का साया

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं ग्रामीणों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, महिला इन दिनों अपने मायके में रह रही थी। बुधवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घर में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए, जिससे गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों के बीच इस बात की चर्चा है कि महिला ने कथित तौर पर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

# हरदोई में ओलावृष्टि से तबाही, सैकड़ों गांवों में फसलें बर्बाद, किसान बेहाल

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**





हरदोई। जनपद के माधौगंज, मल्लावां, बिलग्राम, साण्डी और सवायजपुर सहित कई क्षेत्रों में हुई भीषण ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अचानक बदले मौसम और आसमान से गिरे बड़े-बड़े ओलों ने खेतों में खड़ी फसलों को पूरी तरह तबाह कर दिया, जिससे सैकड़ों गांवों के किसान गहरे संकट में आ गए हैं। बताया जा रहा है कि जिस समय किसान अपनी फसल की कटाई की तैयारी कर रहे थे, उसी दौरान आई तेज आंधी और ओलावृष्टि ने कुछ ही मिनटों में पूरी फसल को जमीन पर गिरा दिया। गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में बिछी फसल अब किसानों की बदहाली की कहानी बयां कर रही है।प्रभावित किसानों की आंखों में आंसू और चेहरे पर मायूसी साफ दिखाई दे रही है। कई बुजुर्ग किसानों का कहना है कि उन्होंने पहले भी प्राकृतिक आपदाएं देखी हैं, लेकिन इतनी भीषण तबाही पहले कभी नहीं देखी। उनका कहना है कि अब परिवार के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है।किसान आसमान की ओर देख कर सवाल कर रहे हैं कि आखिर उनका क्या कसूर है, जो उनकी मेहनत इस तरह बर्बाद हो गई। गांवों में हर तरफ नुकसान का मंजर है और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।वहीं अब नजरें प्रशासन की ओर टिकी हैं। प्रभावित किसानों ने सरकार और जिला प्रशासन से जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें इस संकट की घड़ी में राहत मिल सके।

## हाईटेंशन लाइन में हुए फाल्ट से खेत में कटी पड़ी फसल में लगी आग

**कालपी (जालौन)।** हाईटेंशन लाईन में हुए फाल्ट से गुरुवार दोपहर खेत में कटी पड़ी फसल में आग लग गयी। लेकिन आग ज्यादा फैलती इससे पहले से किसानों ने पास में लगे नलकूप के पानी से आग पर काबू पा लिया था जिससे ज्यादा क्षति नहीं हो सकी है। गर्मी की शुरुआत के साथ आग की घटनाओं में इजाफा हो गया है जिसमें अधिकांश मामलों मे हाईटेंशन लाईन ही आग लगने का कारण बनी है। गत मंगलवार को भी इसी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पिपरौंधा में हाईटेंशन लाईन से निकली चिंगारी से खेतों में आग लग गयी थी लेकिन फसल एक दिन पहले ही कट जाने से पराली ही जली थी और मंगलवार दोपहर फिर बैरई मौजा स्थित रामनरेश पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बैरई के खेत के ऊपर निकली लाईन में अचानक फाल्ट आ गया और आग का गोला खेतों में पडे गेहूं के गटठर के ऊपर गिर गया था। खेत से आग की लपटें उठती देख पास में मौजूद किसान ने पास में मौजूद अन्य किसानों के सहयोग से खेत में पड़े गट्ठरों को हटाया लेकिन तब तक आधा सैकड़ा गट्ठर खाक हो चुके थे और जब तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचती तब तक किसानों ने पास मे लगे नलकूप के सहारे आग पर काबू पा लिया था।

## आवर्त बने आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।**



हरपालपुर विकास खंड के पलिया गांव निवासी एक साधारण किसान भगवान सिंह के पुत्र आवर्त सिंह ने अपनी मेहनत से सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है।आवर्त ने कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2025 में सफलता प्राप्त कर आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर चयनित होकर जिले का गौरव बढ़ाया है। आवर्त की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि उनके परिवार में पूर्व में कोई भी सदस्य पढ़ा-लिखा नहीं था। विषम परिस्थितियों और संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। उनकी सफलता की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आवर्त ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि संकल्प दृढ़ हो, तो साधारण परिवेश से निकलकर भी व्यवस्था के उच्च शिखर तक पहुँचा जा सकता है। परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस खुशी को साझा किया।

# स्टेट हाईवे के अधूरे निर्माण की गेंद लोनिवि ने राजस्व विभाग के पाले में फेंकी

## विभाग व राजस्व अधिकारी खेलेंगे तेरी बारी-मेरी बारी का खेल

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)**

स्टेट हाईवे के अधूरे निर्माण को पूरा करने के लिए कार्यवाही की गेंद लोक निर्माण विभाग द्वारा राजस्व विभाग के पाले में फेंक अब दूसरी तरफ से चले गए दांव का इंतजार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि एट बंगरा भीकेपुर राज्य मार्ग संख्या 152 पर स्थित जगम्मनपुर आबादी क्षेत्र में बाजार के मध्य करीब 140 मीटर सीसी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा रह गया है। क्षेत्रीय विकास के दृष्टिगत बाजार के लगभग समस्त दुकानदारों ने पुरानी सड़क चैड़ाई मानक 11 मीटर के अनुसार पहले से बनी सड़क के मध्य से 5.5 - 5.5 मीटर दोनों तरफ की सीमा में निर्मित 50 से 100 वर्ष पुराने प्राचीन वैध निर्माण को तोड़कर बर्ष 1990 के दशक निर्धारित सड़क सीमा 11 मी के बाद नया निर्माण कर लिया ताकि बाजार में सीसी सड़क का निर्माण निर्विघ्न रूप से हो सके लेकिन लोक निर्माण विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार निर्धारित मानक को दरकिनार कर कुछ बचे हुए अतिक्रमण को बगैर हाथ लगाए मनमर्जी से सड़क निर्माण करने पहुंच गए एवं पूर्व निर्धारित सीसी रोड निर्माण के स्थान पर केमिकल मिक्स कंकरीट को धूल युक्त सीसी सड़क पर एवं सड़क के किनारे मिट्टी में बिछाने लगे। सरकारी धन को इस प्रकार मिट्टी में मिलते देख ग्रामीणों ने विरोध किया एवं नियमानुसार गुणवत्ता युक्त पूर्व निर्धारित सीसी सड़क निर्माण की मांग की इस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बगैर समाधान निकाले मौके रफूचक्कर हो गए। उक्त संबंध की शिकायत स्थानीय समाजसेवी विजय द्विवेदी ने दिनांक 26 मार्च को जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायत संख्या 40016526004425 के द्वारा मानक के अनुरूप पूर्व निर्धारित सीसी सड़क निर्माण की मांग की जिस पर अधिशासी अभियंता निर्माण खंड प्रथम लोनिवि उरई द्वारा समस्या का निस्तारण किए बगैर शिकायत का निस्तारण करते हुए अवगत कराया गया कि उक्त सड़क मार्ग पर अतिक्रमण के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है अवैध अतिक्रमण हटवाने एवं सरकारी भूमि के चिन्हांकन हेतु उप जिलाधिकारी माधौगढ़ को सहायक अभियंता निर्माण खंड प्रथम लोनिवि ने पत्र संख्या 40, 2026-27 के द्वारा 23 मार्च 2026 को पत्र प्रेषित किया है जिसमें सड़क मार्ग के आबादी भाग में सरकारी भूमि के चिन्हांकन एवं अतिक्रमण हटाए जाने के उपरांत मानक अनुरूप अवशेष सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराये की बात कही गई है। देखने वाली बात यही होगी कि लोक निर्माण विभाग का पत्र उप जिलाधिकारी के पटल पर किस दिनांक को पहुंचेगा इसके बाद प्राप्त पत्र पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सरकारी भूमि के चिन्हांकन तथा अतिक्रमण हटवाने का आदेश कब जारी करते हैं और उस आदेश को कितने महीनों के बाद अमल में लाया जाएगा, और आदेश को अमल में लाया भी जाएगा या नहीं यह भी नहीं कहा जा सकता, संभावना है।

# भूतपूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा-डीएम



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।जिला सैनिक कल्याण की बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आहूत की गयी। बैठक में शहीद सैनिकों के नाम पर उनके ही गांवध् नगर में पार्क निर्माण तथा सोलजर बोर्ड चौराहे का सौन्द्रीकरण के संबंध में डीएम ने पीडब्लूडी अधिकारी को निर्देश दिये कि शहीद सैनिकों के नाम बनने वाले पार्क के लिए स्टीमेट बनाकर शासन को प्रस्ताव प्रेषित करें और धनराशि प्राप्त होने पर शीघ्र पार्कों का निर्माण करायें। उन्होने कहा कि सोल्जर बोर्ड चौराहे का सौन्द्रीकरण नगर पालिका द्वारा कराया जायेगा।
नगर क्षेत्रों में बनने वाली सरकारी दुकानों को भूतपूर्व सैनिकों के नाम आवंटन के संबंध में डीएम ने कहा कि दुकानों का निर्माण होने पर नियमानुसार पूर्व सैनिकों को दुकानों का आवंटन कराया जायेगा तथा वरासत वाले शस्त्रों का पंजीकरण किया जायेगा। बैठक में सैनिकों की भूमि पर कब्जे आदि शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम ने आश्वासन दिया भूतपूर्व सैनिकों की सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। बैठक में सीडीओ सान्या छाबड़ा,डीडीओ, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मिश्रा, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम तथा भूतपूर्व सैनिक आदि उपस्थित रहे।

## पत्नी के मायके से न लौटने पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेसध्हरदोई।** हरदोई। जनपद के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम घूरहाई में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां पारिवारिक विवाद से परेशान 32 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राम प्रताप पुत्र मुंशी (उम्र लगभग 32 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि राम प्रताप की पत्नी से काफी समय से विवाद चल रहा था और वह मायके में रह रही थी। काफी प्रयासों के बावजूद पत्नी के वापस न आने से युवक मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।इसी तनाव के चलते राम प्रताप ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है।सूचना पर पहुंची पाली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नीचे उतरवाया और पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# माधौगढ़ में किशोर की हत्या का खुलासा दो आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)।**



थाना माधौगढ़ क्षेत्र में किशोर की हत्या की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के दौरान एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल भी हुआ है। पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई।
27 मार्च 2026 को परमाल सिंह निवासी ग्राम रुद्रपुरा ने अपने पुत्र कमल प्रताप सिंह उर्फ कुक्के के लापता होने की रिपोर्ट कोतवाली माधौगढ़ में दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र 25 मार्च को बिना बताए घर से कहीं चला गया था। पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। घटना ने गंभीर मोड़ तब लिया जब पुलिस को यह पता चला कि लापता किशोर का शव गांव के ही निवासी रोहित के बाड़े में मिट्टी में दबा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने दो विशेष टीमों का गठन किया। जांच के दौरान पुलिस ने ग्राम रुद्रपुरा निवासी रोहित और तेज प्रताप सिंह उर्फ तेजा को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि 26 मार्च को रोहित के बाड़े में शराब पीने के दौरान हुए विवाद में उन्होंने कमल की कांच की बोतल से मारकर हत्या कर दी थी और शव को मिट्टी में दबा दिया था। इसके बाद पुलिस आरोपियों को हत्या में प्रयुक्त साक्ष्य बरामद कराने ले गई। इसी दौरान रोहित ने छिपाकर रखे तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायर किया जिसमें रोहित के पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके से एक देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस, हत्या में प्रयुक्त कांच की बोतल और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक :रमा दीदी

**जालौन (उरई)।** भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की जो सभी शिक्षाप्रद व कुछ न कुछ सीख देती हैं। भगवान बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। यह बात कथा व्यास रमा शास्त्री दीदी ने सिकरीराजा गांव में कुंवरजू बाबा महाराज मंदिर पर आयोजित भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्रोताओं के समक्ष कही। श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा की अमृत वर्षा करते हुए कथा व्यास रमा शास्त्री दीदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। बाल कृष्ण सभी का मन मोह लिया करते थे। नटखट स्वभाव के चलते यशोदा मां के पास उनकी हर रोज शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुराके खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया।

# अनाधिकृत विद्यालय वाहन खाई में गिरा आधा दर्जन बच्चे सहित शिक्षिका घायल

**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**





गुरुवार को बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा अनधिकृत वाहन खाई में गिर गया जिससे आधा दर्जन बच्चे तथा एक शिक्षिका घायल हो गई। मौके पर पहुंचे प्रशासन ने उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज में दाखिल कराया है।
प्रशासन की सख्ती के बाद भी विद्यालय संचालक अनधिकृत वाहनों से बच्चों का परिवहन बंद नही कर रहे हैं। गुरुवार दोपहर अकबरपुर इटौरा में संचालित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के बच्चों को लेकर मारूती बैन संख्या यूपी 92 टी 8421 लगभग 11 बच्चों एवं शिक्षिका को विद्यालय से करमचन्दपुर छोड़ने जा रहा था लेकिन लुहरगांव के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया था जिससे चीख पुकार मच गई थी राहगीरों ने पुलिस को सूचित कर वाहन में फंसे बच्चों को बाहर निकाला था जिसमें जान्हवी, उत्सव, क्षमता, प्रीति, वेदान्शी, कृष्णा तथा एक शिक्षिका को चोटे आई थी जिन्हें दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम मनोज कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह ने इलाज के लिए कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के साथ मेडिकल कालेज उरई भेजा था जिसमें एक बच्चे को छोड़कर सभी को प्राथमिक इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी के अनुसार वाहन को करमचन्द पुर गांव निवासी दुर्गा सिंह पुत्र भूप सिंह चला रहा था जो स्कूली बच्चों के परिवहन के लिए अधिकृत नही था। एसडीएम के अनुसार फिलहाल कोई बड़ी घटना नही हुई पर अनधिकृत वाहन से बच्चों का परिवहन करने के मामले में विद्यालय संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा दुर्घटना ग्रस्त वाहन को भी कब्जे में लिया गया है। वही विद्यालयों में अनधिकृत वाहनों के प्रयोग और कार्यवाही के संबंध में एआरटीओ सुरेश वर्मा से सम्पर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही उठा है।

## हादसे में घायलों को देखने डीएम-एसपी पहुंचे कॉलेज

**उरई (जालौन)।** सड़क हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह तत्काल राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और उपचार व्यवस्थाओं का मौके पर ही निरीक्षण किया। अधिकारियों की इस त्वरित उपस्थिति से मरीजों और उनके परिजनों में भरोसा और राहत का माहौल दिखाई दिया। जिलाधिकारी ने आकस्मिक विभाग में भर्ती सभी घायलों के उपचार की प्रगति की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मरीज को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आवश्यकता दवा, जांच या विशेषज्ञ परामर्श में कोई बिलंब न हो और सभी व्यवस्थाएं सतत रूप से सक्रिय रहें। पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल परिसर में सुचारु व्यवस्था बनाए रखने तथा घायलों के उपचार में पूर्ण सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पूजा पाठ कराने की प्रक्रिया पर विवाद,चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेसध्हरपालपुर।** हरपालपुर पूजा-पाठ के तरीके को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
जानकारी के अनुसार अरवल थाना के धनियामऊ गांव निवासी हुकुम सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 4 अप्रैल को उनके मौसेरे भाई सुनील उन्हें पूजा कराने के लिए ग्राम खसौरा लाए थे। आरोप है कि पूजा के दौरान सुनील, अभिषेक समेत चार ने उन पर गलत तरीके से पूजा करने का आरोप लगाया। जब पीड़ित ने विरोध किया,तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें लात-घूंसों और डंडों से जमकर पीटा। मारपीट में घायल हुकुम सिंह को जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं।

# हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे पर भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह की गाड़ी का एक्सीडेंट

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।जिले के सवायजपुर क्षेत्र अंतर्गत गंगा एक्सप्रेसवे पर बुधवार शाम बदायूं के दातागंज से बीजेपी विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू की फॉर्च्यूनर गाड़ी सड़क पर रखे बैरिकेड से टकरा गई। टक्कर के बाद एयर बैग खुलने से भाजपा विधायक को मामूली चोटें आई हैं।
जानकारी के अनुसार, बदायूं जिले के दातागंज से बीजेपी विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी से लखनऊ से दातागंज जा रहे थे। सवायजपुर क्षेत्र अंतर्गत गंगा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 289.3 पर उनकी गाड़ी बीच रोड में रखे बैरिकेड से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि गाड़ी के एयरबैग खुल गए, जिससे विधायक की जान बच गई। हादसे में विधायक को मामूली चोटें आई हैं।भाजपा विधायक की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिलते ही सवायजपुर थाना प्रभारी प्रिंस कुमार और रूपापुर चौकी इंचार्ज अतुल गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। प्राथमिक उपचार के बाद विधायक को दूसरी गाड़ी से सुरक्षित दातागंज के लिए रवाना कर दिया गया।हादसे के बाद कुछ समय के लिए एक्सप्रेसवे पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को सड़क के किनारे कर यातायात को सामान्य किया। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार ने बताया कि गाड़ी में भाजपा विधायक थे। उन्होंने बताया कि कुछ चोटें आई हैं। दूसरी गाड़ी से वे आगे रवाना हुए हैं।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओ व किशोरियों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई। सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत लोगो को सुरक्षा,स्वावलंबन, व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण में गुरुवार को अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम ने थाना क्षेत्र के मंसूरपुर में चौपाल लगाकर महिलाओ व किशोरियों को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा सम्बन्धी तमाम जानकारियां दी गई। अरवल थाने की मिशन शक्ति टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना क्षेत्र के मंसूरपुर में चौपाल आयोजित कर महिलाओ व किशोरियों को गुड़ टच व बैड टच के साथ साथ साइबर फ्राड से बचाव व सुरक्षा सम्बन्धी जानकारी देते हुए जागरूक किया।गुरुवार को आयोजित इस जागरूकता चौपाल में महिलाओ व किशोरियों को गुड़ टच व बैड टच के अलावा साइबर ठगी,सोशल मीडिया पर फेंक एकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्राड, और डिजिटल प्लेटफार्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।टीम में शामिल महिला आरक्षी मधुबाला ने आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090,181,108,102, 1076, 112, 1098,1930 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस से सहायता लेने के लिए जानकारी दी।

## कम्बाइन चालक के साथ मारपीट का आरोप,तीन लोगों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेसध्हरपालपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जनकपुरवा में गेहूं की कटाई के दौरान हुए विवाद में एक कंबाइन चालक के साथ मारपीट की गई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सवायजपुर कोतवाली के शेखपुर निवासी चालक राजू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 3 अप्रैल की शाम जनकपुरवा में गेहूं काट रहा था। इसी बीच गांव के निर्वेश, विनीत और शिवराम वहां पहुंचे और मशीन में गेहूं छिपाने का झूठा आरोप लगाने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने राजू को गाली देते हुए लात-घूसों और डंडों से पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अपनी मेहनत से शिवसिंह ने एसएससी सीजीएल परीक्षा की उत्तीर्ण

**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)**



नगर के मोहल्ला चुर्खीबाल के होनहार युवक शिव सिंह प्रजापति ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। एसएससी सीजीएल 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 885वीं रैंक प्राप्त कर उनका चयन आयकर विभाग में ऑफिस सुपरिंटेंडेंट पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे नगर में खुशी और गर्व का माहौल है।
साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले शिव सिंह प्रजापति ने सीमित संसाधनों के बीच अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए यह मुकाम हासिल किया। उनके पिता राकेश प्रजापति पत्रकार व एलआईसी एजेंट हैं, जबकि माता मिथलेश प्रजापति गृहिणी हैं। आर्थिक सीमाओं के बावजूद शिव सिंह ने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया और लगातार मेहनत करते रहे। शिव सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर, एसबीडीएम इंटर कॉलेज तथा स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीएससी की पढ़ाई पूरी की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए। कड़ी मेहनत, अनुशासन और मजबूत इरादों के बल पर उन्होंने एसएससी सीजीएल परीक्षा में सफलता हासिल कर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प के आगे कोई बाधा बड़ी नहीं होती। उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि मोहल्ले और आसपास के लोगों में भी गर्व की भावना है। लोगों का कहना है कि शिव सिंह की उपलब्धि क्षेत्र के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और वे भी अपने लक्ष्य को पाने के लिए प्रेरित होंगे। शिव सिंह प्रजापति ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों को दिया है। उनका कहना है कि परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन के बिना यह संभव नहीं था। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो तो सफलता जरूर मिलती है।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का आजमगढ़ दौरा, पीएचसी कोइनहा का किया निरीक्षण

- डिप्टी सीएम ने स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता,दवाओं की उपलब्धता व साफ-सफाई का लिया जायजा
- प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ,सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं- ब्रजेश पाठक
- मा.उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एमएलसी विजय बहादुर पाठक के पिता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि
- पीएचसी कोइनहा की तर्ज पर जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी,जिला एवं मण्डलीय चिकित्सालयों को सीएमओ 02 माह के भीतर मेंटीनेंस कराकर बनाए बेहतर -मा. उप मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

मा0 उप मुख्यमंत्री उ0प्र0 ब्रजेश पाठक का जनपद आजमगढ़ भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत बड़सरा खालसा, पो0-कोइनहा, थाना कप्तानगंज स्थित हेलीपैड पर आगमन हुआ। तत्पश्चात उन्होंने मा0 मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग सूर्य प्रताप शाही के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कोइनहा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जन स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई तथा मरीजों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

*पैथोलॉजी, महिला वार्ड एवं विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण, मरीजों से किया संवाद*

निरीक्षण के दौरान मा0 उप मुख्यमंत्री ने पैथोलॉजी कक्ष में जांच प्रक्रिया, कम्पलीट रिपोर्ट कार्ड, जांच पंजिका आदि का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने महिला वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, ड्रेसिंग कक्ष एवं सामान्य वार्ड सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को समर्पण भाव के साथ जनहित में कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान गैलरी में कुर्सी पर बैठे मरीजों–खांसी से पीड़ित मीरा देवी, दर्द से पीड़ित श्याम कली, अजय तथा लालचंद यादव आदि से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुशील अग्रहरि को निर्देशित किया कि सभी मरीजों का तत्काल चेकअप कर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का भी किया निरीक्षण,ओपीडी पंजिका का अवलोकन

पीएचसी परिसर में स्थित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए मा0 उप मुख्यमंत्री ने ओपीडी पंजिका का अवलोकन किया तथा प्रभारी अधीक्षक डॉ0 लालमन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पीएचसी एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पर्याप्त साफ-सफाई, आधारभूत सुविधाएं तथा बेहतर चिकित्सा व्यवस्था पाए जाने पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 ननकू राम वर्मा को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हुए निर्देश दिया कि पीएचसी कोइनहा की तर्ज पर जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी, जिला एवं मण्डलीय चिकित्सालयों का दो माह के भीतर मेंटीनेंस कर उन्हें बेहतर बनाया जाए, जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप जनपदवासियों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों के मेंटीनेंस हेतु धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

जनपद में जल्द होगी न्यूरो सर्जन की नियुक्ति, प्रदेश में संचालित हैं 81 मेडिकल कॉलेज

प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान मा0 उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जनपद में शीघ्र ही न्यूरो सर्जन की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और प्रदेश सरकार नागरिकों को उत्तम चिकित्सकीय सुविधा, स्वास्थ्य जांच तथा निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

*मा.उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एमएलसी विजय बहादुर पाठक के पिता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि*

मा0 उप मुख्यमंत्री ने जनपद आजमगढ़ के ग्राम बडसरा खालसा पहुंचकर मा0 सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मा.उप मुख्यमंत्री ने दिवंगत के पार्थिव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की। मा.उप मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-पिता का साया जीवन में अमूल्य होता है और उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गम्भीर सिंह, उप जिलाधिकारी संत रंजन,उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर अभय राज पांडेय सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री,आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री,कारागार मंत्री व अन्य द्वारा एमएलसी विजय बहादुर पाठक के पिता के निधन पर उनके आवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि



**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

मा0 मंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग, सूर्य प्रताप शाही, मा0 ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0प्र0 गिरीश चन्द्र यादव, मा0 राज्यमंत्री, आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ0 दयाशंकर मिश्र दयालु, मा0 कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान एवं अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा जनपद आजमगढ़ के ग्राम बड़सरा खालसा पहुंचकर मा0 सदस्य विधान परिषद विजय बहादुर पाठक के पिता राधेश्याम पाठक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया।

मा0 कृषि मंत्री, मा0 ऊर्जा मंत्री, मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण, मा0 आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मंत्री, मा0 कारागार मंत्री व अन्य द्वारा दिवंगत के पार्थिव चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें इस दुःख की घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की कामना की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आजमगढ ध्रुव सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया।

# मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, 4 दुकानों से लिए नमूने

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर जनपद के नौतनवा तहसील क्षेत्र में संदिग्ध दवा दुकानों के खिलाफ व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रतिबंधित एवं अवैध दवाओं की बिक्री और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना था।

उपजिलाधिकारी नौतनवा के नेतृत्व में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस एवं औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में संचालित संदिग्ध मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की। अभियान के दौरान लारी मेडिकल स्टोर, नेशनल मेडिकल स्टोर, जयसवाल मेडिकल स्टोर्स, शुभम मेडिकल स्टोर, पाठक मेडिकल स्टोर, अनामिका मेडिकल स्टोर और कृष्णा मेडिकल स्टोर सहित कुल सात प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दवा अभिलेखों, स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस तथा दवाओं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई। जांच में अनियमितताएं मिलने पर चार दुकानों से दवाओं के नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए सील कर दिया गया। औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने बताया कि इन नमूनों को राजकीय प्रयोगशाला भेजा जाएगा, जहां उनकी गुणवत्ता और वैधता की पुष्टि की जाएगी।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध तस्करी पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी जारी रहेगी। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे संदिग्ध दवाओं या अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। छापेमारी अभियान में पुलिस क्षेत्राधिकारी नौतनवा अनिरुद्ध कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र आर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के नगर पंचायत कोहड़ौर स्थित कान्हा गौशाला का गुरुवार को उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्र ने ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह के साथ व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उपजिलाधिकारी ने गौशाला में चारा, पानी और अन्य सुविधाओं का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला संचालक को पशुओं के लिए स्वच्छ पानी की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसा, दाना और साइलेज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया। एसडीएम ने पशुओं को स्वस्थ और हृष्ट-पुष्ट रखने के लिए नियमित रूप से चारा-पानी उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पानी के टैंकों में प्रतिदिन ताजा पानी भरवाया जाए। उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्र ने बताया कि गौशाला में साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान पशुओं के लिए चारा भूषा व साइलेज पर्याप्त मात्रा में मौजूद था।

# जिलाधिकारी ने गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गुरुवार को गेहूँ क्रय केन्द्र परसनी, दाउदपुर, गौरामाफी का औचक निरीक्षण कर गेहूँ खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। गेहूँ क्रय केन्द्र परसनी के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी से अब तक खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि 350 कुन्तल की खरीद की गयी है। जिस पर निर्देशित किया कि किसानों से सम्पर्क कर गेहूँ खरीद में तेजी लायी जाये। उन्होने इस दौरान स्टाक, इलेक्ट्रानिक कांटा सहित अन्य रजिस्टरो का अवलोकन किया और केन्द्र पर सबसे अधिक गेहूँ विक्रय करने वाले किसान से फोन के माध्यम से वार्ता भी की। इस दौरान डीएम ने साधन सहकारी समिति परसनी का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी से खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और समिति में पुरानी खादों को डिस्पोजल कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीएम ने परसनी ग्रामसभा की जमीन का सीमांकन कराने और वहां पर बने तालाब का जीर्णोद्धार कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। दाउदपुर केंद्र के निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी सरिता यादव ने बताया कि 16 किसानों से 558 कुन्तल गेहूँ की खरीद की गयी है। इस दौरान गेहूँ की गुणवत्ता को देखा व वहां पर उपस्थित किसानों से पैदावार के जानकारी प्राप्त की। साधन सहकारी समिति दाउदपुर में खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्र गौरामाफी के निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि 21 किसानो से 950 कुन्तल की खरीद की गयी है, सबसे अधिक खरीद होने पर डीएम ने केन्द्र प्रभारी की सराहना की। जिलाधिकारी ने खाद गोदाम कुम्हिया पट्टी का भी निरीक्षण किया और वहां पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की खादो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गोदाम से खादों का उठान किया जाता है। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानो की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाये और किसी स्तर पर अनावश्यक देरी न होने पाये। उन्होने कहा कि केंद्रों पर किसानों के लिए पानी, बैठने आदि की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से रहे, किसानो को किसी भी तरह से परेशान न किया जाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने मनोनीत सभासदों को दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के नगर निकायों में प्रतिनिधियों के मनोनयन के क्रम में जनपद प्रतापगढ़ की तहसील पट्टी अंतर्गत नगर पंचायत कोहड़ौर में तीन सभासदों को मनोनीत किया गया है। इनका शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को नगर पंचायत के विवाह घर के हॉल में आयोजित किया गया। उपजिलाधिकारी पट्टी पूर्णेन्दु मिश्र ने मनोनीत सभासदों लल्लू गुप्ता, रिशु कुमार और देवेन्द्र कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद व ईओ स्वतंत्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि मनोनीत सदस्यों को सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करना होगा। उनका उद्देश्य नगर में जनहित की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और विकास में आ रही बाधाओं का समाधान करना होगा। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद और उनकी कमेटी से बोर्ड के सदस्यों को विश्वास में लेकर कार्य करने को कहा। वहीं चेयरमैन शीतला प्रसाद ने कहा कि सरकार द्वारा तीन सदस्यों को नामित करने से सोलह सदस्यीय बोर्ड को मजबूती मिली है। उन्होंने नामित सभासदों का स्वागत किया। तीनों नामित सभासदों ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान सत्यप्रकाश पाठक, विनोद कुमार, नन्हे पाठक, घनश्याम पाठक, गुड्डु दुबे, सूर्यप्रकाश दुबे, संजय शुक्ल समेत क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



# झोलाछाप पर शिकंजा, औषधि विभाग ने भी किए तेवर कड़े

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत परतावल में एक अप्रैल को हुई मासूम बच्ची की मौत के मामले में कार्रवाई का दायरा बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के बाद अब औषधि विभाग भी आरोपी झोलाछाप पर सख्त कदम उठाने की तैयारी में है।

औषधि निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने स्पष्ट किया कि आरोपी संजय कुमार सिंह का विभाग में कोई पंजीकरण नहीं है। इसके बावजूद वह बड़े पैमाने पर अंग्रेजी दवाइयों का स्टॉक रखकर मरीजों का इलाज करता रहा। उन्होंने कहा कि बिना लाइसेंस दवा का भंडारण और बिक्री गंभीर अपराध है और जल्द ही उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

बताया जा रहा है कि संजय सिंह ने वर्ष 2023 में सीएचसी परतावल से डी फार्मा का प्रशिक्षण जरूर पूरा किया था, मगर इससे पहले और उसके बाद भी वह बिना वैध डिग्री और लाइसेंस के चिकित्सा कार्य करता रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, संजय सिंह पिछले करीब 20 वर्षों से परतावल बाजार स्थित अपने निजी आवास में क्लीनिक संचालित कर रहा था।

धीरे-धीरे उसने क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर ली थी और आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में मरीज उसके यहां इलाज के लिए आते थे। आरोप है कि वह खुद को डॉक्टर बताकर इलाज करता और अंग्रेजी दवाइयों का प्रयोग करता था, जबकि उसने औषधि विभाग में पंजीकरण नहीं कराया था।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर से अवैध कब्जा हटाने का दिया सख्त निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने बताया कि सम्पूर्ण कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित राजकीय भवनों, लैट्रीन की सेप्टिक टैंको, नवनिर्मित वादकारी शेडों के नीचे बने पार्किंग स्थल तथा परिसर में बाउण्ड्री के पास व अन्य स्थलों पर अनियमित व अनधिकृत रूप से छाजन व गुमटियां आदि रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा आने जाने वाले रास्तो में अनियमित व अनुचित तरीके से वाहन खड़ा कर रास्ता ब्लाक कर दिया जाता है जिससे वादकारियों तथा कलेक्ट्रेट में आने वाले जनसामान्य को काफी असुविधा व अक्सर असहज स्थिति उत्पन्न होती रहती है। डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किये गये अनियमित व अवैध कब्जाधारियों एवं अतिक्रमण कर्ताओं को निर्देशित किया है कि किसी भी अवैध कब्जे या अतिक्रमण को प्रत्येक दशा में पन्द्रह दिवस के भीतर हटाते हुए स्थल रिक्त करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में प्रशासनिक टीम द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी, जिसमें आने वाले व्यय की वसूली संबंधित अतिक्रमणियों से करते हुए उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होने यह भी निर्देशित किया है कि किसी भी प्रकार के वाहनों को निश्चित स्थल पर ही पार्क किया जाय, अन्य स्थलों पर किसी भी स्थिति में वाहन पार्क न किये जाय, अन्यथा की दशा में संबंधित वाहन मालिक के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने सर्वसाधारण को यह भी संसूचित किया जाता है कि कलेक्ट्रेट परिसर की स्वच्छता तथा वादकारियों, अधिवक्तागण एवं जनसामान्य के आवागमन की सुविधा व प्रशासनिक व्यवस्था में समुचित सहयोग प्रदान करें।

## औषधि निरीक्षक द्वारा जॉच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर 06 औषधि प्रतिष्ठानों को 10 दिन के लिए क्रय विक्रय पर लगायी रोक

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**

औषधि निरीक्षक आजमगढ़ सीमा वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में संचालित निम्न औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का निरीक्षण औषधि निरीक्षक आजमगढ़ द्वारा किया गया था। जॉच के दौरान औषधि प्रतिष्ठानों पर पायी गयी कमियों के आधार पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी (विक्रय) आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के द्वारा माह मार्च-2026 में निम्नलिखित औषधि प्रतिष्ठानों का अनुज्ञप्ति निलम्बित किया गया है। 01. मेसर्स द चार्विक फार्मा, म0सं0-25, दलसिंगार नगर, सदर जनपद-आजमगढ़ 10 दिन के लिए। 02. मेसर्स श्री संकट मोचन फार्मास्यूटिकल्स, जीयनपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 03. मेसर्स माँ सरस्वती मेडिकल एजेंसी, खसरा नं0-12, जगदीशपुर, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 04. मेसर्स ए टू जेड मेडिकल हाल, नियर सी0एच0सी0 परशुरामपुर, कलमोचीपुर, जमालपुर, जनपद-आजमगढ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 05. मेसर्स ए0बी0 मेडिकल स्टोर, भरतपुर खुर्द, अतरौलिया, जनपद-आजमगढ़ को अग्रिम आदेश तक के लिए। 06. मेसर्स भागीरथी फार्मेसी, 907 लाल डिग्गी, बंधा रोड, एलवल, सदर, जनपद-आजमगढ को 10 दिन के लिए क्रय विक्रय पर रोक लगाते हुए निलम्बित किया गया है।

# सोनौली में 12 मेडिकल स्टोरों पर छापा, मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

नामी दवा कंपनियों के नाम पर नकली और नशीली दवाओं की बिक्री और अवैध तस्करी करने वाले मेडिकल संचालकों के खिलाफ प्रशासन ने बुधवार को जांच अभियान चलाया। इस दौरान 12 मेडिकल स्टोरों की जांच की गई। साथ ही, सैंपल लिए गए। इस कार्रवाई से मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया। ठूठीबारी में कोडीनयुक्त कफ सिरप की बरामदगी के बाद सोनौली के युवक की गिरफ्तारी और उसके बयान के बाद विभाग ने सीमावर्ती क्षेत्रों के मेडिकल स्टोर की जांच शुरू कर दी है। बुधवार की दोपहर एसडीएम नौतनवा के नेतृत्व में स्वास्थ्य और ड्रग्स विभाग की टीम सोनौली पहुंची।

दोनों विभागों की संयुक्त टीम ने सोनौली और हरदीडाली इलाके में दर्जन भर से अधिक मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान प्रशासनिक टीमों ने मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर कई महत्वपूर्ण दवाओं के सैंपल लिए। वहीं मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन समेत तमाम दस्तावेजों की जांच भी की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने बताया जनपद स्तरीय टीम गठित की गई है जो सभी मेडिकल स्टोरों पर जाकर मेडिकल स्टोर के लाइसेंस की वैधता चेक कर रही है। साथ ही सभी दवाओं के नमूने भी लिए जा रहे हैं। एसडीएम नवीन कुमार ने बताया की भारत-नेपाल की सीमा बहुत ही संवेदनशील है। नशीली दवाओं की तस्करी की कई बार शिकायत मिलने के बाद टीम गठित कर सीमावर्ती क्षेत्रों में संचालित मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की गई है और दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत एस0एन0आर0डी0 पब्लिक स्कूल आजमगढ़ में साइकलोथॉन कार्यक्रम की गयी आयोजित

**जन एक्सप्रेस । आजमगढ़**




जिलाधिकारी के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग आजमगढ़ में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध सिंह के अगुआई में मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के अन्तर्गत एस0एन0आर0डी0 पब्लिक स्कूल आजमगढ़ में साइकलोथॉन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय की बच्चियों द्वारा साईकिल रैली निकाली गयी, जिसमें सभी वर्ग के बच्चों को शामिल किया गया।

प्रथम पंक्ति में बालिकाओं द्वारा साइकलोथॉन को लीड किया गया। साथ ही जेंडर स्पेसलिस्ट अन्नू सिंह द्वारा विभागीय योजनाओं समस्त हेल्प लाइन नम्बरों लिगांनुपात स्कूल ड्राप आउट एवं बाल विवाह के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया। साथ ही बालक एवं बालिकाओं को बेटी-बचाओ बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत टोपी एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जेंडर स्पेसलिस्ट आशीष सिंह एवं स्कूल के प्रबंधक शिवम तिवारी व प्रधानाचार्य संदीप कुमार गुप्ता एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# वार्षिकोत्सव में दिखा बच्चों का हुनर, स्कूल चलो अभियान ने जगाई जागरूकता

जन एक्सप्रेस। बस्ती



बस्ती जनपद के कुदरहा ब्लॉक स्थित संविलयन विद्यालय राजपुर बैरिहवा में 08 मार्च 2025 को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के अध्यक्ष चन्द्रभान चौरसिया द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

वार्षिकोत्सव के अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों के आत्मविश्वास और हुनर को देखकर सभी ने उनकी सराहना की।

कार्यक्रम के अंतर्गत 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर शिक्षा के महत्व का संदेश दिया और लोगों को अपने बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। रैली ने पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता का माहौल बनाया।

इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उनके अंकपत्र और पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही मेधावी बच्चों को मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। कार्यक्रम का संचालन अमित श्रीवास्तव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संगठन के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द दूबे की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। उनके साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं जिला उपाध्यक्ष ओंकारनाथ चौधरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, बुद्धिराम यादव, रवीन्द्र प्रताप पाल, मंत्री ओमप्रकाश पाण्डेय, संगठन मंत्री रवीन्द्रनाथ वर्मा, अजीत कुमार गुप्ता, दीपक यादव, उमेशचन्द्र वर्मा, धर्मेन्द्र कुमार चौधरी, सुभाष चन्द्र सोनकर सहित विद्यालय परिवार के सदस्य, अभिभावकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ओंकारनाथ चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि वार्षिकोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। विद्यालय परिवार का प्रयास है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जाएं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें और उनकी पढ़ाई में रुचि लें। श्री चौधरी ने यह भी कहा कि 'स्कूल चलो अभियान' का उद्देश्य किसी भी बच्चे को शिक्षा से वंचित न रहने देना है। सभी के सहयोग से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

वहीं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनन्द दूबे ने कहा कि आज के समय में शिक्षा सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें। उन्होंने सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा संबंधी अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में जागरूकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। श्री दूबे ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही बच्चों का भविष्य संवरता है।

# डायट बस्ती में भव्य बंधेज कला प्रतियोगिता, प्रशिक्षुओं ने बिखेरे रंग





जन एक्सप्रेस। बस्ती

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बस्ती में आयोजित भव्य बंधेज कला प्रतियोगिता में प्रशिक्षुओं ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान दुपट्टा और चादर को विभिन्न रंगों एवं आकर्षक डिजाइनों से सजाकर बंधेज कला की मनमोहक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं प्रशिक्षुओं के भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि बंधेज जैसी पारंपरिक कलाएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिन्हें इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से संरक्षित और आगे बढ़ाया जाना चाहिए। नोडल प्रवक्ता वर्षा पटेल एवं सह-नोडल डॉ. गोविन्द ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं में हुनर विकसित करना और उन्हें रचनात्मक दिशा प्रदान करना है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। प्रथम पुरस्कार वर्ष 2024 में सौम्या गुप्ता एवं नीलम तथा वर्ष 2025 में नित्या दूबे एवं नेहा यादव को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार वर्ष 2024 में स्मृति सिंह पटेल और वर्ष 2025 में रबी चन्द्रा एवं प्रेमलता को मिला। तृतीय पुरस्कार वर्ष 2024 में संजू यादव, रूबी चौहान एवं माधुरी अग्रहरी तथा वर्ष 2025 में मानसी शुक्ला एवं निशा चौधरी को दिया गया। सान्त्वना पुरस्कार वर्ष 2024 में महिमा पाण्डेय तथा वर्ष 2025 में शालिनी मद्धेशिया एवं नंदिनी यादव को प्रदान किया गया। वहीं प्रतिभागिता बोर्ड डेकोरेशन (2025) में खुशी, निशा द्विवेदी एवं काजल सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सरिता चौधरी, अलीउद्दीन खान, वंदना चौधरी, कल्याण पाण्डेय, डॉ. ऋचा शुक्ला, मो. इमरान खान, कनिष्क सहायक नवनीत कुमार, अनिल चौधरी सहित अन्य प्रशिक्षकों और प्रशिक्षुओं ज्ञानेंद्र, अरुण, अमरेन्द्र आदि का विशेष सहयोग रहा।

# किसान के बेटे ने बढ़ाया मान, शिव प्रताप यादव बने आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक

जन एक्सप्रेस। बस्ती



जिले के बहादुरपुर विकास क्षेत्र अंतर्गत पाल्हा गांव के होनहार युवा शिव प्रताप यादव ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बल पर बड़ी सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनका चयन कर्मचारी चयन आयोग (स्स्ट) की परीक्षा के माध्यम से आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक पद पर हुआ है। इस उपलब्धि से गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है।

शिव प्रताप यादव एक साधारण किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता बृज बिहारी यादव खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद शिव प्रताप ने अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रखा। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के अमर ज्ञान पब्लिक स्कूल, रखौना से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा हासिल की और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए।

कठिन परिस्थितियों और संसाधनों की कमी के बावजूद शिव प्रताप ने हार नहीं मानी। अनुशासन, नियमित अध्ययन और दृढ़ संकल्प के दम पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनकी सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बन गई है।

शिव प्रताप यादव की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। भूतपूर्व सैनिक अनिल कुमार यादव, रेलवे कर्मचारी सुनील कुमार यादव, पीएनबी कलवारी में कैशियर देवेन्द्र यादव, सोनू सिंह, राम अनुज सिंह, सीआरपीएफ जवान महेंद्र यादव, आरपीएफ जवान गोरखनाथ यादव, राम निहोर यादव, सेना जवान दुर्गेश यादव, डीएफओ वन विभाग सुशील कुमार, पूर्व स्वास्थ्य विभाग विशेषज्ञ पुसाई राम सहित अनेक ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

लोगों ने कहा कि शिव प्रताप की सफलता गांव के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी मेहनत और संघर्ष यह संदेश देता है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, पुलिस व एसओजी की संयुक्त कार्रवाई



जन एक्सप्रेस। बस्ती

जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना लालगंज पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 887 ग्राम गांजा बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 08 अप्रैल 2026 को की गई कार्रवाई में मनिराम पुत्र केदारनाथ निवासी ग्राम अमोढ़वा, थाना लालगंज को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से गांजा बरामद हुआ। इस संबंध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0 87/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ पहले भी आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट और आयुध अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं। पुलिस का मानना है कि आरोपी लंबे समय से अवैध गतिविधियों में संलिप्त रहा है।

कार्रवाई में उपनिरीक्षक मोहनलाल चौधरी के नेतृत्व में टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके साथ एसओजी टीम के कांस्टेबल विजय यादव, हेड कांस्टेबल अभय उपाध्याय तथा थाना लालगंज के कांस्टेबल अर्जुन यादव, अरविन्द कुमार और महिला कांस्टेबल सोनी भारती मौजूद रहीं।

## गैस पाइपलाइन कार्य के दौरान बड़ा हादसा, दो की मौत

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत देवकली बाजार के पहले गैस पाइपलाइन कार्य के दौरान बुधवार को एक बड़ा हादसा हो गया। पाइपलाइन जोड़ाई के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में अचानक मिट्टी धंसने से कई मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया गया। थानाध्यक्ष ने अब तक दो मजदूरों की मौत की पुष्टि की है। मौके पर जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन लगातार जारी है।

# जौनपुर में भैंस चोरी के दौरान फायरिंग, दो भैंस लेकर फरार हुए पिकअप सवार बदमाश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुकुडीपुर गांव में बुधवार देर रात पशु चोरी की सनसनीखेज घटना सामने आई। पिकअप सवार बदमाशों ने दुस्साहस दिखाते हुए दो भैंस लाद लीं और विरोध करने पर पशु मालिक पर ईट-पत्थर चलाने के साथ फायरिंग करते हुए फरार हो गए। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुकुडीपुर गांव निवासी रामसागर यादव देवकली माइनर के पास बनी अपनी पाही पर सो रहे थे, जहां उनके मवेशी भी बंधे थे। रात करीब 12 बजे पशुओं के शोर से उनकी नींद खुली। बाहर निकलकर देखा तो कुछ अज्ञात लोग मुंह बांधकर भैंसों को खोल रहे थे। रामसागर ने शोर मचाते हुए बदमाशों का विरोध किया, लेकिन चोरों ने उन पर ईट-पत्थर से हमला शुरू कर दिया। इसी दौरान एक भैंस पिकअप में लाद ली गई, जबकि दूसरी पहले से ही वाहन पर मौजूद थी। तीसरी भैंस को भी लादने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन शोर-शराबा बढ़ने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी और मौके से भाग निकले। हमले में रामसागर को हल्की चोटें आई हैं। शोर सुनकर आसपास के लोग जाग गए, लेकिन तब तक बदमाश सफेद पिकअप लेकर करंजाकला बाजार की ओर फरार हो चुके थे। पीड़ित के अनुसार, चोरों की संख्या पांच से अधिक थी। घटना की सूचना सरायख्वाजा पुलिस को दे दी गई है और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

# पीयू के विधि छात्रों का कोर्ट एक्सपोजर: न्याय की बारीकियां समझीं, जज से मिला मार्गदर्शन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



जौनपुर में विधि शिक्षा को व्यवहारिक अनुभव से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह की प्रेरणा से दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान के बीएएलएलबी (ऑनर्स) अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायालय में आयोजित किया गया। दत्तोपंत ठेंगड़ी विधिक सहायता एवं सेवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जिला एवं सत्र न्यायालय, अपर जिला जज न्यायालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पारिवारिक न्यायालय एवं मजिस्ट्रेट न्यायालयों की कार्यवाही को बेहद करीब से देखा और समझा। इस अनुभव ने उन्हें न्यायिक प्रक्रिया की वास्तविक बारीकियों से रूबरू कराया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुशील कुमार शशि ने छात्रों से संवाद करते हुए विधि के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भ्रमण के दौरान संस्थान के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष प्रो. विनोद कुमार के साथ डॉ. मंगला प्रसाद यादव, डॉ. दिनेश कुमार सिंह, डॉ. इंद्रजीत सिंह एवं डॉ. शुभम सिंह भी उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। यह पहल न केवल किताबों तक सीमित ज्ञान को वास्तविकता से जोड़ती है, बल्कि आने वाले वकीलों को न्याय व्यवस्था की गहराई समझने का मजबूत आधार भी देती है।

# हाईवे परियोजनाओं में लापरवाही पर सख्त डीएम: एक हफ्ते में भुगतान और कब्जा सुनिश्चित करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंन्द्र ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में भूमि अधिग्रहण, प्रतिकार वितरण और भौतिक कब्जा प्राप्ति की स्थिति पर गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डीएम ने एनएच-135 के अंतर्गत ग्राम लपरी और सुरीश देहाती के किसानों के लंबित भुगतान पर नाराजगी जताते हुए एसओसी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी भुगतान पत्रावलियां तैयार कर प्रस्तुत की जाएं। वहीं वाराणसी-आजमगढ़ मार्ग की लंबित परियोजना पर भी डीएम ने कड़ा रुख दिखाया। 18 ग्रामों का आर्बिट्रेशन पूर्ण होने के बावजूद 250 करोड़ रुपये के सापेक्ष मात्र 70 करोड़ की पत्रावली प्रस्तुत किए जाने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने उपजिलाधिकारी केराकत और परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि गांवों में कैंप लगाकर तेजी से प्रतिकार पत्रावली तैयार करें और मौके पर ही भूमि का कब्जा सुनिश्चित करें। मुख्य राजस्व अधिकारी को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रतिकर निस्तारण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी (भू-राजस्व) अजय अंबष्ट, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदमपुर पुलिया क्षेत्र में ट्रांसफार्मर अनुरक्षण तेज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। जौनपुर अहियापुर क्षेत्र के अंतर्गत आदमपुर पुलिया के पास आगामी भीषण गर्मी को देखते हुए विद्युत विभाग सक्रिय नजर आ रहा है। अवर अभियंता नीरज कुमार की देखरेख में ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण एवं मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है, ताकि गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। विभाग द्वारा समय रहते ट्रांसफार्मरों की जांच, साफ–सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जा रहे हैं। इससे ओवरलोडिंग, फाल्ट और अचानक बिजली कटौती जैसी समस्याओं पर प्रभावी नियंत्रण की उम्मीद जताई जा रही है। इस दौरान मौके पर अली मेंहदी, फैजी हैदर, रवि, कुंदन, संतोष, सुशील कुमार, विष्णु, अशोक और विनोद,क़ैफ़, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जौनपुर में इमामबारगाह कल्लू मरहूम की नई कमेटी गठित, अंजुम सईद बने मुतवल्ली

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के कोतवाली क्षेत्र स्थित इमामबारगाह कल्लू मरहूम में उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक़्फ़ बोर्ड के निर्देश पर नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। नई व्यवस्था के तहत अंजुम सईद को मुतवल्ली नियुक्त किया गया है। वहीं सकलैन हैदर को सदर और सदफ़ हैदर (पूर्व सभासद) को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि बीते दो वर्षों से अधिक समय तक इस जिम्मेदारी का निर्वहन आरिज़ ज़ैदी द्वारा किया जा रहा था, लेकिन अब नई टीम को कमान सौंप दी गई है। नई कमेटी के गठन के साथ ही इमामबारगाह के प्रबंधन और व्यवस्था को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### नई कमेटी के सामने बड़ी चुनौतियां

इमामबारगाह की देखरेख और रखरखाव सुनिश्चित करना, मजलिस एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को सुव्यवस्थित और भव्य बनाना, वक़्फ़ संपत्तियों की सुरक्षा और पारदर्शी प्रबंधन, आय-व्यय का स्पष्ट लेखा-जोखा रखना तथा अकीदतमंदों का भरोसा बनाए रखना–ये सभी जिम्मेदारियां अब नई टीम के कंधों पर हैं।


# कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट (चित्रकूट)

पत्रांक: 19/न0पं0मा0/विज्ञप्ति/2026-27 दिनांक- 07, अप्रैल, 2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट में वित्तीय वर्ष-2025-26 में ''सीवरेज एवं जल निकासी योजनान्तर्गत'' प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मानिकपुर क्षेत्रान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु दिनांक- 12.05.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसके डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर दिनांक 10.04.2026 समय 12:00 बजे अपरान्ह से 12.05.2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक निविदाये डाउनलोड व अपलोड की जा सकती हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन डाले जायेंगे, जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 12.05.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे समिति / सक्षम अधिकारी एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्रों में निर्धारित शुल्क व जमानत धनराशि नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या-39989721394 के IFSC-SBIN0015508 में जमा की जायेगी। निविदादाताओं को फाइनेंशियल बिड खोले जाने एवं समस्त कार्यवाही की सूचना पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगी। निविदा सूचना http://etender.up.nic.in & www.npmanikpursarhat.in पर देखी जा सकती है।

**Tender Schedule (www.etender.up.nic.in)**

| Sl. No. | E-Tendering Details | Starting Date and Time | Ending Date and Time |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Download | 10-04-2026 (12:00) | 12-05-2026 (12:00) |
| 2. | Bid Submission | 10-04-2026 (12:00) | 12-05-2026 (12:00) |
| 3. | Techincal Bid Opening | 12-05-2026 (15:00) | |
| 4. | Financial Bid Opening | After Opening Techincal Bid | |
| 5. | Place of Opening e-tender | Office in Nagar Panchayat Manikpur, Sarhat | |

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट


## अभियोजन की समीक्षा में डीएम ने दिए प्रभावी पैरवी के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज। जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की आयोजित बैठक के दौरान कहा है कि 5 वर्ष से अधिक पुराने गंभीर अपराधों के मुकदमों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराने हेतु विशेष एवं प्रभावी पैरवी की जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया में तेजी लाई जा सके। जानकारी दी गई कि इस माह कुल 17 मुकदमों पर सुनवाई हुई, जिनमें 11 मामलों में दोषियों को सजा तथा 6 मामलों में साक्ष्यों के अभाव में रिहाई हुई। जिलाधिकारी ने ई-समन प्रणाली के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि ई-समन के माध्यम से समयबद्ध तरीके से संबंधित व्यक्तियों को सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है, जिससे सुनवाई में अनावश्यक विलंब पर विराम लगेगा। उन्होंने जनपद में वर्तमान में खाद्य सुरक्षा के 119, खनन के 2 तथा ड्रग्स से संबंधित 22 मुकदमे लंबित पाए जाने पर निर्देश दिए कि सभी मामलों में सशक्त पैरवी कर दोषियों को दंडित कराया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) देवेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।


# पं0 राजनारायण मिश्र डिग्री कॉलेज

मिश्रापुर धूता, गुलरिहा, जगतपुर, रायबरेली।

पत्रांक: मे0मो0/2026 दिनांक: 07-04-2026

**आवश्यकता है**

पं0 राजनारायण मिश्र डिग्री कॉलेज, मिश्रापुर धूता, गुलरिहा, रायबरेली में निम्न विषयों में असिस्टेन्ट प्रोफेसरों की।

**बी0ए0-** हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, भूगोल, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन भारतीय इतिहास, अर्थशास्त्र **(प्रत्येक में 2 पद)।**

**बी0एस0सी0-** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित **(प्रत्येक में 2 पद)।**

**एम0ए0-** भूगोल-**2 पद**, समाजशास्त्र-**2 पद।**

**एम0एस0सी0-** जन्तु विज्ञान-**4 पद**, गणित-**4 पद।**

**शैक्षिक योग्यता एवं वेतन-** यू0जी0सी0 एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के परिनियमावली के अनुसार।

सम्पर्क सूत्र- 9415014702

**प्रबन्धक-ओम प्रकाश मिश्रा**
**मोबा.-9305456797**

# पीड़िता ने फूलबहेड पुलिस पर लगाएं गंभीर आरोप

## पीड़िता ने मौलाना इरफान के खिलाफ कार्रवाई को कहा तो दरोगा सरवन ने कहा जाओ उसके गोली मार दो

जन एक्सप्रेस। सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** डेढ़ माह से पग़ायब पुत्री और नाती के सकुशल बरामदगी के लिए दर दर भटकने के लिए मजबूर फूल बहेड की रहने वाली पीड़िता वारिसा ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाते हुए बताया है की उसकी बड़ी पुत्री राबिया खातून को बसहा माफी थाना फूलबेहड़ में रह रही बड़ी बहन का शादी शुदा पुत्र मदरसे में पढ़ाने वाले मौलाना इरफान जो तंत्र मंत्र करने वाले से पीड़िता के घर आना जाना था मौलाना इरफान ने की पुत्री को अपने प्रेम जाल में फसा लिया शादी शुदा होने के कारण पीड़िता ने काफी विरोध किया और गांव परिवार में बदनामी के डर से पुत्री राबिया खातून का विवाह 23.जुलाई.2023 में माजिद पुत्र खलील ग्राम व थाना मैलानी खीरी से कर दिया। शादी में गए मौलाना इरफान ने पीड़िता के दामाद से अपने प्रेम संबंधों की बात कही जिस कारण पीड़िता के दामाद ने पीड़िता की पुत्री से न शारिरिक संबंध बनाए और रखने से साफ मना कर दिया और दामाद बाहर चला गया सात माह रहने के बाद पुत्री 10.फरवरी.2024 को घर आई 11.फरवरी.2024 को इरफान पीड़िता के घर आकर बोला मैं दुआ ताबिज से सब ठीक कर दूंगा कहकर अपने गांव बसहा माफी थाना फूलबहेड़ जिला खीरी ले गया। जहां पुत्री से मौलाना इरफान ने शारिरिक स बन्ध बना जिसमें वहां मौजूद इरफान के ताऊ के पुत्र अजीजुर्रहमान ने डरा धमकाकर दोनों द्वारा घर छोड़ गया। पीड़िता को पुत्री ने सारी बात बताई भयभीत पीड़िता ने पुत्री को उसके ससुराल भेज दिया पीड़िता का मासिक धर्म रूकने से पता चला की पीड़िता की पुत्री गर्भवती हो गई जिसकी जानकारी

> **पुत्री के वैवाहिक जीवन में ज़हर घोला शारिरिक संबंध बना बचचा पैदा किया पहले अपनाने बाद में चाल पर चाल चलता रहा मौलाना इरफान**

होने पर दामाद ने पुत्री को रखने से इन्कार कर दिया की दामाद बोला जब मैंने इसे छुआ नहीं तो यह गर्भवती कैसे हुई जिसका बच्चा है उसी के पास जाओ पीड़िता ने पुत्री को घर लाकर इरफान से साथ रखने की बात कही इरफान दांव पर दांव चलता रहा 15.अक्टूबर .2024 को पुत्र को जन्म दिया पीड़िता की पुत्री ने इरफान के साथ शादी करने के लिए पुलिस में शिकायत की परंतु पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की अपने को फंसता देख पुलिस को मोटी रकम देकर पुलिस के कहने पर मौलाना इरफान ने 17 मई.2024 को न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) यहा केस डाल कर मामले को पुलिस से हटा लिया उसके बाद इरफान मौलाना अपने षड्यंत्र में कामयाब हो गया पुत्री थाना फूलबहेड़ जाती तो पुलिस कहती हम इसमें हम कुछ नहीं कर सकते मजबूर पीड़िता ने दिनांक 18.जून.2024 को एफआईआर दर्ज कराने हेतु न्यायालय में 156/3 डाला अपने को फंसता देख विपक्षी आए दिन इरफान ताऊ के पुत्र अजीजुर्रहमान के साथ प्राणघातक हमले डराने धमकाने का काम करता रहा पीड़िता ने विपक्षी इरफान से शादी न करने पर पुत्र सहित आत्महत्या कर लेने की बात कही थी उसके बाद 27. जनवरी.2026 को पीड़िता की पुत्री नाती के साथ फूलबहेड़ सीएचसी दवा लेने गयी थी वहीं से विपक्षी पीड़िता की पुत्री व नाती को सलीम अहमद पुत्र शहाबुद्दीन निवासी रमिया बहेड़ तहसील धौरहरा थाना पढ़ुआ जनपद खीरी गया जिसकी शिकायत करने पर फूलबहेड़ पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध एफआईआर न लिखकर विपक्षियों से मोटी रकम लेकर दिनांक 09.फरवरी.2026 को गुमशुदगी डीजी नंबर 026/2026 दर्ज की पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है नामजद आरोपी इरफान मौलाना के विरुद्ध एफआईआर न दर्ज करने की वजह से विपक्षी षड्यंत्र पर षड्यंत्र रच रहा है।

शादी शुदा होकर पुत्री की शादी शुदा के जीवन के साथ खिलवाड़ किया पति ने छोड़ दिया प्रेमी से हैवान बना इरफान जिसने शारिरिक संबंध बना कर नाजायज बच्चा पैदा किया बचने के लिए न्यायालय में केस डाला उसके बाद नामजद एफआईआर न लिखकर गुमशुदगी दर्ज कर विपक्षी को पुलिस ने बचा लिया रोने गिड़गिड़ाने के बाद दरोगा सरवन ने कहा जाओ इरफान को गोली मार दो। पुलिस हर मोड़ पर मौलाना इरफान को बचाती रही पीड़िता काफी दहशत के साए में जी रही है पुत्री कहा है कैसी है किस हाल में है क्या खा रही बहुत परेशान है पीड़िता चाहती है की पुत्री कहा है जिंदा है कि विपक्षियों ने हत्या कर दी अगर जिंदा है तो इरफान पुत्री से शादी कर नाती को अपनाएं कम से कम सच्चाई तो सामने आ जाए अगर मौलाना इरफान पुत्री की हत्या करा चुका या जिंदा रहने पर पुत्री को अपनाता नहीं तो पीड़िता मौलाना इरफान को उसके किए की सजा जरूर दिलाएगी चाहे पीड़िता की जान चली जाए।

# भूमि विवाद से आहत परिवार ने तहसील परिसर में शुरू किया आमरण अनशन, प्रशासन के आश्वासन पर खत्म

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी




तहसील क्षेत्र में भूमि विवाद का मामला उस समय गंभीर रूप लेता नजर आया, जब न्याय न मिलने से आहत एक पीड़ित परिवार ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया। हालांकि प्रशासन के हस्तक्षेप और आश्वासन के बाद अनशन समाप्त करा दिया गया। ग्राम भेड़ौरी पर खैरीगढ़ निवासी महेश प्रताप पुत्र सियाराम व उनकी पत्नी रीता देवी ने आरोप लगाया कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर गांव के ही कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। पीड़ित के अनुसार, उनकी भूमि गाटा सं या 956/0.0970 में 0.03230 हेक्टेयर तथा गाटा सं या 781/0.69230 में 0.170 हेक्टेयर दर्ज है, जिस पर 30 जनवरी 2026 से कब्जा किया गया है। साथ ही उनकी गौशाला पर भी अतिक्रमण होने की बात कही गई है। पीड़ित का आरोप है कि कब्जा करने वाले लोग प्रभावशाली हैं और स्वयं को एक संगठन से जुड़ा बताकर लगातार उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई बार प्रशासन व पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि उन पर दबाव बनाकर झूठे मुकदमों में फंसाने की कोशिश की जा रही है, जिससे परिवार मानसिक रूप से परेशान है। न्याय की मांग को लेकर पीड़ित परिवार ने तहसील परिषद परिसर निघासन में आमरण अनशन शुरू कर दिया। परिवार का कहना था कि जब तक उनकी जमीन से अवैध कब्जा नहीं हटाया जाएगा, तब तक वे अनशन जारी रखेंगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) निघासन राजीव निगम ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम गठित कर जांच के निर्देश दिए तथा भूमि की पैमाइश कराने का आदेश दिया। साथ ही दोनों पक्षों के अभिलेखों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।प्रशासन के आश्वासन के बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से वार्ता की, जिसके उपरांत आमरण अनशन समाप्त करा दिया गया। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कुत्ते के शव खाने से 25 गिद्धों की मौत

## वन विभाग जंगल से सटे गांव में सर्च ऑपरेशन चला रहा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



भीरा वन रेंज के पड़रिया बीट के अंतर्गत जंगल किनारे बसे सेमरिया गांव में दो दर्जन से अधिक गिद्धों के मृत मिलने की घटना ने वन विभाग की नींद उड़ा दी है। पूरे इलाके में दहशत व आशंका का माहौल पैदा हो गया है।

प्रारंभिक जांच में मामला बेहद गंभीर और चिंताजनक नजर आ रहा है। वन विभाग की टीम लगातार मौत के कारणों की तह तक जाने में जुटी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जताई जा रही आशंका ने इस घटना को और भी पेचीदा बना दिया है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में करीब आधा दर्जन कुत्तों के झुंड को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहर दे दिया गया था।

जहर खाने के बाद ये कुत्ते अलग-अलग स्थानों पर जाकर मर गए। बताया जा रहा है कि इन्हीं में से एक कुत्ते के शव को गिद्धों ने नोच-नोचकर खाया, जिससे जहरीला मांस खाने के कारण बड़ी सं या में गिद्धों की मौत हो गई। हालांकि, वन विभाग अभी इस थ्योरी की पुष्टि नहीं कर रहा है और वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रहा है। टीम ने मौके से चार कुत्तों के शव बरामद किए हैं जिनमें से दो के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। जबकि अन्य दो शवों को सुरक्षित तरीके से मिट्टी में दफना दिया गया है। वहीं, जहरखुरानी का शिकार हुए अन्य कुत्तों के शवों की तलाश को लेकर घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम जिसमें वन दरोगा राजदीप सिंह चौहान, वन रक्षक शरद मिश्रा, टीएसआई अवनीश शर्मा, वन दरोगा रामचंद्र, महेश कुमार शुक्ला, मो. शहीम एवं बाचरों की पूरी टीम बना कर लगातार जंगल से सटे इलाकों में काबिंग कर रही है ताकि अन्य मृत कुत्तों का भी पता लगाया जा सके, जिससे जंगल से निकल कर अन्य पशु पक्षियों की कोई हानि न हो और आगे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## एक्सप्रेस खबरें...

### जब बड़े साहब फंसे जाम में, चौकी प्रभारियों लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। कमिश्नरेट के घंटाघर चौराहे पर भीषण जाम के बीच उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस कमिश्नर और जॉइंट पुलिस कमिश्नर खुद मौके पर फंस गए। हालात का जायजा लेने पर पता चला कि संबंधित चौकी प्रभारी अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय चौकी में बैठे थे। जाम की स्थिति से पूरा शहर जूझ रहा है। उस समय हड़कंप मच गया जब पुलिस कमिश्नर और जॉइंट पुलिस कमिश्नर खुद मौके पर फंस गए। जब कारणों को जांच की गई तो पता चला कि जाम की स्थिति न बनने पाय इसके लिए कोई नजर नही आये, नाराज़ होकर जॉइंट पुलिस कमिश्नर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चौकी प्रभारी सुतरखाना सुमित कुमार और चौकी प्रभारी नयागंज कामेश राज को लाइन हाज़िर कर दिया। यह हालत तब है, कब शहर में जाम की समस्या को लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद लापरवाही सामने आने पर यह सख्त कदम उठाया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### दबंगों के हमले में कई लोग घायल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। एक चाय की दुकान पर कुछ दबंगों ने हमला कर दिया। घटना में है चाय के दुकानदार सहित एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इसके अलावा दबंगों ने दुकान पर भी तोड़ फोड़ की। जानकारी के अनुसार कानपुर कमिश्नरेट के साउथ जोन स्थित किदवई नगर थाना क्षेत्र में दबंगों के हौसले बुलंद नजर आए। यहां एक चाय दुकानदार पर एक दर्जन से अधिक लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चाय की दुकान पर चाय दुकानदार के साथ दबंगों द्वारा मारपीट की घटना की वारदात के आरोप मौके पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिस जाँच का विषय बताते हुए पीड़ित ने बताया, अज्ञात हमलावरों ने न केवल उसके साथ मारपीट की बल्कि दुकान में तोड़फोड़ भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और हमलावरों की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।




### टप्पेबाज महिला जेवर सहित हुई गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। हैलेट चौकी क्षेत्र स्थित कार्डियोलॉजी अस्पताल में इलाज कराने आए महिला तीमारदार को सस्ता इलाज के नाम पर गुमराह कर उसके पहने हुए सोने के जेवरात की टप्पेबाजी की गई। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस एक्शन शातिर टप्पेबाज महिला जेवरात सहित गिरफ्तार कर लिया। कानपुर के स्वरूप नगर थाना क्षेत्र स्थित हैलेट चौकी के अंतर्गत कार्डियोलॉजी अस्पताल परिसर में टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देने वाली शातिर महिला आरोपी अनीता उर्फ गुड्डी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की शिकायत पर स्वरूप नगर थाना पुलिस ने सेंट्रल जोन सर्विलांस टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्नाव (अचलगंज बदरका की रहने वाली शातिर आरोपी महिला अनीता दुबे को चोरी किए गए जेवरात सहित दबोच लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी महिला से अन्य पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश कर सलाखों का रास्ता दिखाया।



# कृषक समाज इंटर कॉलेज मे संचारी रोग व उनकी रोकथाम के लिये दिये गये सुझाव

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में उप प्रधानाचार्य लखपति भारती की अध्यक्षता में संचारी रोग एवं दस्तक अभियान का कार्यक्रम प्रार्थना सभा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में रसायन विज्ञान प्रवक्ता अशोक कुमार वर्मा ने क्लोरीनेशन पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि जब पानी में सोडियम हाइपोक्लोराइट या क्लोरीन गोलियों (0.2-2 द्वद्/रु) मिलाकर हानिकारक कीटाणुओं, बैक्टीरिया और वायरस को नष्ट करने की एक प्रभावी प्रक्रिया है। यह जल जनित बीमारियों को रोकने के लिए पानी को कीटाणुरहित और सुरक्षित बनाता है,

पेयजल को उबालना, साबुन से हाथ धोना, शौचालयों का प्रयोग आदि के फायदे को विस्तार से चर्चा की साथ ही साथ राष्ट्रीय सेवा योजना की विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में गमलों आदि में जमा जल को साफ कराया गया, तथा श्रमदान के माध्यम से परिसर की साफ सफाई कराई गई कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार ओमप्रकाश एस के वर्मा अरविंद यादव संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

# बरसात में दलदल बना बिल्हौर अधिवक्ता परिसर, वकीलों का फूटा गुस्सा

> **हल्की बारिश में जलभराव से ठप आवागमन, नगर पालिका से तत्काल सुधार कार्य की मांग**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील स्थित अधिवक्ता परिसर में बदहाल व्यवस्थाओं ने एक बार फिर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता उजागर कर दी है। हल्की सी बारिश में ही परिसर की प्रमुख गली जलभराव और कीचड़ से भर जाती है, जिससे अधिवक्ताओं सहित आम नागरिकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं ने बताया कि अधिवक्ता अमृता सिंह भदौरिया एवं संजय श्रीवास्तव के चैंबर के मध्य से होकर बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रजेश कटियार के चैंबर तक जाने वाली गली की हालत बेहद खराब है। बारिश के बाद यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे न केवल आवागमन बाधित होता है बल्कि दैनिक कार्य भी प्रभावित होते हैं।समस्या से नाराज अधिवक्ताओं ने जनार्दन सिंह यादव (अध्यक्ष) के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद बिल्हौर को प्रार्थना पत्र सौंपकर गली में जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने और पक्का निर्माण/पुनर्निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है अधिवक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर जनहित में ठोस कार्रवाई करने की अपील की है। इस मामले की प्रतिलिपि उपजिलाधिकारी बिल्हौर एवं संबंधित क्षेत्र के सभासद को भी भेजी गई है, ताकि शीघ्र प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# चकेरी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया अभियान, 60 लाख रूपये का स्प्रिट केमिकल और गुटखा किया नष्ट

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

एसीपी चकेरी अभिषेक पांडेय ने बताया कि चकेरी थाना की विभिन्न चौकियों से बरामद नकली गुटका, स्प्रिट केमिकल और अन्य सामग्री को न्यायालय तथा प्रशासनिक अनुमति के बाद नष्ट किया गया। भविष्य में किसी भी कानूनी समस्या से बचने के लिए संबंधित मामलों का रिकॉर्ड भी विधिवत संधारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जब्त सामान लंबे समय तक मालखानों में पड़े रहने से सुरक्षा और रखरखाव संबंधी समस्याएं हो रही थी, इसलिए मालखानों को व्यवस्थित रखने के लिए समय समय पर ऐसे विनष्टीकरण अभियान चलाए जाते हैं। इस अभियान के दौरान पुलिस, एसडीएम रितु प्रिय और आबकारी निरीक्षक रामकृष्ण चतुर्वेदी समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। गुटके की कीमत 10 लाख और स्प्रिट की कीमत 50 लाख बताई जा रही है। एसीपी ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि यदि उन्हें अवैध शराब, नशीले पदार्थों या किसी भी गैरकानूनी गतिविधि के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि समय पर उचित कार्रवाई की

# भाजपा जिला कार्यकारिणी की पार्टी कार्यालय पर बैठक हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी




भाजपा जिला कार्यकारिणी की पार्टी कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई बैठक पार्टी द्वारा जिले में चलाए जा रहे हो कार्यक्रमों एवं अभियान के विषय में विस्तार से जानकारी के अलावा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहब के जन्म दिवस को, समारोह पूर्वक तथा बाबा साहब के जन्म दिवस को सामाजिक समरसता दिवस दिवस के रूप में भाजपाई मनाएंगे इस अवसर पर पूरे जिले में बाबा साहेब की मूर्तियों पर माल्यार्पण के अलावा विचार संगोष्ठी एवं अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा की पार्टी द्वारा दिए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों में आप अपनी पुरी सहभागिता से कार्यक्रम एवं अभियान को सफल बनाएंगे ऐसी अपेक्षा के साथ उन्होंने कहा की बाबा साहब का जितना मान स मान प्रधानमंत्री मोदी मु यमंत्री योगी एवं भाजपा करती है उतना अन्य विपक्षी दल नहीं करते है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही अंबेडकर के पवित्र पांच स्थल को पंच तीर्थ के रूप में न केवल विकास किया व उन्हें पंच तीर्थ का दर्जा भी दिया भाजपा अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान के तहत ही देश का विकास एवं सामाजिक सहभागिता के कार्यक्रमों को आगे बढ़ा रही है कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से महामंत्री अनुराग मिश्रा ने विषय परिवर्तन करते हुए कहा की अंबेडकर भारत के महान सपूत उनके जन्म दिवस को प्रत्येक भारतीयों को मनाना चाहिए क्योंकि वह भारतीय समाज के जननायक थे उन्होंने जिला बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों के विषय में विस्तार से जानकारी दी बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान की पूरी जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक राम जी मौर्य ने बताया कि जिले की 18 मंडलों में प्रशिक्षण अभियान के कार्यक्रम पूरे हो गए हैं तथा 15 मंडलों के पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान को पूरा करना है इसके लिए पूरी योजना रचना तैयार है पार्टी के स्थापना दिवस के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक आशू मिश्रा ने बैठक में विस्तार से से बताते हुए कहा कि पूरे जिले में स्थापना दिवस के कार्यक्रम में खीरी जिला अब्बल साबित हुआ है समरसता दिवस के कार्यक्रम के शह संयोजक गंगाराम राजपूत ने कहा की डॉक्टर बाबा साहब का स मान केवल बीजेपी करती है बाकी दल मात्र दिखावा करते हैं उन्होंने कहा कि अंबेडकर को भारत रत्न देने के साथ ही संविधान के प्रति निष्ठा निष्ठा व्यक्त करने का कार्य भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही करती है कार्यक्रम के संयोजक महामंत्री मनोज वर्मा ने कहा 13 अप्रैल को बाबा साहेब की मूर्तियों की स्वच्छता के साथ ही साथ शाम को दीप प्रज्वलन एवं 14 अप्रैल को उनकी मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पण करने का कार्य पार्टी जन करेंगे महामंत्री राजेश सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा पार्टी द्वारा 7 से 12 अप्रैल तक चलाए जा रहे ग्राम बस्ती अभियान को पूरी समर्पण के साथ पूरा करना है

हरिजन छात्रावास में जाकर बाबा साहब के विचारों को बताने के अलावा सरकार द्वारा हरि दलित प्रमुख उत्थान के लिए किए गए कार्यो के विषय में भी अपने विचार रखना है बैठक सदर विधायक योगेश वर्मा ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला पवन गुप्ता दिव्या सिंह विश्वनाथ सिंह अमित वर्मा महेंद्र बाजपेई के अलावा गोला नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू जितेन साहनी श्रीमती किरण अग्रवाल संतोष कुमारी रश्मि गुप्ता संगीता पुरी राजीव भार्गव जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा राजीव मिश्रा अंकित अवस्थी ऋषभ पांडे शौर्य सक्सेना जितेंद्र साहनी तथा नगर अध्यक्ष देवड़ा चढ़ा तथा गन्ना विकास परिषद के अध्यक्ष एवं सभी मंडल के अध्यक्षों ने भाग लिया।

# इलाज के दौरान अधिवक्ता की मौत, साथी वकीलों में शोक की लहर

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता आनन्द कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके निधन की खबर से साथी अधिवक्ताओं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।खैरहनी गांव निवासी अधिवक्ता आनन्द कुमार (30) मार्च की शाम तहसील से घर लौट रहे थे। पलिया-निघासन मार्ग पर गांव के पास मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया था। गंभीर हालत में उन्हें पहले सीएचसी निघासन से फिर जिला अस्पताल लखीमपुर और बाद में लखनऊ रेफर किया गया था। लखनऊ के आईकन हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था, जहां वह कई दिनों तक आईसीयू में भर्ती रहे और होश में नहीं आए। बुधवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनके पीछे पत्नी सहित दो लड़की हे इससे पहले पिता का एक्सिडेंट हो गया था उनका भी इलाज काफी समय तक चलता दोनों पैरों में गंभीर चोट की वजह से दोनों पैर कट गए थे आज परिवार पर जवान बेटे की मौत पर पूरा परिवार दुख का पहाड़ टूट गया।घटना के बाद से ही पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। अधिवक्ता की मौत की खबर मिलते ही निघासन तहसील परिसर में शोक का माहौल छा गया। साथी अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और दोषी वाहन चालक की जल्द गिर तारी की मांग की।

गांव में भी मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने प्रशासन से आरोपी चालक की गिर तारी और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# सुहेली नदी में मिला अज्ञात युवक का शव



जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

सिंगाही थाना क्षेत्र में सुहेली बैराज के पास सुहेली नदी में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गश्त पर निकले वन कर्मियों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, मुझगई वन रेंज के वाचर बीती रात जंगल में गश्त कर रहे थे। सुहेली नदी के पास पहुंचने पर उन्होंने पानी में एक युवक का शव तैरता हुआ देखा। वन कर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना मिलते ही सिंगाही थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिना त शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया युवक की मौत डूबने से हुई प्रतीत होती है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वास्तविक वजह सामने आ पाएगी। पुलिस शव की पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

# डॉक्टर अंबेडकर की जन्म जयंती की पूर्व संध्या भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिय तैयारियां जोरों पर

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

सामाजिक समरसता मंच, इस बार भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव राम जी अंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती भव्य और यादगार मायेगा। बाबा साहेब डॉ भीम राव राम जी अंबेडकर की पूर्व संध्या पर 13 अप्रैल 2026 को 4 बजे से कचेहरी रोड स्थित जिला पंचायत सभागार में एक सभा का आयोजन करेगा। कार्यक्रम के मु य अतिथि रमेश जी क्षेत्र प्रचारक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर सौरभ मालवीय प्रदेश महामंत्री विद्या भारती लखनऊ, अध्यक्षता नरेंद्र सिंह क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र होंगे। सभा में बाबा साहेब के जन्म से लेकर, उनके शैक्षिक जीवन संघर्ष पर व्या यान होंगे। आयोजन में विशेषकर बाबा साहेब के अनुयायियों/ वंचित जातियों की विशेष धरोहर और प्रतिभाओं को भी स मानित किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम का संयोजक चंदन लाल वाल्मीकि को बनाया, सह संयोजक राम मोहन गुप्त, किशोरी लाल भारती, गंगा राम जी एडवोकेट, मयूरी नागर, पूजा चौहान, को बनाया गया है। तैयारी बैठक में डॉक्टर राम नरेश तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में चन्दन लाल वाल्मीकि, राम मोहन गुप्त, दीपक पुरी, रामू स्वदेशी, रश्मि महेन्द्रा, मयूरी नागर, पूजा चौहान, रमेश, डॉक्टर विजय यादव, की विशेष उपस्थिति रही।

# महापौर की अध्यक्षता में लगाया गया सुनवाई कैम्प

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

कानपुर महापौर प्रमिला पांडे की अध्यक्षता में नानाराव पार्क श्याम महोत्सव स्थल के पास नानाराव पार्किंग, फूल बाग में जोन-1 से सम्बन्धित जनसुनवाई कैम्प लगाया गया, जिसमें नगर निगम, जलकल, स्वास्थ्य विभाग, केस्को, समाज कल्याण एवं डूडा विभाग से सम्बन्धित शिकायतों हेतु कैम्प लगाया गया।

जन सुनवाई कैम्प में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें 11 शिकायतें आयुष्मान कार्ड से सम्बन्धित था,

जिसे तत्काल मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

एक शिकायत नानाराव पार्क में समर्सिबल से सम्बन्धित जिसे मौके पर उपस्थित जलकल कर्मियों द्वारा निस्तारण कर दिया गया।

शेष 40 शिकायतें कूड़ा उठान, सफाई, पेड़ काटने, मार्ग प्रकाश की लाइटें लगाये जाने से सम्बन्धित थी, जिसे शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

कैम्प में पार्षद यशपाल सिंह, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता 'मोनू', आदर्श गुप्ता, आकर्ष बाजपेयी, अपर नगर आयुक्त मो0 अवेश, मुख्य अभियन्ता 'सिविल' सैय्यद फरीद अख्तर जैदी, महाप्रबन्धक जलकल आनन्द कुमार त्रिपाठी, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आर. के. निरंजन, जोनल अधिकारी, जोन-1 विद्या सागर यादव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अनिरूद्ध सिंह, अधि. अभि. जोन-1 जलकल राजकुमार सिंह इत्यादि व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बंगाल में पीएम ने दी छह गारंटी

## ‘सबका साथ, सबका विकास और लुटेरों का हिसाब’ होगा बीजेपी का नया नारा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जनसभा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि-हम ऐसा समाज देखने चाहते हैं। जहां हर कोई भय से मुक्त हो। ये मां, माटी और मानुष की बात करते हैं। मां आज रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा है और मानुष भयभीत है, डरा हुआ है। उन्होंने कहा कि- गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ऐसा समाज देखना चाहते थे जहां हर कोई भय से मुक्त हो, लेकिन टीएमसी के महाजंगलराज ने एकदम उल्टा कर दिया। टीएमसी ने देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया था। इससे पहले आज ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में जनसभा की। उन्होंने कहा कि आपने टीएमसी पर विश्वास किया था, लेकिन टीएमसी ने बंगाल में निर्ममता की सारी हदें पार कर दीं। उन्होंने कहा कि 4 मई के बाद हर गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा। बंगाल में अब टीएमसी का भय नहीं, भाजपा का भरोसा चलेगा।




### यह चुनाव विकसित बंगाल की नींव रखेगा

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह चुनाव विकसित बंगाल की मजबूत नींव रखने का चुनाव है और इसका पहला तथा सबसे अहम कदम इस निर्दयी सरकार को सत्ता से बाहर करना होगा। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर राज्य के विकास में बाधा डालने का आरोप लगाया।

### भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है

पीएम मोदी ने अपने भाषण में देश की आर्थिक प्रगति का जिक्र करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि जहां देश के कई राज्य विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं, वहीं टीएमसी की सरकार बंगाल को पीछे धकेल रही है। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में मतदाताओं से बदलाव का आह्वान करते हुए कहा कि राज्य को विकास के रास्ते पर लाने के लिए निर्णायक कदम उठाने की जरूरत है।

### पीएम मोदी की बंगाल को 6 गारंटी

- **पहली**- भय के माहौल में आज लोगों को बार-बार कानून से मदद मांगनी पड़ती है। लेकिन हमारी सरकार में आपको न्याय मिलेगा।
- **दूसरी**- सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा।
- **तीसरी**- घोटाले, दुष्कर्म हर क्राइम की फाइल खुलेगी।
- **चौथी**- जिसने भी करप्शन किया है, उसकी जगह जेल में होगी। मंत्री हो या संत्री, जनता का पैसा नहीं खाने देंगे।
- **पांचवी**- जो शरणार्थी हैं, उन्हें सम्मान मिलेगा, जो घुसपैठी हैं, उन्हें खदेड़ा जाएगा।
- **छठवीं**- सभी सरकारी कर्मचारियों को इस निर्मम सरकार ने भयभीत करके रखा है। मोदी सरकार आपके साथ खड़ी है। सरकार बनते ही यहां 7वां पे कमीशन लागू करवाएंगे। ये हमारी गारंटी है। इसके साथ ही मैं आपको एक और गारंटी भी देता हूं कि अब तक जिन्होंने प. बंगाल को लूटा है, उन सबका हिसाब होगा।

### मत्स्य पालन और सी-फूड क्षेत्र को लेकर ममता सरकार का घेरा

पीएम मोदी ने कई मुद्दों को लेकर ममता सरकार को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में मत्स्य पालन और सी-फूड के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके बावजूद राज्य आज भी मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारी मांग के बावजूद बंगाल को अपनी जरूरतों के लिए दूसरे राज्यों से मछली आयात करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि 15 साल सत्ता में रहने के बाद भी टीएमसी सरकार आपको मछली जैसी बुनियादी चीज भी उपलब्ध नहीं करा पाई। यह उनकी गलत नीतियों का स्पष्ट उदाहरण है। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत का कुल मछली उत्पादन और समुद्री निर्यात दोगुना हुआ है, लेकिन बंगाल में टीएमसी सरकार के कारण यह प्रगति नहीं हो पाई।

### ममता सरकार ने युवाओं के साथ दोहरा विश्वसघात किया: मोदी

युवाओं के मुद्दे पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी सरकार ने राज्य के युवाओं के साथ दोहरा विश्वासघात किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं और जहां नौकरियां हैं, वहां भी बाहरी घुसपैठियों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी नौकरियों में भ्रष्टाचार है और उन्हें टीएमसी के मंत्रियों द्वारा लूटा जा रहा है। औद्योगिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एक समय हल्दिया जैसे इलाकों में देशभर से लोग काम करने आते थे, लेकिन अब यहां के युवा रोजगार की तलाश में अंडमान, ओडिशा और अन्य राज्यों की ओर पलायन कर रहे हैं।

### पीएम शब्द से है टीएमसी को परेशानी: मोदी

पीएम ने टीएमसी सरकार पर केंद्र की योजनाओं को लेकर तीखा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि टीएमसी को पीएम शब्द से इतनी नफरत है कि वह प्रधानमंत्री से जुड़ी योजनाओं का नाम बदल देती है या उन्हें लागू ही नहीं करती। पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं का नाम बदल दिया गया, जिससे कई वास्तविक लाभार्थियों के नाम सूची से हटा दिए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे राज्य के गरीबों को नुकसान हुआ है। उन्होंने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का जिक्र करते हुए कहा कि सिर्फ पीएम शब्द होने के कारण इस योजना को पश्चिम बंगाल में लागू नहीं होने दिया गया, जिससे गरीब और बुजुर्ग इलाज की सुविधा से वंचित रह गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी नेताओं की राजनीतिक नाराजगी उनसे हो सकती है, लेकिन इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पीएम कोई व्यक्तिगत पहचान नहीं, बल्कि संविधान और जनता द्वारा दिया गया पद है।

### राज्य में घुसपैठियों की चल रही फैक्ट्री

प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में घुसपैठियों की फैक्ट्री चल रही है, फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं और पशु तस्करी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी की राजनीति डर और भय पर आधारित है। यह चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद पीएम मोदी का राज्य का दूसरा दौरा है। इससे पहले 5 अप्रैल को उन्होंने कूचबिहार से अपने अभियान की शुरुआत की थी, जहां उन्होंने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार को घेरा था और 'भय बनाम भरोसा' का नारा दिया था। राजनीतिक दृष्टि से इन रैलियों को बेहद अहम माना जा रहा है। हल्दिया को नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी का गढ़ माना जाता है, जहां भाजपा अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखना चाहती है। वहीं, औद्योगिक शहर आसनसोल में पार्टी दोबारा अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है।

# बारामती में उपचुनाव नहीं लड़ेगी कांग्रेस, अजित पवार को श्रद्धांजलि के तौर पर लिया बड़ा फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा मोड़ आया है। कांग्रेस ने एलान किया है कि वह इस उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेगी। यह फैसला पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद सम्मान जताने के तौर पर लिया गया है। इस निर्णय के बाद अब बारामती सीट पर चुनाव का माहौल पूरी तरह बदल गया है। दरअसल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नाथाला ने साफ कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवार को मैदान से हटाने का निर्देश दे दिया है। कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश मोरे ने नामांकन दाखिल किया था, लेकिन अब उसे वापस लिया जाएगा। नामांकन वापस लेने का गुरुवार को आखिरी दिन था, इसलिए यह फैसला अहम माना जा रहा है।

### क्यों लिया कांग्रेस ने चुनाव न लड़ने का फैसला?

कांग्रेस ने कहा कि यह उपचुनाव अजित पवार के दुखद निधन के कारण हो रहा है, इसलिए पार्टी ने सम्मान के तौर पर चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया। पार्टी का मानना है कि ऐसे समय में राजनीतिक मुकाबले से दूर रहना उचित है। यह कदम राजनीतिक मर्यादा और संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर उठाया गया है।



### क्या अन्य दलों ने भी की थी अपील?

इस फैसले से पहले कई नेताओं ने कांग्रेस से चुनाव न लड़ने की अपील की थी। शरद पवार, सुप्रिया सुले और रोहित पवार समेत कई नेताओं ने कांग्रेस से उपचुनाव को निर्विरोध कराने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि यह चुनाव एक दुखद घटना के बाद हो रहा है, इसलिए इसे सम्मानजनक तरीके से होना चाहिए।

### क्या पहले विवाद भी हुआ था?

उपचुनाव को लेकर पहले माहौल थोड़ा तनावपूर्ण हो गया था। सुनेत्रा पवार के बेटे पार्थ पवार ने कांग्रेस पर उम्मीदवार उतारने को लेकर आलोचना की थी और पार्टी के भविष्य को लेकर बयान दिया था। इससे राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई थी, लेकिन अब कांग्रेस के फैसले से विवाद खत्म होने की उम्मीद है। कांग्रेस के मैदान से हटने के बाद सुनेत्रा पवार का रास्ता आसान माना जा रहा है। अगर अन्य कोई बड़ा उम्मीदवार सामने नहीं आता, तो यह चुनाव लगभग निर्विरोध हो सकता है। बारामती सीट पर अजित पवार आठ बार विधायक रह चुके थे और यह क्षेत्र उनके राजनीतिक प्रभाव का गढ़ माना जाता है।

### उपचुनाव पर संजय राउत ने कांग्रेस को घेरा

बारामती उपचुनाव को लेकर शिवसेना (उद्धव गुट) नेता संजय राउत ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास अजित पवार विमान हादसे में एफआईआर दर्ज कराने का बड़ा मौका था, जिसे उन्होंने गंवा दिया। राउत के मुताबिक, कांग्रेस उम्मीदवार आकाश मोरे के नामांकन वापस लेने के बदले यह मांग पूरी कराई जा सकती थी, जिससे भाजपा को भी बेनकाब किया जा सकता था। राउत ने आगे कहा कि अजित पवार हादसे की जांच के लिए एफआईआर जरूरी है, लेकिन सरकार इस मामले में गंभीर नजर नहीं आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे को सबसे पहले सुनेत्रा पवार और उनके परिवार को उठाना चाहिए था। वहीं, चुनाव आयोग और तृणमूल कांग्रेस के विवाद पर राउत ने चुनाव आयोग के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है और आयोग का व्यवहार निष्पक्ष नहीं दिखता।

# 11 हजार लीटर दूध से नर्मदा का अभिषेक

## सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस, आस्था पर उठे सवाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सीहोर**

जिले के भैरूंदा क्षेत्र के सातदेव गांव में आयोजित भव्य महायज्ञ का समापन हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी और 11 हजार लीटर दूध के अभिषेक के साथ हुआ। जहां एक ओर इस आयोजन में आस्था का ज्वार उमड़ा, वहीं दूसरी ओर संसाधनों के उपयोग को लेकर बहस भी छिड़ गई है। सातदेव स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर में 21 दिनों तक चले इस धार्मिक आयोजन का समापन बेहद भव्य तरीके से किया गया। अंतिम दिन टैंकरों के माध्यम से 11,000 लीटर दूध लाया गया, जिसे मंत्रोच्चार के बीच नर्मदा नदी में अर्पित किया गया। आयोजकों के अनुसार यह अभिषेक नर्मदा माता की आराधना और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए किया गया। इस पूरे आयोजन के दौरान सातदेव गांव आस्था का केंद्र बना रहा। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचे, जबकि समापन के दिन यह संख्या 30 हजार से अधिक बताई गई। शाम की महाआरती और भंडारे में भी भारी भीड़ उमड़ी। महायज्ञ की भव्यता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि 21 दिनों में करीब 41 टन हवन सामग्री का उपयोग हुआ। प्रतिदिन 21 क्विंटल सामग्री से हवन किया गया, जिसमें जड़ी-बूटियां, सूखे मेवे और सोना-चांदी तक की आहुति दी गई। समापन समारोह का मुख्य आकर्षण 21 हजार दीपों से सजी महाआरती रही। करीब 5 एकड़ में बने पांडाल में दीपों की रोशनी ने अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया और श्रद्धालु भाव-विभोर होकर इसमें शामिल हुए।



### ड्रोन वीडियो ने छेड़ी सोशल मीडिया पर बहस

इस भव्य समापन आयोजन का ड्रोन वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें टैंकरों के जरिये हजारों लीटर दूध नर्मदा में बहाए जाने के दृश्य दिखाई दिए। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। कुछ लोगों ने इसे आस्था का प्रतीक बताया तो कई लोगों ने इसे दूध की बर्बादी बताते हुए तीखे सवाल दागे।

### दादा जी बाबा के सान्निध्य में आयोजन

यह आयोजन श्री धूनीवाले दादाजी महाराज के सान्निध्य में हुआ, जिसमें 21 दिनों तक प्रतिदिन 1108 लीटर दूध से अभिषेक किया गया, जबकि समापन पर इसे बढ़ाकर 11 हजार लीटर कर दिया गया। आयोजकों का कहना है कि बरसों से यह परंपरा चली आ रही है।

### पातालेश्वर महादेव मंदिर की मान्यता

बता दें कि सातदेव क्षेत्र को प्राचीनकाल से सप्त ऋषियों की तपोभूमि माना जाता है। मान्यता है कि यहां सप्तऋषियों की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव पातालेश्वर महादेव के रूप में प्रकट हुए। मंदिर में स्थित शिवलिंग की गहराई आज भी रहस्य बनी हुई है, जो इस स्थान की धार्मिक आस्था को और गहरा बनाती है।

# 'तटीय राज्यों ने चुनौती को अवसर में बदला', ओम बिरला बोले, विकसित भारत में विधायिकाओं की अहम भूमिका

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि तटीय राज्यों ने अपनी चुनौतियों को अवसर में बदलकर विकास का नया मॉडल पेश किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए इसी दृष्टिकोण को सफलतापूर्वक लागू किया। कॉमनवेल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन इंडिया रीजन जोन-VII सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि गुजरात, महाराष्ट्र और गोवा जैसे तटीय राज्यों के सामने प्राकृतिक और भौगोलिक चुनौतियां रही हैं, लेकिन उनके नेतृत्व ने इन्हें विकास के अवसर में बदला है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपने लंबे कार्यकाल में सूखा, लंबी तटीय सीमा और जनजातीय क्षेत्रों जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए औद्योगिकीकरण, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा दिया। नर्मदा का पानी सूखे इलाकों तक पहुंचाया गया और वैश्विक बदलावों के अनुरूप नई तकनीकों को अपनाया गया। बिरला ने कहा कि अन्य तटीय राज्यों ने भी संकट और आपदाओं से निपटने के लिए कानून और नीतियां बनाई, जिससे विपरीत परिस्थितियों में भी विकास सुनिश्चित हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दुनिया भारत की संसदीय लोकतंत्र प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ मानती है और 1952 से हर चुनाव में बढ़ती मतदाता भागीदारी इसकी सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि आज का दौर तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है, लेकिन इसके साथ मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही जरूरी है। बेहतर नीति और कानून पर सार्थक चर्चा करने वाले विधायक ही अपने राज्यों में प्रभावशाली नेता बनते हैं।




### जनता को अपने जनप्रतिनिधियों से काफी उम्मीदें हैं

उन्होंने कहा कि जनता को अपने जनप्रतिनिधियों से काफी उम्मीदें हैं और गुजरात, महाराष्ट्र व गोवा को आपस में बेहतर नीतियों और अनुभवों का आदान-प्रदान करना चाहिए। उन्होंने राज्यों की विधानसभाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की जरूरत पर भी जोर दिया।

# मणिपुर में बम हमले के खिलाफ उग्र प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल**

मणिपुर के घाटी क्षेत्रों के पांच जिलों में कर्फ्यू को दरकिनार करते हुए हजारों लोगों ने बम हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर विरोध जताया और दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की। इस हमले में दो मासूम बच्चों की मौत हो गई थी।

### सीएम से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि

इंफाल पश्चिम जिले के टिड्डिम लाइन में ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन (स्ष्ह) के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने घटना की निंदा करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हालांकि सुरक्षा बलों ने रैली को क्वाकेइथेल के पास आगे बढ़ने से रोक दिया। बाद में संगठन के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह से मिलने ले जाया गया।

### कई इलाकों में प्रदर्शन और झड़पें

आज इंफाल पश्चिम के समुरोउ में प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बिष्णुपुर के मोइरांग लामखाई और निंगथौखोंग में टायर जलाकर सड़क जाम किया गया। इंफाल पूर्व, थौबल और काकचिंग जिलों में भी इसी तरह के प्रदर्शन देखने को मिले। बुधवार रात इंफाल पूर्व के खुरई लामलोंग में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई, जहां भीड़ ने पथराव किया।

# दिल्ली विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद राजधानी में हड़कंप मच गया। इस धमकी के मद्देनजर, दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विधानसभा परिसर, सचिवालय, कई स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर बड़े पैमाने पर सुरक्षा अभ्यास शुरू कर दिया है।

### विधानसभा को मिला धमकी भरा ईमेल

यह धमकी भरा ईमेल गुरुवार सुबह 8 बजकर 14 मिनट पर विधानसभा से जुड़े कई सरकारी और अन्य इनबॉक्स में पहुंचा। ईमेल में दिन के विभिन्न समयों पर विधानसभा, सचिवालय, कुछ स्कूलों और एक मेट्रो स्टेशन पर संभावित विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी। सूचना मिलते ही, दिल्ली पुलिस ने तुरंत हरकत में आते हुए बम निरोधक दस्ते और खोजी कुत्तों की टीमों के साथ मिलकर विधानसभा परिसर, सचिवालय, लक्षित स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों पर व्यापक एंटी-सबोटेज जांच शुरू कर दी। सुरक्षा कर्मियों द्वारा चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है ताकि किसी भी संभावित खतरे को टाला जा सके।

### धमकी के बाद अलर्ट

इस घटना के बाद, दिल्ली के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बढ़ा दी गई है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने जनता से भी अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें। दिल्ली विधानसभा को मिली बम की धमकी ने एक बार फिर सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता और तत्परता को उजागर किया है। हालांकि, इस तरह की धमकियों से आम जनजीवन में भय का माहौल उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में, सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के साथ-साथ, ऐसी धमकियों के स्रोत का पता लगाना और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# राजघाट पर सीएपीएफ बिल का विरोध, पदोन्नति में पिछड़े कार्मिकों के परिजन राष्ट्रपति से लगाएंगे गुहार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सीएपीएफ बिल’ को लेकर गुरुवार को दिल्ली में राजघाट पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के पूर्व अफसरों, जवानों और परिजनों के विरोध की गूंज सुनाई दी। महात्मा गांधी के समाधि स्थल ‘राजघाट’ पर शांतिपूर्ण तरीके से सीएपीएफ (सामान्य प्रशासन) बिल 2026 का विरोध किया गया। पूर्व अफसरों एवं उनके परिजनों ने इस बिल को काले कानून की संज्ञा दी है। पिछले दिनों संसद ने इस बिल को मंजूरी दी है। अलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन ने सरकार से मांग की है कि इस बिल को खत्म किया जाए। जवानों से लेकर कैडर अफसर, ये सभी पदोन्नति में पिछड़ रहे हैं। अगर सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाती है तो सीएपीएफ कार्मिकों के परिजन 15 जून को इंडिया गेट से राष्ट्रपति भवन तक कूच करेंगे। राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर उनसे केंद्रीय बलों के जांबाज कैडर अफसरों और जवानों के करियर को खराब होने से बचाने की गुहार लगाई जाएगी।

### कहीं 20 तो कहीं 16 साल में मिल रही पदोन्नति ...

पूर्व कैडर अफसरों के मुताबिक, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में सिपाही से हवलदार बनने में 20 साल का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर बनने में 15 साल लग जाते हैं। इंस्पेक्टर को सहायक कमांडेंट के पद तक पहुंचने में 14 से 15 वर्ष लग रहे हैं। सीधी भर्ती के द्वारा सेवा में आए सहायक कमांडेंट को अगली पदोन्नति यानी डिप्टी कमांडेंट बनने में 16 साल लग जाते हैं। इसी तरह से आगे के पदोन्नति क्रम का अंदाजा लगाया जा सकता है। पदोन्नति की यही रफ्तार रही तो अधिकांश कैडर अधिकारी कमांडेंट के पद से ही रिटायर हो जाएंगे। आईजी व एडीजी तक पहुंचना, ये तो एक सपना बन कर ही जाएगा। सीआरपीएफ के पूर्व आईजी केके शर्मा ने कहा, काले कानून का सबसे ज्यादा असर पदोन्नति पर पड़ेगा।



### पीएम और गृह मंत्री से नहीं मिला मुलाकात का समय ...

अलायंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले विभिन्न राज्यों से आए सैकड़ों पूर्व अर्धसैनिकों, वीरांगनाओं, जवानों, व अधिकारियों के परिजनों ने राजघाट पर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध व्यक्त किया। एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह ने कहा, उक्त मांगों को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से कई बार मुलाकात का समय मांगा है, लेकिन अभी तक वहां से कोई बुलावा नहीं आया। उन्हें मजबूरी में शांति के पुजारी महात्मा गांधी की शरण में जाने के अलावा कोई चारा ही नहीं बचा।

### कैडर अधिकारी चिंतित ...

अलायंस के अध्यक्ष एवं पूर्व एडीजी सीआरपीएफ एचआर सिंह ने कहा, आजादी के बाद पहली ऐसा लगा, जब सरकार निचले पदों पर कार्यरत सिपाही हवलदार, इंस्पेक्टर व कैडर अधिकारियों के बीच फूट डालो वाली राजनीति कर रही है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा सुनाए गए ऐतिहासिक फैसले के बावजूद सरकार ने ‘ऑर्गेनाइज्ड ग्रुप ए सर्विस’ का दर्जा नहीं दिया। इसके विपरित, काला कानून बनाकर सरकार ने विभिन्न रैंकों में पदोन्नति क्रम को बाधित कर दिया है। इससे केंद्रीय बलों के सिपाहियों, हवलदारों और निरीक्षकों से लेकर 13 हजार कैडर अधिकारियों में अपने सुनहरे भविष्य को लेकर चिंता व्याप्त है। एचआर सिंह ने दावा किया है कि इसका असर पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा।

### सहूलियत के हिसाब से ‘सीएपीएफ’ की व्याख्या ...

बीएसएफ के पूर्व एडीजी एसके सूद के मुताबिक, सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की व्याख्या कर रही है। जब इन बलों को पुरानी पेंशन देने का मामला सामने आया तो सरकार ने इन्हें ‘संघ के सशस्त्र बल’ मानने से इनकार कर दिया। दरअसल सरकार, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को ओपीएस देना ही नहीं चाहती थी। इसी कारण सरकार ने इन बलों को सिविल फोर्स बता दिया। अब ‘केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) बिल, 2026’ में लिखा है कि सीएपीएफ ‘संघ के सशस्त्र बल’ हैं। अगर ये बात सही है तो फिर इन बलों को पुरानी पेंशन मिलनी चाहिए।

### फोर्स के नियंत्रण का आधार ‘सशस्त्र बल’ ...

केंद्र सरकार, सीएपीएफ को सिविलियन फोर्स बताती है। सीएपीएफ पर भारतीय सेना के कानून लागू होते हैं, फोर्स के नियंत्रण का आधार भी सशस्त्र बल हैं। इन बलों के लिए जो सर्विस रूल्स तैयार किए गए हैं, उनका आधार भी फौज है। इन सारी बातों के होते हुए भी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को ‘पुरानी पेंशन’ से वंचित किया गया है। एक जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती हुए सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन के दायरे से बाहर कर उन्हें ‘एनपीएस’ में शामिल कर दिया गया था। इसी तर्ज पर सरकार ने सीएपीएफ जवानों को सिविल कर्मचारी मानकर उन्हें ओपीएस से बाहर निकालकर एनपीएस में शामिल कर दिया।

# माल ढुलाई में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में रेलवे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की अर्थव्यवस्था को गति देने में भारतीय रेलवे की भूमिका आने वाले वर्षों में और ज्यादा अहम होने वाली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश ने 2030 तक 3,000 मिलियन टन माल ढुलाई क्षमता हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। जिसमें रेलवे की बड़ी भूमिका होगी।

### माल ढुलाई में रेलवे की कितनी हिस्सेदारी?

एसोचैम-एईएससीएलए की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलहाल माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी करीब 30 फीसदी है। जो आगे बढ़ने की बड़ी संभावनाएं दिखाती है।